वर्ष-31, अंक- 262, पृष्ठ-12 | असाढ़ शुक्ल पक्ष 14, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
09 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 10

## एक नजर

### राज्य कैबिनेट की बैठक 11 को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक शुक्रवार (11 जुलाई) को झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने मंगलवार को दी। कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर मुहर लगाई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे।

### नेतन्याहू ने ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए किया नामित

**वाशिंगटन (हि.स.)।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। नेतन्याहू ने सोमवार रात (अमेरिका के समयानुसार) व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ रात्रिभोज के अवसर पर मुलाकात की और उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार समिति को सौंपा गया पत्र भी भेंट किया। बाद में उन्होंने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान इस बात की जानकारी दी। एबीसी न्यूज और सीबीएस न्यूज के अनुसार, पत्रकारों से बातचीत में प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने राष्ट्रपति ट्रंप के शांति और सुरक्षा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ट्रंप एक के बाद एक क्षेत्र में शांति स्थापित कर रहे हैं।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल

महाराष्ट्र में भाषा विवाद पर बवाल




# कोल साइडिंग पर फायरिंग व आगजनी के अगले दिन पहुंचे आईजी-डीआईजी, घटनास्थल का किया निरीक्षण

- अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए कई बिंदुओं पर जांच के निर्देश, कहा- अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ (लातेहार)।** शुक्रवार की मध्यरात्रि फूलबसिया रेलवे कोल साइडिंग पर हुई गोलीबारी और हाईवा वाहन में आगजनी की गंभीर घटना के बाद मंगलवार को पलामू रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुनील भास्कर और पलामू प्रमंडल के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) नौशाद आलम निरीक्षण हेतु बालूमाथ पहुंचे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की गहन समीक्षा की और बालूमाथ अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि घटना की हर कोण से जांच करते हुए अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने साफ कहा कि ऐसे संगठित अपराध की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त निगरानी, गश्ती और खुफिया नेटवर्क को मजबूत करना होगा। अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस को कोल साइडिंग क्षेत्र में सुरक्षा प्रबंधन को और पुख्ता करने तथा संभावित आपराधिक गतिविधियों पर पूर्व जानकारी के लिए सूचना तंत्र को सक्रिय रखने को कहा। उन्होंने घटनास्थल पर ड्यूटी कर रहे पुलिस बल से भी जानकारी ली और हर गतिविधि को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि शुक्रवार की रात अज्ञात अपराधियों ने फूलबसिया रेलवे कोल साइडिंग के समीप खड़ी एक हाईवा ट्रक पर डीजल छिड़ककर आगजनी की थी और कई राउंड फायरिंग भी की थी। बाद में राहुल दुबे गिरोह द्वारा सोशल मीडिया पर घटना की जिम्मेदारी लेते हुए कोयला व्यवसायियों को लेवी वसूलने की धमकी दी गई थी। घटना से क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। निरीक्षण के दौरान बालूमाथ एसडीपीओ बीनोद रवानी, इंस्पेक्टर परमानंद बीरूआ, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, अमरवाडीह पीकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा, मोहम्मद मुख्तार सहित पुलिस बल के कई जवान मौके पर मौजूद थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही इस घटना में शामिल अपराधियों को चिन्हित कर गिरफ्तारी अभियान चलाया जाएगा और भविष्य में इस प्रकार की घटना रोकने के लिए सभी संवेदनशील स्थलों पर निगरानी बढ़ाई जाएगी।



### कंपनियों को भी सुरक्षा में निभानी चाहिए भूमिका: डीआईजी

**लातेहार।** पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम ने मंगलवार की सुबह लातेहार जिले के बालूमाथ में स्थित एसडीपीओ कार्यालय और चंदवा थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय और थाना परिसर में चल रही कार्यप्रणाली, लंबित मामलों की स्थिति और सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। डीआईजी ने बालूमाथ एसडीपीओ कार्यालय में कर्मियों की उपस्थिति, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और कार्यालय प्रबंधन को लेकर संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने एसडीपीओ विनोद रवानी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने चंदवा थाना का निरीक्षण किया, जहां हाजत में बंद एक अभियुक्त को बाहर निकालकर उससे घटना के संबंध में पूछताछ की। थाना परिसर की साफ-सफाई, दैनिक ड्यूटी रजिस्टर, आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, बिजली-पानी की सुविधा, और केस रिकॉर्ड जैसे विषयों की गहन समीक्षा की गई। थाना प्रभारी रणधीर कुमार से मिली जानकारी के आधार पर उन्होंने कहा कि थाने की व्यवस्था संतोषजनक है और पदाधिकारी बेहतर ढंग से कार्य कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने कहा कि पुलिस अपनी जिम्मेदारियां गंभीरता से निभा रही है, लेकिन औद्योगिक क्षेत्रों में काम कर रही कंपनियों को भी सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार कंपनियों के बड़े अधिकारी रांची या बाहर रहते हैं, जबकि स्थानीय स्तर पर कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं होती। ऐसे में सिर्फ पुलिस पर निर्भर रहना उचित नहीं है। कंपनियों को चाहिए कि वे निजी सुरक्षा गार्ड रखें और आपसी समन्वय बनाए रखें।

# गुमला पुलिस को बड़ी सफलता, जेजेपीएम का एरिया कमांडर सहयोगी समेत गिरफ्तार

- हथियार, कारतूस व मोबाइल फोन बरामद, बड़ी वारदात की थी साजिश

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** गुमला पुलिस ने उग्रवाद विरोधी अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। डुमरी थाना क्षेत्र के तांती जंगल से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेपीएम) के एरिया कमांडर प्रवीण एक्का उर्फ अड़िया और उसके साथी छोटू नायक को हथियारों और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रवीण एक्का अपने दस्ते के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही एसपी के निर्देश पर चैनपुर एसडीपीओ ललित मीणा के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल गठित किया गया। छापामारी टीम ने जब तांती जंगल में घेराबंदी की, तो कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। घेराबंदी कर दो संदिग्धों को मौके से दबोचा गया। पूछताछ में उनकी पहचान प्रवीण एक्का (उम्र 28 वर्ष, ग्राम सिरसी) और छोटू नायक (उम्र 27 वर्ष, ग्राम पुटरूंगी) के रूप में हुई, दोनों डुमरी थाना क्षेत्र के निवासी हैं। गिरफ्तारी के दौरान प्रवीण एक्का के पास से एक पिस्टल, एक मैगजीन, तीन जिंदा गोली और एक मोबाइल फोन, जबकि छोटू नायक के पास से एक देसी कट्टा (सिक्सर), दो जिंदा गोली और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। दोनों से हथियारों के वैध कागजात मांगे गए, लेकिन वे कुछ भी प्रस्तुत नहीं कर सके। जिसके बाद दोनों को विधिसम्मत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि प्रवीण एक्का के खिलाफ विशुनपुर थाना में कांड संख्या 23/25 के तहत आर्म्स एक्ट एवं सीएलए एक्ट के तहत मामला पहले से दर्ज है। एसपी हरीश बिन जमा ने इस कार्रवाई को बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि गुमला पुलिस लगातार नक्सल और उग्रवादी गतिविधियों के खिलाफ अभियान चला रही है। यह गिरफ्तारी उग्रवादी संगठन को कमजोर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हम ऐसे तत्वों को बख्शेंगे नहीं जो समाज और कानून के खिलाफ काम कर रहे हैं। साथ ही मैं झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति के तहत उग्रवादियों से अपील करता हूं कि वे हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटें, वरना पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी।

इस अभियान में एसडीपीओ ललित मीणा के अलावा डुमरी थाना प्रभारी अनुज कुमार, नक्सल शाखा के पु.अ.नि. मो. जहांगीर, पु.अ.नि. मनोज कुमार, स.अ.नि. रविन्द्र भारती, आरक्षी नीरज तिवारी एवं डुमरी थाना रिजर्व गार्ड शामिल रहे।

### सेना का नकली अधिकारी बन ठगी की कोशिश

## सतर्क व्यवसायी ने विफल किया साइबर धोखाधड़ी का प्रयास

- बताए खाते या बार कोड में बोली गई रकम डालते तो खाता खाली हो जाता

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** साइबर ठगी का अनूठा प्रयास विफल हो गया, पर व्यापार जगत में इसकी जोरदार चर्चा हो रही है। लगभग 15 दिन पहले विद्युत उपकरणों का व्यापार करने वाले एक व्यवसायी से व्हाट्सएप और फोन कॉल के माध्यम से एक व्यक्ति ने संपर्क किया। उसने खुद को कुणाल चौधरी के रूप में पेश किया और भारतीय सेना में एक अधिकारी होने का दावा किया। उसके व्हाट्सएप प्रोफाइल में सेना की वर्दी में एक व्यक्ति की तस्वीर दिखाई पड़ रही थी। व्यवसायी को थोड़ा अजीब लगा पर ग्राहकों में कोई भी हो सकता है, सोचकर उन्होंने बात की। अधिकारी बने नकली व्यक्ति ने एलटी पैनल के बारे में पूछताछ की, कीमत तय करने के बाद भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण से एक नकली खरीद आदेश भेजा, जिसमें डिलीवरी का पता सशस्त्र बल अकादमी, दीपाटोली लिखा था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेना शिविर के गेट पर सामान पहुंचने के बाद तुरंत भुगतान किया जाएगा। बाद में खुद को उसका वरिष्ठ बता रहे कुलदीप सिंह ने विक्रेता से भुगतान से पहले 'सत्यापन' के लिए उसके बैंक खाते में 5 रुपए की मामूली राशि जमा करने के लिए कहा। इससे विक्रेता के मन में गंभीर संदेह पैदा हुआ और उन्होंने डिलीवरी रोकने का फैसला किया। आगे की जांच और सत्यापन के बाद व्यवसायी को 7 जुलाई, 2025 को पता चला कि पूरा लेन-देन का मायाजाल, एक साइबर घोटाले का हिस्सा था। यदि वे 5 रुपए उनके बताए खाते या बार कोड में डालते तो उनका खाता खाली हो सकता था। इसके लिए फर्जी पहचान बनाई गई थी, भारतीय सेना के नाम का दुरुपयोग किया था, और विक्रेता को बिना भुगतान के सामान भेजने के लिए जालसाजी करने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे। विक्रेता ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन (1930) को घटना की सूचना दी। हालांकि, साइबर अपराध रिपोर्टिंग प्रणाली की लंबी प्रक्रिया के कारण अधिकृत साइबर अपराध अधिकारी से जुड़ने में लगभग 10 कॉल करने पड़े।

व्हाट्सएप चैट, फोन नंबर और फर्जी खरीद आदेश सहित सभी प्रासंगिक सामग्रियों को सुरक्षित रखा गया है और अधिकारियों के साथ साझा किया गया है। वर्तमान में साइबर अपराध अधिकारियों द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है। इधर, भुक्तभोगी व्यवसायी ने सभी आपूर्तिकर्ताओं और व्यवसायियों से अनुरोध किया है कि वे ऐसे संदिग्ध आदेशों के जाल में फंसने से बचें और सावधानी बरतें, खासकर उन आदेशों से जो सेना, सरकार या अन्य संस्थाओं के नाम का उपयोग करते हैं।

**संदिग्ध स्थितियों फंसने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन से सपर्क करें**

यदि आप भी इसी तरह के संदिग्ध स्थितियों का सामना करते हैं, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 या आधिकारिक पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू. साइबरक्राइम. जीओवी.इन के माध्यम से इसकी रिपोर्ट करें।

> यह महत्वपूर्ण है कि हम सतर्क रहें और संदिग्ध आदेशों में पहले हर विवरण को सत्यापित करें। मुझे उम्मीद है कि मेरे साथ घटी घटना से दूसरों को इसी तरह के जाल में फंसने से बचने में मदद मिलेगी।
>
> **- भुक्तभोगी व्यवसायी।**

### झारखंड में रेडियोलॉजी सेवाओं को मिलेगा नया आयाम

# रांची सदर अस्पताल में स्थापित होगा आधुनिक रेडियोलॉजी हब

- यह हब 24 गुणा 7 टेलीरेडियोलॉजी रिपोर्टिंग केंद्र के रूप में करेगा काम

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य में रेडियोलॉजिस्टों की भारी कमी को देखते हुए रांची सदर अस्पताल में एक अत्याधुनिक रेडियोलॉजी हब स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस हब के माध्यम से राज्य के सभी सदर अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को डिजिटल रूप से जोड़ा जाएगा। यह जानकारी देते हुए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि इस पहल का उद्देश्य दूरदराज और संसाधनविहीन क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को तत्काल, सटीक और डिजिटल रेडियोलॉजिकल रिपोर्टिंग की सुविधा देना है। अजय कुमार सिंह ने कहा कि हब में कार्यरत

शेष पेज 11 पर...

**गंभीर बीमारियों की हो पाएगी शीघ्र पहचान**

राज्य में वर्तमान में रेडियोलॉजिस्टों की भारी कमी से स्वास्थ्य प्रणाली प्रभावित हो रही है। इस नई पहल से न केवल चिकित्सा रिपोर्टिंग प्रणाली दक्ष बनेगी, बल्कि गंभीर बीमारियों की शीघ्र पहचान और उपचार संभव हो सकेगा। यह कदम झारखंड की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

**रेडियोलॉजी हब विकसित करने का मुख्य उद्देश्य**

- छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में रेडियोलॉजी की सुविधा सुनिश्चित करना।
- टर्नअराउंड समय कम करके रोगियों को त्वरित निदान उपलब्ध कराना।
- स्वास्थ्य सेवा में एआई आधारित इमेजिंग तकनीक को बढ़ावा देना।
- शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की विषमता को कम करना।

**बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए बेहद सजग हैं मुख्यमंत्री सोरेन**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आम लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के निर्माण के लिए बेहद सजग और प्रतिबद्ध हैं। हेमंत सरकार कई स्वास्थ्य योजनाएं भी चला रही है। अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, सरकारी कर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना इनमें प्रमुख हैं। अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना में पात्र लोगों का 15 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त होता है।

शेष पेज 11 पर...

## इंडिया

# हिंदी विरोध तो बहाना है मकसद खोई नेतागिरी चमकाना है



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

आजकल सोशल मीडिया पर समाज का हाल सबसे तेजी से फैलाया जाता है और इससे एक फील्ड टेस्टिंग हो जाती है जिसमें पश्चिमी देश विशेषतया अमेरिका माहिर रहा है और भारत सबसे पीछे । फील्ड टेस्टिंग सही तरीके से की जाए तो उसके नतीजों से भविष्य की रणनीति बनाने में बहुत मदद मिलती है । आजकल जबसे बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में सक्रिय हुईं हैं तब से यह प्रयोग चलन में है और अब राजनीति में इसका खुल कर प्रयोग हो रहा है । हाल में कर्णाटक,तमिलनाडु के बाद मुंबई में हिंदी विरोध की राजनीति भी इसी फील्ड टेस्टिंग की रणनीति के तहत की जा रही है ताकि अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन हासिल की जा सके । सोशल मीडिया में ही जिस तेजी से इस पुरानी राजनीतिक चाल का जवाब दिया जा रहा है उससे राजनीतिक पंडित भी सकते में हैं क्योंकि दशकों पहले आजमाए गए दांव-पेंच अब बदले हुए माहौल में वोट में बदलेंगे इसमें संदेह है । दूसरा बड़ा कारण बाला साहब ठाकरे के कट्टर हिंदू स्टैंड के बजाय कथित धर्मनिरपेक्ष विचार और पूर्व विरोधियों से गठजोड़ ने मराठा मानुष को ठाकरे के बजाय शिंदे की शिवसेना की ओर मोड दिया है । मराठी की पहचान वीरता के प्रतीक मराठा इतिहास से जुड़ा है जिस पर आज भी महाराष्ट्र को गर्व है और उस विचारधारा के साथ खुलेआम भाजपा खड़ी है न कि मनसे । 1960 के दशक में महाराष्ट्र और गुजरात के विभाजन के बाद से महाराष्ट्र में मराठी अस्मिता की राजनीति समय–समय पर उभरती रही है। फिलहाल ठाकरे बंधुओं ने केंद्र की शिक्षा नीति को निशाना बनाया है जिसमें हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव है। हालांकि उनकी रैली से पहले ही सरकार ने तीन भाषा नीति से जुड़े अपने आदेश वापस ले लिए, फिर भी रैली का आयोजन किया गया, तो इसकी वजह राजनीतिक ही है।कर्नाटक और तमिलनाडु की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी हिंदी थोपने के आरोप के बहाने स्थानीय भाषा बोलने वालों की भावनाएं भड़काने की रणनीति नई नहीं हैं। यह एक तरह का राजनीतिक अवसरवाद है, जिसका इस्तेमाल वोटों की खातिर होता रहा है। जब राजनीतिक दलों और नेताओं का राजनीतिक अस्तित्व



खतरे में हो, तो इस रणनीति से ही उम्मीद बचती है, लेकिन उद्धव ठाकरे जिस तरह से गुंडागर्दी को जायज साबित करने की कोशिश कर रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि उन्होंने भाषा को ही राजनीतिक हथियार बना लिया है। जब वह मुंबई व महाराष्ट्र की सत्ता हथियाने की बात करते हैं, तो यह बयान उनकी मंशा को और स्पष्टता के साथ उजागर करता है। अपनी सुविधा के लिए कभी उनका कांग्रेस के साथ खड़ा होना, तो कभी हिंदुत्व के मान बिंदु बन जाना उनकी राजनीति का तरीका है, जिसका भाषा व संस्कृति से कुछ लेना-देना नहीं है। हिंदी को थोपा गया बताकर ठाकरे बंधु जिस तरह का विमर्श खड़ा कर रहे हैं, वह भ्रामक होने के साथ राष्ट्रीय एकता को भी नुकसान पहुंचा सकता है।हिंदी निस्संदेह भारत की संपर्क भाषा है, जिसे अधिसंख्य जनता समझती है। हिंदी की ऐसी स्वाभाविक स्वीकार्यता के बावजूद उसे खतरे के रूप में पेश करना तर्कसंगत नहीं दिखता। इतिहास गवाह है कि संकीर्ण क्षेत्रीयता और भाषाई उन्माद लंबे समय तक नहीं टिकता।महाराष्ट्र की जनता समझदार है और उसकी नजर इस पर भी होगी कि इन नेताओं को आखिर क्यों मराठवाड़ा में किसानों की दुर्दशा नहीं दिखती। जनता को चाहिए कि वह ऐसी विभाजनकारी राजनीति को नकारे, क्योंकि भाषा जोड़ने का माध्यम होना चाहिए, न कि समाज को तोड़ने का औजार। भाषाएं सभी अच्छी हैं। अपने स्वार्थ के लिए इस विषय को राजनीतिक बनाने से स्थितियां खतरनाक मोड़ ले सकती हैं। यदि इसे ठाकरे बंधु जो अभी राजनीतिक फायदे के लिए एक हुए हैं और हवा देंगे तो झारखंड के सांसद के 'बड़े बॉस हो तो बिहार,यूपी,तमिलनाडु में उर्दू,तमिल और तेलुगु भाषियों को भी पीटो' जैसे बयान और उस पर सीएम फड़णवीस का बयान कि इसे सभी पर लागू नहीं किया जा सकता सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। गैर-मराठी व्यापारियों के विरोध मार्च के जवाब में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) रैली करने वाली थी उसे कानून व्यवस्था का हवाला देकर पुलिस ने अनुमति नहीं दी और ठाणे पुलिस ने मनसे नेता अविनाश जाधव को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने राज ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के सात सदस्यों को मराठी न बोलने पर एक फूड स्टॉल मालिक पर हमला करने के आरोप में हिरासत में लिया था । इस मामले में व्यापारी समाज एक बड़ा विरोध प्रदर्शन करने वाला था लेकिन उससे पहले ही नेता को हिरासत में ले लिया गया । मुंबई भारत की व्यावसायिक राजधानी के साथ हिंदी फिल्म उद्योग का केंद्र है यदि आज के वैश्विक युग में जब भाषा के विरोध का कोई अर्थ नहीं, इस क्षुद्र राजनीति को नहीं रोका गया तो भारत की छवि तो खराब होगी ही दक्षिण भारतीय फिल्मों के कारण डगमगाते फिल्म उद्योग की नैया और डगमगाने लगेगी जिसे मुट्ठी भर मराठी भाषी नहीं संभाल पाएंगे।

# पीएम मोदी को मिलेगा एक और देश का सर्वोच्च सम्मान



- ब्राजील में 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से होंगे सम्मानित

**रियो डी जेनेरियो (आईएएनएस)।** अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की लगातार साख बढ़ रही है। पीएम नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक कुशलता ने देश को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। इसका ताजा उदाहरण घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो के बाद अब ब्राजील में देखने को मिलेगा, जहां प्रधानमंत्री मोदी को सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वक्त पांच देशों के विदेश दौरे पर हैं। वह इस यात्रा के चौथे पड़ाव में ब्राजील के शहर रियो डी जेनेरिया पहुंचे, जहां उन्होंने 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शिरकत की। पीएम मोदी को ब्राजील में का सर्वोच्च सम्मान मिलेगा। ब्राजील प्रधानमंत्री मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से सम्मानित करेगा।

इससे पहले त्रिनिदाद और टोबैगो ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' से सम्मानित किया। पीएम मोदी त्रिनिदाद और टोबैगो के 'ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' से सम्मानित होने वाले पहले विदेशी नेता बन गए। घाना में उन्हें 'ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' सम्मान से सम्मानित किया गया था।

शेष पेज 11 पर...

## समाजसेवी कृष्णा क्रांतिकारी की माता का निधन

**हरिहरगंज (पलामू)।** समाजसेवी कृष्णा क्रांतिकारी की 77 वर्षीय मां नगीना देवी का सोमवार को ब्रेन हेमरेज से निधन हो गया। उन्हें नारायण मेडिकल कॉलेज, जमुहार में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनका देहांत हो गया। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार बटाने नदी घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पति महेंद्र प्रसाद ने दी। इस दुखद मौके पर भाजपा के राजीव रंजन, बसपा के प्रमोद कुमार रवि, अवध गुप्ता, दिनेश प्रसाद, श्याम सुंदर प्रसाद, पवन गुप्ता, संतोष प्रसाद सहित अन्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

# लापता ताबिश का शव नहर से मिला, हत्या की जताई आशंका





● परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला धरहरा निवासी अकील अहमद के 24 वर्षीय पुत्र ताबिश अनवर का शव मंगलवार को उत्तर कोयल नहर से बरामद हुआ। वह 6 जुलाई की रात से लापता था। शव मिलने की सूचना पर हुसैनाबाद थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भेज दिया। शव पर चोट के निशान और पॉकेट से नशीली दवा मिलने से मामला संदिग्ध हो गया है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने अब तक आवेदन नहीं दिया है, लेकिन हत्या की आशंका जताई है।

## बटाने डेम में डूबने से बुजुर्ग की मौत



**छतरपुर (पलामू)।** छतरपुर थाना क्षेत्र के गोसाई डीह निवासी रामसुदर यादव (60 वर्ष) पिता स्व. सम्पत यादव की मौत बटाने डेम में डूबने से हो गई। मृतक के पुत्र कुणाल कुमार ने बताया कि उनके पिता रोजाना की तरह सोमवार को मवेशी चराने निकले थे लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे रातभर परिजन उनकी खोजबीन करते रहे, पर कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों को बटाने डेम में शव दिखा, जिसकी सूचना परिजन को दी गई। शव को बाहर निकालकर छतरपुर थाना लाया गया, जहां पुलिस ने अपनी प्रक्रिया पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला डूबने का प्रतीत होता है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट होगा। घटना से गांव में शोक का माहौल है।

# 16 जुलाई तक छूटे राशन कार्डधारकों की ई-केवाईसी कराना अनिवार्य



अन्यथा रद्द होंगी डीलरों की अनुज्ञप्ति, मिले चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रभारी एमओ मनोज कुमार की अध्यक्षता में पीडीएस दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सभी डीलरों को 16 जुलाई तक छूटे हुए कार्डधारकों की ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूरा कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि तक प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर डीलरों की अनुज्ञप्ति रद्द कर दी जाएगी। बैठक में बताया गया कि जो राशन कार्डधारी छह माह से राशन नहीं उठा रहे हैं, या सरकारी नौकरी में रहते हुए कार्ड सरेंडर नहीं किए हैं, उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी एमओ ने बाहर रहनेवाले लाभुकों से संपर्क कर सत्यापन कराने का निर्देश दिया ताकि बाद में शिकायत न हो कि उनका नाम कट गया। डीलरों को ई-केवाईसी पूर्ण लाभुकों की सूची तैयार कर आपूर्ति विभाग में जल्द जमा करने को भी कहा गया। बैठक में पीडीएस दुकानदार अभिमन्यु सिंह, उमेश पासी, लल्लू कश्यप, अजीत गुप्ता, विजय पासवान, मिथिलेश राम, रमेश, उदय यादव, विजय प्रसाद कुशवाहा, जमील अहमद, प्रवीण कुमार, अजीत चौधरी, अरविंद सिंह, ललन पासवान, राजेन्द्र प्रसाद, आशा कुंवर, भोला राम, सूरज पासवान सहित अन्य डीलर मौजूद थे।

# अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

▶ पुलिस ने की कार्रवाई, माफियाओं में मचा हड़कंप



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू)।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सुलतानी बलरा पहाड़ी चौक के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया है। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि पुलिस कार्रवाई के दौरान चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। जब्त ट्रैक्टर को थाना परिसर में रखा गया है और मामले की सूचना खनन विभाग को देकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से इलाके के बालू माफियाओं में हड़कंप मचा है।

## तैलीक साहू समाज के अध्यक्ष रमेश साहू के निधन पर शोक

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** तैलीक साहू समाज के लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष रमेश साहू के आकस्मिक निधन से समाज में शोक की लहर है। प्रमंडलीय अध्यक्ष रामदास साहू ने शोकसंतप्त परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया। रामदास साहू ने कहा कि रमेश साहू समाज के एक सक्रिय, जिम्मेदार और मिलनसार व्यक्तित्व थे। उनका जाना समाज के लिए बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं। मौके पर ललन साहू, राजा गुप्ता, अजय साहू समेत कई समाजसेवी मौजूद रहे।

## सिटीजन फीडबैक प्रशिक्षण में समूह की महिलाओं को मिला मार्गदर्शन



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के सिटीजन फीडबैक को लेकर आजीविका मिशन कार्यालय में महिला समूह की सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने किया। उन्होंने समूह कैडर व नागरिकों को सिखाया कि किस प्रकार ऑनलाइन एप के माध्यम से फीडबैक दर्ज किया जाए। प्रशिक्षण में बीपीएम सुरेंद्र कुमार ने कहा कि सभी कर्मियों और समूह की महिलाओं को इस अभियान में सक्रिय सहयोग देना चाहिए ताकि प्रखंड को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छी स्थिति मिल सके।

## बेरोजगारी बनी सबसे बड़ी चिंता, सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत

**पंडवा पलामू।** समाजसेवी बलराम विश्वकर्मा ने युवाओं की बेरोजगारी को राज्य की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए सरकार से ठोस नीति की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन आज भी हजारों युवा रोजगार के अभाव में पलायन को विवश हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार नागरिकों के मूल कर्तव्यों और जनहित को प्राथमिकता नहीं देगी तो स्थिति और बिगड़ सकती है। रोजगार सृजन और व्यावसायिक प्रशिक्षण की दिशा में ठोस योजनाएं बनानी होंगी, तभी युवाओं को आश्वस्त किया जा सकता है।

# पीएमश्री विद्यालय में दो मंजिला भवन निर्माण का शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने मंगलवार को स्थानीय पीएमश्री प्लस टू उच्च विद्यालय में झारखंड राज्य शिक्षा परिषद से स्वीकृत दो मंजिला 10 अतिरिक्त वर्ग कक्षों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने हेतु शिक्षकों को निर्देश दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक से विश्वकर्मा-महादेव मंदिर की चारदीवारी निर्माण, छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था सुधारने की मांग रखी। वहीं, युवा राजद नेता सिद्धार्थ कुमार ने रविवारीय बाजार के समीप कोयल नदी पर गवर्नर रोड से उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। विधायक ने सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का आश्वासन दिया। मौके पर वरिष्ठ राजद नेता कलामुद्दीन खान, युवा नेता रवि कुमार सिंह यादव, गणेश मेहता, मनोज सिंह, बालेश्वर यादव, सुर्यदेव यादव, प्रभु यादव, बशीर खान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रामबचन बैठा, झामुमो नेत्री रानी देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। इससे पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने विधायक का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

# कॉलेज के संस्थापक सचिव सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की 81वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

◀◀ शिक्षा को सेवा का माध्यम मानने वाले व्यक्तित्व पुरुष को भावभीनी श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर (पलामू)।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज परिसर में मंगलवार को कॉलेज के संस्थापक सचिव स्व. सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की 81वीं जयंती श्रद्धा, भावनात्मकता और संकल्प के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी स्मृति को नमन करते हुए अनेक वक्ताओं ने उन्हें शिक्षा, सेवा और सामाजिक चेतना का अद्वितीय उदाहरण बताया।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित राणा रंजीत पहाड़ी द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। श्रद्धांजलि सभा में कॉलेज परिवार, विद्यार्थी, अभिभावक और गणमान्य अतिथियों की भावुक उपस्थिति रही।

प्रभारी प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने स्वागत भाषण में कहा, 'श्रद्धेय अग्रवाल जी ने शिक्षा को व्यवसाय नहीं, समाजसेवा और जन-जागरण का माध्यम माना। आज हम सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।'

आर्किटेक्ट प्रभात कुमार अग्रवाल ने कहा कि उनके पिता सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल का जीवन समाज के लिए प्रकाश स्तंभ है। 'उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा का बीजारोपण किया, जिसे हम नई ऊंचाइयों तक ले जाने को कृतसंकल्पित हैं।'

डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने स्पष्ट कहा कि 'पिता जी ने जिस यूनिवर्सिटी का सपना देखा था, वह हर हाल में पूरा होगा। यह केवल एक पारिवारिक नहीं, बल्कि सामाजिक संकल्प है।'

इंटीरियर डेकोरेटर प्रीति अग्रवाल ने कहा कि 'सत्यदेव जी के सिद्धांत, मूल्य और कर्म हमें निरंतर प्रेरणा देते हैं। हम सब उनका अधूरा कार्य आगे बढ़ाएंगे।'

डॉ. राजकुमार उजाला ने कहा कि उनके प्रयासों से यह कॉलेज शिक्षा का केंद्र बना। हम सभी को उनके पदचिन्हों पर चलना होगा।

प्रेम भसीन, नवीन कुमार सहाय, अरविंद कुमार गुप्ता 'चुनमुन', अनिरुद्ध पासवान, राजमुनि सिंह, प्राचार्य स्वस्ति कुमारी सहित अनेक वक्ताओं ने सत्यदेव जी के सेवा कार्यों और शिक्षण दर्शन को भावुकता के साथ याद किया।

कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा नाटक, गीत और नृत्य प्रस्तुत कर उनकी स्मृति को जीवंत किया गया। छात्राएं माही पांडेय, ब्यूटी कुमारी, मानसी, सगुफ्ता प्रवीण, श्रेया, प्रिया और सुमन कुमारी की प्रस्तुति को सराहना मिली। कार्यक्रम का सुंदर संचालन प्रो. राजमोहन जी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अमित कुमार सिंह ने किया। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक, अभिभावक व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में जलसहिया शशिबाला ने हासिल किए 93 अंक



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण-2025) के तहत चचेरिया गांव की जलसहिया शशिबाला देवी (पति- विक्रमा सिंह) ने 100 में 93 अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह जानकारी ब्लॉक वॉश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे एसबीएम एकेडमी के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित 10 प्रश्नों के उत्तर एप के माध्यम से दिए गए थे। इसमें प्रखंड की अन्य जलसहियाओं शाहजहां बेगम (बलडिहरी), कान्ति देवी (कोल्हुआ-सोनबरसा), जुबेदा खातून (रसूलपुर), शारदा देवी (अधौरा), सोना देवी (लटपौरी), प्रभावती देवी (तारा), पूनम देवी (रानीदेवा) और शकुन्तला देवी (भजनीयां) ने भी भाग लिया और उत्तीर्णता प्राप्त की। इन सभी को स्वच्छ भारत मिशन एकेडमी द्वारा ऑनलाइन प्रमाणपत्र जारी किया गया है। जलसहिया शशिबाला के उत्कृष्ट प्रदर्शन से अन्य जलसहियाओं में भी उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ है। इससे ग्रामीण स्वच्छता मिशन के प्रति दायित्वबोध और निष्ठा में भी वृद्धि हुई है। सर्वेक्षण में जेएसएलपीएस की दीदियों की भी भागीदारी बढ़ रही है, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता अभियान को और मजबूती मिलेगी। इस उपलब्धि से यह संकेत भी मिला है कि उचित मार्गदर्शन और तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से जमीनी कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं।

## पल्लवी कुमारी ने दिया कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर योगदान



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय आशिक नगर में मंगलवार को कंप्यूटर ऑपरेटर (आईसीटी) पद पर पल्लवी कुमारी ने योगदान दिया। विद्यालय परिवार ने उनका स्वागत किया और उनके कार्यकाल को सफल व जिम्मेदार बनाने की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने आशा जताई कि पल्लवी कुमारी तकनीकी दक्षता से छात्रों को लाभान्वित करेंगी और अपने कर्तव्यों का निष्ठा से निर्वहन करेंगी। स्थानीय ग्रामीणों ने भी तकनीकी शिक्षण के विस्तार की सराहना की।

**परेशानी** | भारी बारिश में टूटी राजबारा पुलिया, दर्जनों गांवों का संपर्क टूटा

# ग्रामीणों ने प्रशासन से की तत्काल मरम्मत की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र में भारी बारिश के चलते राजबारा नदी की पुलिया टूट गई है, जिससे कई पठारी गांवों का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। इन गांवों में रामगर, रजनडीह, झरीवा, नदीपर, गोलापत्थर, माहुर, भरूही, लोहबंधा, फटहा, जीतामाटी आदि शामिल हैं। राजनडीह से महुडंड तक की सड़क पीएमजीएसवाई के तहत बनी थी लेकिन झरीवा से नदीपर तक पक्कीकरण नहीं हुआ, जिससे अब यह मार्ग भी चलने लायक नहीं है। वहीं रामनगर के ग्रामीणों ने श्रमदान से जो कच्ची सड़क और पुलिया बनाई थी, वह भी पहली ही बारिश में बह गई। अब इन गांवों से प्रखंड मुख्यालय, अस्पताल, बाजार और रेलवे स्टेशन तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। ग्रामीण रामजन्म राम, सुशील मेहता, विनोद यादव, सत्येंद्र यादव समेत कई लोगों ने प्रशासन से शीघ्र मरम्मत और वैकल्पिक मार्ग की मांग की है।

## न्यूज | बॉक्स

### परंपरागत खेल में हुसैनाबाद खलीफा मोहल्ला की टीम अव्वल



**हुसैनाबाद।** मुहर्रम की 11वीं की देर शाम इमामिया कमेटी मस्जिद मोहल्ला हैदरनगर के तत्वावधान में पारंपरिक हथियारों की प्रतियोगिता आयोजित हुई। उद्घाटन जेएमएम के वरिष्ठ नेता और जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह एवं एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में दर्जनों गांवों की टीमों ने भाग लिया, जिसमें हुसैनाबाद के खलीफा मोहल्ला की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता टीम में फैज कादरी, साबिर अली, असफाक, दानिश इदरीसी, सलाम खलीफा, अहमद, जावेद, तालिब, अरमान, कलाम, असलम, प्रिंस आदि शामिल थे। मुख्य अतिथि आलोक सिंह, एसडीपीओ याकूब, सीओ संतोष कुमार और थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनकी सराहना की। कार्यक्रम में इमामिया कमेटी के शमीम राईन, डॉ. अमीनुल हक, मोहम्मद बबलू समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### उत्तर कोयल नहर में जलप्रवाह बढ़ा, पर सीमित दायरे तक ही पहुंचा पानी



**मोहम्मदगंज।** उत्तर कोयल दायीं मुख्य नहर में भीमबराज से मंगलवार को जलप्रवाह को 350 से बढ़ाकर 740 क्यूसेक कर दिया गया है। लेकिन अभी भी यह प्रवाह झारखंड सीमा के अंतर्गत 95 आरडी तक ही सीमित है। इस दायरे में पंचपोखरी गेट नंबर 30, केवालपर 44 और सिमरसोत 64 से पहले तक के खेतों में सिंचाई के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर क्षेत्र को जल आपूर्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसके पीछे दो लघु वितरणियों में गेट का अधूरा कार्य और कमजोर लाइनिंग कार्य को जिम्मेदार बताया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यदि वर्तमान स्थिति में जलप्रवाह बढ़ाया गया तो नहर को नुकसान पहुंच सकता है। यही कारण है कि भीमबराज से नियंत्रित तरीके से पानी छोड़ा जा रहा है। स्थानीय किसानों का कहना है कि सीमित जलप्रवाह से कुछ क्षेत्रों को तो लाभ मिला है, लेकिन बड़े हिस्से में अब भी खेत सूखे हैं। उन्होंने जल संसाधन विभाग से नहर की मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा करने और जल वितरण को व्यापक क्षेत्र में बहाल करने की मांग की है।

### हैदरनगर में मुहर्रम की 11वीं पर निकला जुलूस, हुआ खेल-तमाशे का आयोजन

**हैदरनगर।** सोमवार देर शाम हैदरनगर में मुहर्रम की 11वीं पर पारंपरिक जुलूस निकाला गया। शेष सीपड़ और ताजिया के साथ निकले इस जुलूस ने चौक बाजार, बस स्टैंड होते हुए भाई बिगहा पहुंचकर मिलनी की रस्म अदा की। इस दौरान मस्जिद रोड, चौक बाजार और भाई बिगहा में खिलाड़ियों द्वारा चिरागन और खेल तमाशों का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, सीओ संतोष कुमार और थाना प्रभारी अफजल अंसारी समेत प्रशासनिक अधिकारी भी इस आयोजन में मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। आयोजन स्थल पर पूर्व मुखिया सफीउल्ला खान, सज्जू खान, राजू खान, पाले खान, डॉ. अमीनुल हक अंसारी समेत कई समाजसेवी उपस्थित थे। समाजसेवियों ने बताया कि इस बार दो प्रमुख सिपड़ों के अलावा अन्य क्षेत्रों ने 10वीं मुहर्रम की ही पहलाम की रस्म पूरी कर ली थी। आयोजन शांतिपूर्ण रहा और पुलिस-प्रशासन की सक्रियता के कारण किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति नहीं उत्पन्न हुई।

### मुस्लिम समाजसेवियों की बैठक, 'उम्मीद ऑर्गेनाइजेशन' का हुआ गठन

**हुसैनाबाद।** मंगलवार को मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर में मुस्लिम सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी जमील अहमद उर्फ आरजू खान ने की, जबकि संचालन जुबैर अहमद ने किया। बैठक में मुस्लिम समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता, स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सजगता, असहायों की मदद और नशा मुक्त समाज बनाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सर्वसम्मति से सर्वसम्मति से ह्यूसैनाबाद उम्मीद ऑर्गेनाइजेशनह्न का गठन किया गया। संस्था के संरक्षक के रूप में शेर अली, जमील अहमद, जुबैर अहमद, अफजल खान और सैयद मशरूर अहमद को चुना गया। अध्यक्ष पद पर मोईन खान, सचिव मो. इसरार आलम (हरिहरगंज), उपाध्यक्ष कासिम सिद्दीकी व कैश सिद्दीकी को नियुक्त किया गया। सह-सचिव बने कामरान खान, महताब खान और इबरार खान। कोषाध्यक्ष अफरोज आलम, महफूजल रहमान और दिलजान अंसारी को बनाया गया। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी शेख मुजाहिद को दी गई। बैठक में अराफात शमशाद, अबरार खान, मो. फैज, अख्तर रजा कादरी, इमरान खान, वारिश राईन, मदरसा अध्यक्ष फिरोज सिद्दीकी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### आषाढ़ मास की गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई को, श्रद्धा और कृतज्ञता का पर्व

**हैदरनगर।** गुरु पूर्णिमा को लेकर क्षेत्र में श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। इस पर्व की विशेषता पर प्रकाश डालते हुए वयोवृद्ध पंडित कुंडल तिवारी ने कहा कि यह दिन गुरु के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता प्रकट करने का दिन होता है। उन्होंने बताया कि महर्षि वेदव्यास का जन्म भी आषाढ़ पूर्णिमा को ही हुआ था, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। वेदव्यास जी ने महाभारत रचना की और इसी दिन शिष्यों को भागवत पुराण का ज्ञान भी दिया। पंडित तिवारी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा न केवल आध्यात्मिक गुरु बल्कि जीवन के सभी ज्ञानदाताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई की रात्रि 1:36 बजे से प्रारंभ होकर 11 जुलाई की रात्रि 2:06 बजे तक रहेगी, लेकिन उदया तिथि के अनुसार यह पर्व 10 जुलाई को ही मनाया जाएगा। पंडित तिवारी ने गुरु को आत्मिक उन्नति और जीवन की दिशा निर्धारण करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि गुरुओं के मार्गदर्शन से ही व्यक्ति सच्चे अर्थों में जीवन के उद्देश्य को प्राप्त करता है।

## राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर अभाविप ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



● राष्ट्र के लिए समर्पण का लिया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना के 77वें वर्ष के उपलक्ष्य में मंगलवार को मेदिनीनगर इकाई द्वारा जीएलए कॉलेज मैदान में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चार टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें सोल टक्कर इलेवन विजेता और वृंदावन इलेवन उपविजेता रही। बेस्ट बैट्समैन धोनी कुमार, मैन ऑफ द मैच नमन और मैन ऑफ द सीरीज बबलू घोषित किए गए। मुख्य अतिथि राकेश कुमार सिंह और मंगल सिंह ने कहा कि परिषद युवाओं के भीतर राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने वाला संगठन है। नगर अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार सेठ ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सह छात्रा प्रमुख दीक्षा कुमारी ने किया और संयोजन गगन कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन नगर मंत्री उत्कर्ष तिवारी ने किया। मौके पर परिषद के पूर्व कार्यकर्ता, व्यवसायी और सैकड़ों युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

# पांकी व सदर सीओ पर राइट टू सर्विस एक्ट के तहत जुर्माना लगाने का आदेश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मंगलवार को उपायुक्त समीरा एस ने समाहरणालय सभाकक्ष में राजस्व से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व वसूली को प्राथमिकता दी जाए और सभी अवरोधों को दूर किया जाए।

खनन विभाग की समीक्षा में बताया गया कि अब तक लक्ष्य का केवल 13% राजस्व प्राप्त हुआ है। उपायुक्त ने खान निरीक्षक को खनन क्षेत्र में वसूली तेज करने का निर्देश दिया। वहीं, परिवहन विभाग ने 2230.59 लाख रुपये की वसूली की है, जो तय लक्ष्य के अनुपात में कम है। उत्पाद विभाग ने 14000 लाख रुपये के लक्ष्य में से जून माह तक 3117.01 लाख की वसूली की है। उपायुक्त ने उत्पाद अधीक्षक को लगातार छापेमारी का निर्देश दिया। बैठक में भू-लगान, दाखिल-खारिज, म्यूटेशन, भूमि सीमांकन आदि मामलों की भी समीक्षा की गई। म्यूटेशन मामलों में देरी को लेकर पांकी और सदर अंचल अधिकारियों पर राइट टू सर्विस एक्ट के तहत जुर्माना लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, और सभी अंचल अधिकारी उपस्थित रहे।

## सदिक चौक पर वाहन चेकिंग अभियान में 12 दोपहिया वाहन जब्त

● बिना हेलमेट व लाइसेंस के पकड़ाए चालक, कुल ₹24,270 का फाइन लगा

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** नगर क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर मंगलवार को सदिक चौक पर परिवहन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के क्रम में पाया गया कि कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट और बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहे थे। ऐसे कुल 12 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षा के तहत रखा गया है। जब्त वाहनों की सूची जिला परिवहन कार्यालय पलामू को अग्रसारित की गई।

08 जुलाई 2025 को जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त चालान फाइन की जानकारी के अनुसार, कुल 10 दोपहिया वाहनों पर 14,085 का फाइन निर्धारित किया गया है। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल चालक को शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में पकड़ा गया था, जिस पर 10,185 का चालान फाइन लगाया गया है। इस प्रकार कुल 24,270 की फाइन राशि का चालान जारी किया गया है, जिसकी सूचना संबंधित वाहन मालिकों को दी गई है। जिला परिवहन कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी। शहर थाना पुलिस और परिवहन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें, वैध लाइसेंस साथ रखें और शराब पीकर वाहन न चलाएं। आगामी दिनों में शहर के अन्य हिस्सों में भी ऐसे चेकिंग अभियान चलाए जाएंगे।

### मतदान केंद्रों पर बीएलए की नियुक्ति को लेकर राजनीतिक दलों संग हुई बैठक

## पांचों विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर पर एजेंट नियुक्त करें दल : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** आगामी चुनाव की तैयारियों के तहत मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा करना था।

उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों को बूथ स्तर पर एजेंट नियुक्त करने का निर्देश दिया है, ताकि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से हो सके। बीएलए संबंधित बूथ स्तर के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों पर राजनीतिक दलों को अपने अधिकृत प्रतिनिधियों के माध्यम से बीएलए की नियुक्ति करनी होगी। इसके लिए आयोग द्वारा निर्धारित फॉर्म बीएलए-1 और बीएलए-2 का प्रयोग अनिवार्य है, जिस पर अधिकृत व्यक्ति के मूल हस्ताक्षर आवश्यक होंगे। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बीएलए नियुक्ति संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देशों की प्रति भी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू सहित विभिन्न दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## फर्जी वेबसाइटों से जारी प्रमाण पत्रों पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

● जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र केवल आधिकारिक सीआरएस पोर्टल से बनवाने की अपील

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त-सह-जिला रजिस्ट्रार समीरा एस ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि फर्जी वेबसाइटों से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि केवल भारत सरकार द्वारा स्वीकृत आधिकारिक पोर्टल dc.crsorgi.gov.in के माध्यम से ही प्रमाण पत्र बनवाएं।

उपायुक्त ने कहा कि कई प्रज्ञा केंद्रों व इंटरनेट कैफे से फर्जी प्रमाण पत्र बनवाए जाने की शिकायत मिली है, जिससे न केवल आम नागरिक भ्रमित होते हैं, बल्कि सरकारी अभिलेखों की विश्वसनीयता भी खतरे में पड़ती है। सभी अंचलाधिकारी, नगर निकायों के प्रशासक, अस्पतालों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में अधिकृत पोर्टल की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं।

समीरा एस ने जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, समाज कल्याण पदाधिकारी, और सीएससी मैनेजर को भी फर्जी वेबसाइटों के माध्यम से जारी प्रमाण पत्रों की नियमित मॉनिटरिंग और जांच करने का निर्देश दिया है।

### पलामू सिविल सर्जन बने डॉ. अनिल श्रीवास्तव

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नए सिविल सर्जन के रूप में डॉ. अनिल श्रीवास्तव का नियुक्ति हुई है। डॉ. श्रीवास्तव ने बुधवार को अपना पदभार संभाल लिया। इससे पहले वे पलामू जिले के यक्ष्मा पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थे, जहां उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### गुरु पूर्णिमा पर यज्ञ और रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुवार को

**मेदिनीनगर।** पतंजलि परिवार और आर्य समाज द्वारा गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विशेष यज्ञ एवं गुरुदक्षिणा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन आर्य समाज, चैनपुर परिसर में प्रातः 8 बजे से होगा। साथ ही 10:30 बजे से रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा जिसमें नए रक्तदाताओं को प्रेरित किया जाएगा। आयोजकों ने आम नागरिकों से रक्तदान कर गुरु के प्रति आभार प्रकट करने की अपील की है।

## बड़ा तालाब में मत्स्य पालन शुरू नहीं हुआ, घटे जलस्तर और जलकुंभी के कारण हो रही देरी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के अंबेडकर पार्क स्थित बड़ा तालाब में मछली पालन शुरू करने में अब तक देरी हो रही है। हालांकि नगर निगम द्वारा बीते दिनों मत्स्यजीवी सहयोग समिति को तालाब में मछली पालन के लिए अनुमति दे दी गई थी, लेकिन अभी तक पालन कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

तालाब के जीर्णोद्धार के बाद, पिछले कई वर्षों से निगम ने तालाब में मछली पालन का कार्य करवाने की योजना बनाई थी। इस दौरान तालाब में मछली का जीरा डालने का काम किया गया। इसके लिए निगम ने नीलामी भी आयोजित की थी, जिसमें मत्स्यजीवी सहयोग समिति ने 70 हजार रुपये में टेंडर हासिल किया था।

समिति ने तालाब की सफाई का वादा किया था, लेकिन जलकुंभी की अधिकता और गंदगी के कारण मछली पालन कार्य शुरू नहीं हो सका है। इन समस्याओं के कारण तालाब का पानी कम होने और जलकुंभी के फैलने से मछली पालन में देरी हो रही है। हालांकि, पिछले दिनों हुई बारिश के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है, और तालाब में मछली का दाना नहीं डाला गया।

इस बाबत सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने बताया कि समिति को मछली पालन शुरू करने के लिए एक बार नोटिस भी दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही मछली पालन का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

तालाब के जीर्णोद्धार कार्य के बावजूद जलकुंभी के कारण स्थानीय लोग परेशान हो रहे हैं और अंबेडकर पार्क आने से कतराने लगे हैं। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि तालाब का प्रबंधन सही तरीके से किया जाए ताकि लोगों को समस्या का सामना न करना पड़े।

## पाटन के पाल्हे कला में सन्नाटा पुलिस तैनाती के बीच लोग घरों में कैद

**मेदिनीनगर।** मुहर्रम के अवसर पर हुए विवाद के बाद पाटन प्रखंड के पाल्हे कला गांव में मंगलवार को भी सन्नाटा छाया रहा। ग्रामीण भय और तनाव के माहौल में अपने घरों से बाहर नहीं निकले। कई लोग तो गांव ही छोड़कर अन्यत्र चले गए हैं। पास के गमहेथा, सधपुर सहित अन्य गांवों में भी यही स्थिति रही। गलियों में सन्नाटा पसरा था और मुख्य पथ पर वाहनों की आवाजाही लगभग ठप रही। धारा-144 लागू होने और पुलिस की सख्त तैनाती के कारण न तो लोग कचहरी जा सके, न ही दैनिक कामकाज के लिए निकले। ग्रामीणों में विशेष रूप से वे लोग प्रभावित हैं जो रोजाना मजदूरी के लिए शहर जाया करते थे। पाल्हे और सधपुर गांव में स्कूल खुले तो रहे, लेकिन बच्चों की अनुपस्थिति के कारण कक्षाएं खाली रहीं। इधर, शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पाटन थाना प्रभारी शशि शेखर पांडे, पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, किशुनपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार समेत पुलिस बल लगातार गश्त कर रहा है। आज पुलिस ने घटनास्थल से लावारिस हालत में एक क्षतिग्रस्त बाइक भी बरामद की है। माना जा रहा है कि हिंसक झड़प के दौरान बाइक को छोड़कर कोई भाग निकला होगा। घटनास्थल पर चप्पल और कपड़े भी मिले हैं, जो वहां हुई भगदड़ की पुष्टि करते हैं। स्थानीय बुजुर्गों ने घटना की तीखी निंदा करते हुए कहा कि कुछ शरारती तत्वों के कारण पूरा गांव पीड़ित हो गया है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए और जल्द से जल्द सामान्य माहौल बहाल किया जाए। पाटन थाना प्रभारी शशि शेखर पांडे ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है और संवेदनशील इलाकों में बल की तैनाती की गई है। बहुत जल्द क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी।

### पत्नी पर टांगी से हमला कर फरार हुआ पति, महिला की हालत गंभीर

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंसी टोला में मंगलवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां राजेन्द्र भुईयां नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी मीलू देवी पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। उसकी गर्दन और पीठ पर गहरे जख्म हैं। चीख-पुकार सुनकर उसका बेटा अखिलेश मौके पर पहुंचा, जिसे देखकर आरोपी राजेन्द्र मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल मीलू देवी को आनन-फानन में एनएमसीएच ले जाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# पलामू में अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मंगलवार को पलामू जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पहला हादसा सदर थाना क्षेत्र के जोरकट टोल प्लाजा के पास हुआ, जहां चियांकी निवासी विकेश कुमार सिंह (18) सतबरवा से लौटते समय ओवरटेक के दौरान बाइक से गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दूसरा हादसा पांडव थाना क्षेत्र के लोहड़ा पेट्रोल पंप के पास हुआ, जहां एक कार डिवाइडर से टकराकर कई बार पलटी। हादसे में कार चालक संजय प्रसाद (50), जो ठेकेदारी पेशे से जुड़े थे, की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पोखराहा में तेज रफ्तार कार की होमगार्ड की बस से टक्कर, चालक फरार



**मेदिनीनगर।** मंगलवार शाम लगभग 5 बजे सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पोखराहा के पास तेज रफ्तार टाटा पंच कार और होमगार्ड की बस की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक नशे में था और टक्कर के बाद मौके से भाग निकला। हालांकि इस हादसे में होमगार्ड बस में सवार किसी जवान को कोई चोट नहीं आई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### एनपीयू में आइसा का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

## छात्रों की मांगों की अनदेखी पर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ विरोध तेज

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) द्वारा छात्रों की लंबित मांगों और प्रशासनिक अनियमितताओं के खिलाफ मंगलवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया है।

धरना स्थल पर मौजूद आइसा जिला सचिव गौतम कुमार दांगी ने बताया कि परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट कई छात्रों ने आरटीआई के तहत री-जांच की कॉपियां मांगी हैं, लेकिन अब तक उन्हें उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसे उन्होंने पारदर्शिता के अधिकार का उल्लंघन बताया।

इसके अलावा पीएचडी नामांकन प्रक्रिया में हो रही देरी, पीजी सत्र 2024-26 के नामांकन की प्राथमिकता, जीएलए कॉलेज की गर्ल्स हॉस्टल का अब तक चालू नहीं होना और विश्वविद्यालय का एकेडमिक कैलेंडर जारी न होना जैसे मुद्दों पर भी उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया दी।

आइसा ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांती कुमारी, अभय सिंह सहित कई छात्र उपस्थित थे।

आइसा ने छात्रों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। धरने के जारीकर्ता राज्य उपाध्यक्ष रंजीत सिंह चेरो ने कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं।

**सकारात्मक पहल**

### जीएलए कॉलेज प्राचार्य ने विद्यार्थियों को दी नियमित कक्षा में भाग लेने की सलाह, कहा-

# शिक्षा सफलता ही नहीं, नैतिकता और जिम्मेदारी का मार्ग भी है

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** स्थानीय जीएलए कॉलेज परिसर में आज कॉलेज के प्राचार्य डॉ. इरकन जोन खलखो ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नियमित रूप से कक्षाओं में भाग लेने की अपील की।

उन्होंने कहा कि निरंतर अध्ययन और अनुशासन सफलता की कुंजी है। इससे न केवल परीक्षाओं में अच्छे अंक मिलते हैं, बल्कि विद्यार्थियों का समग्र व्यक्तित्व भी विकसित होता है।

इस मौके पर अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापिका डॉ. सुनीता सिंह, शिक्षक निशांत कुमार, शुभम कुमार, अमित कुमार, रूपाली पांडेय, नैन्सी पांडेय, अंशु कुमारी, करीना कुमारी, अर्चना कुमारी सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनके सवालों का उत्तर भी दिया और उन्हें कॉलेज की आगामी शैक्षणिक योजनाओं से अवगत कराया।

**विद्यार्थियों समय का सदुपयोग करें : प्राचार्य**

प्राचार्य डॉ. खलखो ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ परीक्षा पास करना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार और नैतिक नागरिक बनना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे समय का सदुपयोग करें और पढ़ाई को अपनी प्राथमिकता बनाएं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कॉलेज प्रशासन शीघ्र ही उपस्थिति की निगरानी और मूल्यांकन की व्यवस्था लागू करने की दिशा में काम कर रहा है ताकि छात्रों की नियमितता सुनिश्चित हो सके।

## सभी प्रधानाध्यापकों को समय पर यू-डायस भरने व एमडीएम रिपोर्टिंग के निर्देश

**बंशीधर नगर।** प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में मंगलवार को बीईईओ विजय पांडेय ने सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर शैक्षणिक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नव नामांकित बच्चों का यू-डायस प्लस में समय पर इंट्री, एमडीएम का 100% मैसेजिंग, ई-विद्या वाहिनी में उपस्थिति दर्ज करना, इंस्पायर अवार्ड व नवोदय रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने जैसे कई निर्देश दिए। उन्होंने 12 और 13 जुलाई को रसोइया-सह-सहायिका के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी सीआरपी को दी। ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल कार्यक्रम को भी सभी स्कूलों में सफलतापूर्वक लागू करने का निर्देश दिया गया। आगामी 16 जुलाई को विशेष कैंप में दिव्यांग बच्चों की जांच होगी। बैठक में बीपीओ तहमीना परवीन, बीआरपी श्रीकांत चौबे, एमआईएस कोऑर्डिनेटर राजकुमार कुशवाहा सहित सभी सीआरपी व प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

## अबुआ आवास योजना की जांच में सामने आए रिश्वत के आरोप



**भवनाथपुर।** पंचायत में अबुआ आवास योजना की शिकायत पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने मंगलवार को ढेकुलिया, बुका, लंगड़ी टोला और भवनाथपुर बस्ती का निरीक्षण किया। एसडीओ ने बताया कि गढ़वा उपायुक्त के निर्देश पर जांच की गई, जिसमें अधिकतर आवास निर्माण कार्य संतोषजनक पाए गए। हालांकि, ढेकुलिया टोला के लाभुक राजू कुमार ने बीडीसी चंदन ठाकुर पर आवास स्वीकृति के बदले 10 हजार रुपये की मांग और 3 हजार रुपये नकद लेने का आरोप लगाया। एसडीओ ने ललिता देवी, देवंती देवी, मंजू देवी, कुसुम देवी, कौशल्या देवी, मानती देवी और राजनाथ राउत समेत कई लाभुकों के आवास की भौतिक जांच की। जांच में अधिकांश लाभुकों के पुराने मकान पाए गए। वहीं कुछ लाभुक ऐसे मिले जिनके कई पुत्र हैं और वे एक साथ रह रहे हैं, ऐसे में उन्हें अलग आवास योजना का लाभ दिया गया। जांच में आवास को लेकर कई तथ्यों की पुष्टि हुई। मौके पर आवास समन्वयक अशोक कुमार, पंचायत सचिव नवनीत कुमार और उपेंद्र कुमार भी उपस्थित थे।

## रमना के निजी विद्यालयों में शिक्षकों की दयनीय स्थिति, प्रखंड के अधिकांश स्कूलों में नहीं मिलती न्यायसंगत सैलरी



**रमना।** प्रखंड के कई निजी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक मनरेगा मजदूरी दर से भी कम वेतन पर काम करने को मजबूर हैं। स्थानीय एक चैरिटेबल विद्यालय में शिक्षकों को आठ से पंद्रह हजार रुपये तक ही वेतन मिलता है। विद्यालय के प्रधान शिक्षक को जहां 15 हजार रुपये दिए जाते हैं, वहीं वे पिछले 25 वर्षों से कार्यरत हैं। सहायक प्रधान शिक्षक को 12 हजार और अन्य शिक्षकों को आठ से नौ हजार रुपये ही मिलते हैं। विद्यालय में 19 शिक्षक, तीन दाई और एक सुरक्षा प्रहरी कार्यरत हैं, लेकिन आर्थिक तंगी ने सभी की कमर तोड़ दी है। महंगाई के इस दौर में इतने कम वेतन में घर चलाना बेहद कठिन होता जा रहा है। एक शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सरकारी विद्यालयों में लाखों का वेतन लेकर भी शिक्षक मनमानी करते हैं, जबकि निजी विद्यालयों के शिक्षक अल्प वेतन में भी पूरे समर्पण से पढ़ाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के व्यवसायीकरण ने गरीब और मजदूर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से दूर कर दिया है। शिक्षा के अधिकार जैसे संवैधानिक मूल्यों की जगह अब मुनाफा और शोषण की व्यवस्था हावी हो गई है।

## विशेष राजस्व शिविरों की घोषणा, पंचायतों में दस्तावेजों का होगा निपटारा

**खरौंधी।** अंचल कार्यालय द्वारा प्रखंड के तीन पंचायतों में विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अंचलाधिकारी गौतम कुमार लकड़ा ने आदेश जारी करते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। पहला शिविर 11 जुलाई को सिसरी पंचायत भवन में, दूसरा 15 जुलाई को खरौंधी में और तीसरा 17 जुलाई को अरंगी पंचायत में आयोजित होगा। शिविर में नामांतरण, बंटवारा, वारिसाना दाखिल-खारिज, किराया रसीद निर्गमन जैसे राजस्व कार्यों का निष्पादन किया जाएगा। संबंधित सीआई, राजस्व कर्मचारी और अमीन को व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए हैं।

## भवनाथपुरः भीता बांध का सर्वे शुरू, जल्द मिलेगा किसानों को सिंचाई का तोहफा

**भवनाथपुर।** क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव की पहल पर भवनाथपुर के भीता बांध की मरम्मत की दिशा में मंगलवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। लघु सिंचाई विभाग की टीम ने सहायक अभियंता पप्पू बाउरी और कनिय अभियंता अनिल कुमार की अगुवाई में डूब क्षेत्र का सर्वे शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि डूब क्षेत्र का विवरण भवनाथपुर अंचल कार्यालय को सौंपा जाएगा, ताकि प्रभावित रैयतों की संख्या और एनओसी की प्रक्रिया पूरी की जा सके। यह बांध कई वर्षों से जर्जर पड़ा है, जिससे अरसली, बुका, भवनाथपुर सहित कई पंचायतों में सिंचाई ठप है।

## भवनाथपुर के लामी कुडेस टोला में ट्रांसफार्मर खराब, ग्रामीण परेशान

**भवनाथपुर।** अरसली उत्तरी पंचायत के लामी कुडेस टोला में पिछले एक महीने से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। करीब 25 से 30 घरों में बिजली नहीं होने से ग्रामीणों को रात में अंधेरे और बरसात में सुरक्षा के संकट का सामना करना पड़ रहा है। उपमुखिया प्रतिनिधि दयानंद प्रजापति ने बताया कि 25 केवी का ट्रांसफार्मर बदले जाने की मांग कई बार की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीण नागेंद्र बियार, फूलझरिया कुंवर, रीता देवी, मिथुन बियार सहित दर्जनों लोगों ने विभाग से शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है।

# छह साल से बंद पड़ा तीन करोड़ की लागत से बना अस्पताल भवन

- **केतार पीएचसी का भवन बेकार, असामाजिक तत्वों ने किया नुकसान, 80 हजार की आबादी को नहीं मिल रही सुविधा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार (गढ़वा)।** सरकार द्वारा अंतिम पायदान तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का दावा केतार प्रखंड में पूरी तरह से खोखला साबित हो रहा है। वर्ष 2017 में तीन करोड़ रुपये की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का अब तक कोई उपयोग नहीं हो सका है। 20 अक्टूबर 2019 को उद्घाटन के बाद छह वर्ष बीत गए, लेकिन तीन मंजिला, 10 बेड वाला यह अस्पताल भवन आज तक चालू नहीं हो पाया है। इस भवन की उपेक्षा के कारण अब इसकी दीवारें जर्जर होने लगी हैं, जबकि खिड़कियों के शीशे टूट चुके हैं, सबमर्सिबल पंप, पाइपलाइन, पानी की टंकी और शौचालय आदि को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। वहीं दूसरी ओर, उपस्वास्थ्य केंद्र भवन में चिकित्सक और फार्मासिस्ट सुविधाओं के भारी अभाव के बीच मरीजों को सेवा दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार, 18 मार्च 2025 को चिकित्सक का और 19 जून को फार्मासिस्ट का पदस्थापन तो हुआ है, लेकिन मुख्य अस्पताल भवन में न तो बिजली-पानी की व्यवस्था है, न ही सफाई, दवा, नर्स या रात्रि प्रहरी की तैनाती। इस कारण से अभी तक स्वास्थ्यकर्मी पुराने भवन में ही बैठने को मजबूर हैं। इस बदइंतजामी का खामियाजा केतार और आसपास की पंचायतों की लगभग 80 हजार आबादी को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें अब भी समुचित स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। करीब दो वर्ष पूर्व तत्कालीन सिविल सर्जन अनिल कुमार ने अस्पताल का निरीक्षण कर जल्द सेवा शुरू कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन यह आश्वासन भी सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गया। इस संबंध में वर्तमान सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि ₹मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण चिकित्सक मुख्य भवन में नहीं बैठ पा रहे हैं। चिकित्सा प्रभारी को एक सप्ताह के भीतर सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर अस्पताल संचालन शुरू कराने का निर्देश दिया गया है। यदि स्टाफ की कमी आती है तो विभाग को पत्र भेजकर आवश्यकता अनुसार कर्मी उपलब्ध कराए जाएंगे।

## गढ़वा में उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं आमजनों की समस्याएं



**राशन घोटाला, शिक्षक की लापरवाही, लोन भुगतान और भूमि विवाद प्रमुख मुद्दे रहे**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने जनता दरबार का आयोजन किया, जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। उपायुक्त ने अधिकतर मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। सगमा के लालमोहन गुप्ता ने डीलर द्वारा दो माह के राशन गबन की शिकायत की। चिनिया प्रखंड के मोहम्मद यासीन ने उर्दू मध्य विद्यालय के पारा शिक्षक द्वारा विद्यालयीय कार्य में लापरवाही की बात रखी। कांडी के कमल किशोर ने रोजगार सृजन योजना के तहत स्वीकृत लोन के भुगतान में देरी की शिकायत की। वहीं केतार प्रखंड के विनोद साह ने रैयती भूमि पर जबरन सड़क निर्माण कराए जाने और मुआवजा न मिलने की बात बताई। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी और प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

## डंडई के निजी अस्पताल में इलाज के अभाव में महिला की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** डंडई में सिद्धिविनायक अस्पताल में इलाज के अभाव में मंगलवार को एक महिला की मौत हो गई। महिला बिफनी कुवंर (55 वर्ष) ने आपसी विवाद के बाद जहर खा लिया था। गंभीर स्थिति में परिजन उन्हें अस्पताल लाए, लेकिन अस्पताल में डॉक्टर मौजूद नहीं थे। कंपाउंडर अजीज अंसारी और शोएब अंसारी ने इलाज शुरू किया, लेकिन ऑक्सीजन स्तर कम होने पर मरीज को मेराल अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सिद्धिविनायक अस्पताल के संचालक डॉ. अखिलेश कुमार ने कहा कि वे सरकारी ड्यूटी पर थे और अस्पताल में उपस्थित नहीं थे। उन्होंने दावा किया कि कंपाउंडर ने केवल ऑक्सीजन स्तर जांचा। वहीं, गढ़वा के सिविल सर्जन अशोक कुमार ने कहा कि मामला प्वाइजनिंग का है और जांच के बाद अविलंब कार्रवाई की जाएगी।

## बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीसी ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** आगामी चुनावों की तैयारी के तहत मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूची को पारदर्शी और अद्यतन बनाए रखने में बीएलए की भूमिका अहम होती है। राजनीतिक दलों को समयबद्ध रूप से योग्य एवं प्रशिक्षित एजेंटों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया गया है ताकि निष्पक्ष और व्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया को सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय सहित विभिन्न दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## उद्घोषक व शिक्षाविद शिव शंकर प्रसाद का निधन, क्षेत्र में शोक

**श्री बंशीधर नगर।** प्रसिद्ध उद्घोषक और सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक शिव शंकर प्रसाद का मंगलवार को 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे सुबह योगाभ्यास के बाद आराम कर रहे थे, तभी सांस लेने में तकलीफ हुई। निजी क्लिनिक में उन्हें मृत घोषित किया गया। शिव शंकर प्रसाद ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया था। वे जंगीपुर व जतपुरा मिडिल स्कूल में प्रधानाध्यापक रह चुके थे। मंच संचालन में उनकी आवाज की अलग पहचान थी। उनके निधन पर विधायक अनंत प्रताप देव, शिक्षक संघ अध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय व अनेक गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मनरेगा कूप निर्माण में फर्जीवाड़ा, 19 लोगों पर कार्रवाई



- **धुरकी के टाटीदीरी पंचायत में बिना काम निकाली गई राशि, बीडीओ की जांच में उजागर हुआ मामला**

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** प्रखंड के टाटीदीरी पंचायत में मनरेगा योजनाओं में फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है। बिना काम कराए तीन कूप निर्माण कार्यों में लाखों की राशि निकाली गई। बीडीओ जुल्फिकार अंसारी की जांच में गड़बड़ी साबित हुई और 19 संबंधित लोगों पर सरकारी राशि की वसूली और अर्थदंड की कार्रवाई की गई है। मुखिया सगुनी राम पर 36801, पूर्व मुखिया सरीता देवी पर 7032, पंचायत सचिव रामाशंकर सिंह पर 36801, रोजगार सेवक अनिल कुमार यादव पर 36801, कनिय अभियंता नितेश सिंह पर 18400, कंप्यूटर ऑपरेटर गौरव तिवारी पर 3680 सहित अन्य कर्मियों पर जुमार्ना लगाया गया है। दो वेंडरों से 2.46 लाख की वसूली तय की गई है।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0, चतरा

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

पुनर्निविदा सूचना संख्या– Ref No: EE/NREP/CHATRA/23/2024-25-RE-2 दिनांक– 07.07.2025

1.मद का नामः DMFT योजना अन्तर्गतः–

| क्र॰ सं॰ | ग्रुप संख्या | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | कुल राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Chatra | Dewaria | sanghri | Repair of Anganbari Centre | 296300 | 1150100 | 23500 | 2500 | 03 माह |
| 2 | | Chatra | Dewaria | Mohanadih | Repair of Anganbari Centre | 276700 | | | | |
| 3 | | Chatra | Dariyatu | Mayapur | Repair of Anganbari Centre | 293100 | | | | |
| 4 | | Chatra | Dariyatu | Kamtakhurd | Repair of Anganbari Centre | 284000 | | | | |
| 5 | 2 | Chatra | Jangi | Nawadih | Repair of Anganbari Centre | 295500 | 1206600 | 24500 | 2500 | 03 माह |
| 6 | | Chatra | Jangi | Dewariya | Repair of Anganbari Centre | 302000 | | | | |
| 7 | | Chatra | Jangi | Saraiya | Repair of Anganbari Centre | 293100 | | | | |
| 8 | | Chatra | Jangi | Ramtunda | Repair of Anganbari Centre | 316000 | | | | |
| 9 | 3 | Chatra | Ara | Bhaipur | Repair of Anganbari Centre | 287800 | 1131400 | 22500 | 2500 | 03 माह |
| 10 | | Chatra | Ara | Chor-Raksi | Repair of Anganbari Centre | 290200 | | | | |
| 11 | | Chatra | Damdoiya | Dahuri 1 | Repair of Anganbari Centre | 283700 | | | | |
| 12 | | Chatra | Damdoiya | Dahuri 2 | Repair of Anganbari Centre | 269700 | | | | |
| 13 | 4 | Chatra | Lem | Lupunga | Repair of Anganbari Centre | 272600 | 852300 | 17500 | 1250 | 03 माह |
| 14 | | Chatra | Lem | Sataur | Repair of Anganbari Centre | 288900 | | | | |
| 15 | | Chatra | Lem | Goddra | Repair of Anganbari Centre | 290800 | | | | |
| 16 | 5 | Gidhour | Barisakhi | Nayakhap | Repair of Anganbari Centre | 287900 | 1450300 | 30000 | 2500 | 03 माह |
| 17 | | Kanhachatti | Chiridiri | Simradih | Repair of Anganbari Centre | 294300 | | | | |
| 18 | | Kanhachatti | Bakchuma | Bakchuma 2 | Repair of Anganbari Centre | 290800 | | | | |
| 19 | | Kanhachatti | Bakchuma | Jori | Repair of Anganbari Centre | 312800 | | | | |
| 20 | | Kanhachatti | Bakchuma | Sidhu | Repair of Anganbari Centre | 264500 | | | | |
| 21 | 6 | Kanhachatti | Charu | Bkoiya | Repair of Anganbari Centre | 340600 | 1639500 | 33000 | 5000 | 03 माह |
| 22 | | Kanhachatti | Charu | Peltolkala | Repair of Anganbari Centre | 305400 | | | | |
| 23 | | Kanhachatti | Charu | Charu 2 | Repair of Anganbari Centre | 286700 | | | | |
| 24 | | Kanhachatti | Rajpur | Rajpur1 | Repair of Anganbari Centre | 379100 | | | | |
| 25 | | Kanhachatti | Rajpur | Rajpur2 | Repair of Anganbari Centre | 327700 | | | | |
| 26 | 7 | Kanhachatti | Rajpur | Sargaon | Repair of Anganbari Centre | 381600 | 1948700 | 39000 | 5000 | 03 माह |
| 27 | | Kanhachatti | Rajpur | Burhigarha | Repair of Anganbari Centre | 297800 | | | | |
| 28 | | Kanhachatti | Rajpur | Mishradih | Repair of Anganbari Centre | 297200 | | | | |
| 29 | | Kanhachatti | Rajpur | Rajpur South | Repair of Anganbari Centre | 301900 | | | | |
| 30 | | Kanhachatti | Rajpur | Rajpur west | Repair of Anganbari Centre | 379400 | | | | |
| 31 | | Kanhachatti | Rajpur | Ladiya | Repair of Anganbari Centre | 290800 | | | | |
| 32 | 8 | Kanhachatti | Kaindinagar | Kaindinagar1 | Repair of Anganbari Centre | 305400 | 1456700 | 30000 | 2500 | 03 माह |
| 33 | | Kanhachatti | Kaindinagar | Kade2 | Repair of Anganbari Centre | 284300 | | | | |
| 34 | | Kanhachatti | Kaindinagar | Shreenagar tola | Repair of Anganbari Centre | 287300 | | | | |
| 35 | | Pratappur | Barura | Natrayanpur | Repair of Anganbari Centre | 293700 | | | | |
| 36 | | Pratappur | Dumarwar | Gurturi | Repair of Anganbari Centre | 286000 | | | | |
| 37 | 9 | Pratappur | Gajwa | Chatra | Repair of Anganbari Centre | 300800 | 1185100 | 24000 | 2500 | 03 माह |
| 38 | | Pratappur | Gajwa | Panit | Repair of Anganbari Centre | 297200 | | | | |
| 39 | | Hunterganj | Gerua | Gerua dachini | Repair of Anganbari Centre | 317400 | | | | |
| 40 | | Hunterganj | Gerua | Geruatari | Repair of Anganbari Centre | 269700 | | | | |
| 41 | 10 | Hunterganj | Lenjwa | Akauna | Repair of Anganbari Centre | 293700 | 1216900 | 25000 | 2500 | 03 माह |
| 42 | | Hunterganj | Lenjwa | Kosmahi | Repair of Anganbari Centre | 313000 | | | | |
| 43 | | Hunterganj | Genjna | Kharati | Repair of Anganbari Centre | 304800 | | | | |
| 44 | | Hunterganj | Genjna | Nawadih | Repair of Anganbari Centre | 305400 | | | | |
| 45 | 11 | Hunterganj | Baluri | Baluri- 2 | Repair of Anganbari Centre | 480300 | 1430200 | 29000 | 2500 | 03 माह |
| 46 | | Hunterganj | Karalibar | Gowardih | Repair of Anganbari Centre | 317000 | | | | |
| 47 | | Hunterganj | Karalibar | Karalibar | Repair of Anganbari Centre | 327800 | | | | |
| 48 | | Hunterganj | Karalibar | Bakhardih | Repair of Anganbari Centre | 305100 | | | | |
| 49 | 12 | Hunterganj | Karma | Karma | Repair of Anganbari Centre | 287200 | 1199700 | 24000 | 2500 | 03 माह |
| 50 | | Hunterganj | karma | Sildaha | Repair of Anganbari Centre | 308600 | | | | |
| 51 | | Hunterganj | Chakla | Kodlaya | Repair of Anganbari Centre | 301900 | | | | |
| 52 | | Hunterganj | Chakla | Bishanpur | Repair of Anganbari Centre | 302000 | | | | |
| 53 | 13 | Hunterganj | Jorikala | Jori | Repair of Anganbari Centre | 289700 | 1356300 | 27500 | 2500 | 03 माह |
| 54 | | Hunterganj | Jori kala | Jori | Repair of Anganbari Centre | 286700 | | | | |
| 55 | | Hunterganj | Kataiya | Mahendri tar | Repair of Anganbari Centre | 385200 | | | | |
| 56 | | Hunterganj | Salaiya | Postiya | Repair of Anganbari Centre | 394700 | | | | |
| 57 | 14 | Hunterganj | Gosaidih | Gosaidih (Bhuiyatoli) | Repair of Anganbari Centre | 309400 | 1524300 | 31000 | 5000 | 03 माह |
| 58 | | Hunterganj | Nawadih | Nawadih | Repair of Anganbari Centre | 300700 | | | | |
| 59 | | Hunterganj | Khuntike wal Khurd | Hiring | Repair of Anganbari Centre | 317400 | | | | |
| 60 | | Hunterganj | Khuntike wal Khurd | Jhikatiya | Repair of Anganbari Centre | 303100 | | | | |
| 61 | | Tandwa | Bahera | Karo | Repair of Anganbari Centre | 293700 | | | | |

2. वेबसाइट में ई– पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि – 14.07.2025
3. ई –पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 25.07.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई– पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 28.07.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा।
6. ई–पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 9572666229, (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in देखा जा सकता है।
10.परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

PR 356780 (NREP)25-26*D

कार्यपालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी., चतरा


**सराहनीय पहल**

## विद्यालयों में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान सफल

# एसडी मेमोरियल एकेडमी में छात्रों व शिक्षकों ने पौधारोपण कर लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** एसडी मेमोरियल एकेडमी में मंगलवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र, प्राचार्य अरुण राम व अमरेंद्र मिश्र के नेतृत्व में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर पौधे लगाए। निदेशक ने कहा कि मां का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है, और पेड़-पौधे भी धरती पर जीवन के लिए उतने ही जरूरी हैं। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने घरों में अपनी मां के नाम एक पौधा लगाएं और उसका संरक्षण करें। कार्यक्रम में शामिल शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान मृत्युंजय पांडेय, गौतम कुमार, रामजीत शाह, अनिमा कुजूर, दीपिका, काजल, अमित, तबस्सुम, आयुष चौबे, सुहाना नाज, प्रीति, गुलनाज फातमा सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की समीक्षा को लेकर चतरा पहुंचीं राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष

# शिकायतों के निष्पादन, खाद्यान्न वितरण व पारदर्शिता पर दिया जोर

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष-सह-सदस्या शबनम परवीन मंगलवार को चतरा पहुंचीं और परिसदन भवन में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभुकों को योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ मिलना चाहिए। शिकायतों का शीघ्र, गुणवत्ता युक्त और संवेदनशील निपटान हो—इस पर विशेष बल दिया गया। बैठक में आकस्मिक खाद्यान्न कोष की स्थिति, पंचायत एवं नगर निकायों में वितरण व्यवस्था, लाभुकों की पात्रता सत्यापन और सूचना पारदर्शिता जैसे बिंदुओं पर गहन चर्चा हुई। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पोषण सुरक्षा, भोजन का अधिकार और गरीब तबकों की खाद्य पहुँच सुनिश्चित करना राज्य की प्राथमिकता है, और इसके लिए योजनाओं के क्रियान्वयन में जनभागीदारी, अनुश्रवण और मजबूत शिकायत निवारण तंत्र बेहद जरूरी है। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत, समाज कल्याण पदाधिकारी रीना साहू, शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक, आपूर्ति अधिकारी और अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

**औचक निरीक्षण में देखी योजनाओं की जमीनी स्थिति :** बैठक के बाद शबनम परवीन ने आंगनबाड़ी केंद्र, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, जन वितरण प्रणाली दुकान और एमटीसी सेंटर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने लाभुकों से संवाद कर सुविधाओं की जानकारी ली और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

## करोड़ों की लागत से बने दो अंडरपास बने मुसीबत का कारण

**बेतला।** बरवाडीह रेल क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व करोड़ों की लागत से बने दो अंडरपास (16सी और 17सी) ग्रामीणों और राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गए हैं। बरसात के मौसम में इन अंडरपासों की स्थिति इतनी दयनीय हो जाती है कि ये झरनों की तरह पानी उगलने लगते हैं। छत और दीवारों से लगातार पानी रिसने के कारण अब ये अंडरपास जानलेवा बन गए हैं। जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने से हल्की बारिश में भी यहां टखनों तक पानी भर जाता है, जिससे दोपहिया चालकों, बच्चों व बुजुर्गों को खासा खतरा बना रहता है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई। घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ और तकनीकी निरीक्षण भी नजरअंदाज किया गया। एक वर्ष में ही छतें टपकने लगी हैं, दीवारें कमजोर हो चुकी हैं और अंडरपास में कीचड़ तथा फिसलन बढ़ने से दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने इसे एक बड़े भ्रष्टाचार की उपज बताया और मांग की कि रेलवे प्रशासन दोषी अधिकारियों व संवेदकों पर कार्रवाई करे। साथ ही अंडरपास की तत्काल मरम्मत कराई जाए ताकि आम लोगों को सुरक्षित रास्ता मिल सके।

## न्यूज बॉक्स

### नगद व मोबाइल लूट मामले में दो अपराधी गिरफ्तार

**चंदवा।** हाई स्कूल खेल स्टेडियम के पास सोमवार सुबह अजय कुमार (केंदूवाही) से चाकू दिखाकर की गई 20 हजार नकद और मोबाइल लूट की घटना का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया है। इस मामले में करण राज (बादुर बगीचा) और सफीक अंसारी (महुआडांड़) को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से लूटा गया सामान बरामद कर लिया गया है। चंदवा थाना में कांड संख्या 154/25 दर्ज कर दोनों को मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया है।

### 300 लीटर डीजल चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद

**बालूमाथ (मुरपा)।** क्षेत्र में डीजल चोरों के हौसले बुलंद हैं। पेट्रोल पंप पर खड़ी ट्रक से करीब 300 लीटर डीजल चोरी कर लिया गया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, ट्रक में कानपुर से चीनी लोड कर रांची ले जाया जा रहा था। चालक तोहिद अंसारी ट्रक खड़ा कर घर चला गया। अगली सुबह ट्रक स्टार्ट नहीं हुआ और जांच में डीजल गायब मिला। ट्रक मालिक मो. सैफी आलम ने जल्द कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने इलाके में गश्ती बढ़ाने और अपराधियों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है।

### समाजसेवी मो. मोज़म्मिल को किया गया सम्मानित

**चंदवा।** होलंग मासियातु में आयोजित मुहर्रम कार्यक्रम में समाजसेवी मो. मोज़म्मिल को सम्मानित किया गया। यह सम्मान सेंट्रल मुहर्रम कमिटी द्वारा उन्हें सामाजिक योगदान और शांति स्थापना में सहभागिता के लिए दिया गया। मोज़म्मिल ने कहा कि इमाम हुसैन की कुर्बानी इंसानियत और धर्म के लिए मिसाल है। उन्होंने सभी अखाड़ों और समुदाय के लोगों को अमन-शांति के साथ त्योहार मनाने के लिए धन्यवाद दिया।

### विद्यालयों सचिवों से स्पष्टीकरण तलब

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कैलाशपति पात्र ने प्रखंड क्षेत्र के अर्धदर्जन से अधिक विद्यालय सचिवों से ई-विद्या वाहिनी पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज नहीं करने को लेकर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। जिन विद्यालयों के नाम सामने आए हैं उनमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय उत्तरवारी परोरिया, बेला, सोकी, बेलखोरी, अंबातरी, दुहई शामिल हैं। इन विद्यालयों में 7 जुलाई को छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई थी। शिथिलता बरतने पर सभी सचिवों का मानदेय अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

### चंदवा क्षेत्र में मवेशी चोरी से दहशत

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में मवेशी चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। बीते एक माह में कुसुम टोली, गुरीटांड़, और अन्य पंचायतों से करीब तीन दर्जन गाय, बाछी, बैल आदि की चोरी हो चुकी है। हाल ही में मुरली प्रसाद साहू की दुधारू गाय चोरी हो गई, वहीं एनोद मुंडा, प्रदीप मुंडा, अजीत मुंडा, और दामोदर प्रजापति, बबन उरांव जैसे किसानों के पशुधन भी चोरी हो चुके हैं। ग्रामीणों के अनुसार कई मामलों में पुलिस को अब तक सूचना नहीं दी गई है, लेकिन चोरों का गिरोह सक्रिय है जो वाहनों से पशु ले जाते हैं। लोगों ने पशु चोरी पर सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है ताकि पशुपालकों की आजीविका सुरक्षित रह सके।

### लातेहार पर्यटन को मिली नई पहचान, तीन पर्यटक स्थल घोषित

**लातेहार।** राज्य पर्यटन संवर्धन समिति की अनुशंसा पर झारखंड सरकार ने लातेहार जिले के तीन स्थलों को आधिकारिक रूप से पर्यटक प्रक्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया है। इनमें चरका बांध, उदयपुरा स्थित कोमो पहाड़ी और ललमटिया डैम शामिल हैं। चरका बांध को प्रवासी पक्षियों के बसेरे और बर्ड फोटोग्राफी के हॉटस्पॉट के रूप में देखा गया है। वहीं कोमो पहाड़ी अपने हरित सौंदर्य, ट्रेकिंग मार्ग और सुरम्य वातावरण के कारण चयनित की गई है। ललमटिया डैम की भौगोलिक विशेषता, नौकायन संभावनाएं और पर्यटन आधारित रोजगार की दृष्टि से इसे उपयुक्त माना गया है। इस चयन में जिला पर्यटन पदाधिकारी संजीत कुमार और जिला पर्यटन विशेषज्ञ अभिजीत कुमार की तकनीकी प्रस्तुति और शोध का अहम योगदान रहा। यह निर्णय लातेहार को इको-टूरिज्म और संरचनात्मक निवेश के एक नए केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### वज्रपात से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी



**महुआडांड़।** संत जेवियर्स कॉलेज के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे ने विद्यार्थियों को बिजली और वज्रपात से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहाड़ी और वन क्षेत्रों में वज्रपात की संभावना अधिक होती है और सतर्क रहना बेहद जरूरी है। प्राचार्य डॉ. फादर एम.के. जोश ने इसे मानव जीवन के लिए अत्यंत खतरनाक बताया। एसडीओ ने बताया कि ऐसी स्थिति में ऊंचे पेड़ के नीचे नहीं खड़ा होना चाहिए, मोबाइल और छतरी से दूरी रखनी चाहिए तथा बिजली वाले उपकरणों का उपयोग बंद करना चाहिए। उन्होंने आदिवासियों की भूमि सुरक्षा पर भी जानकारी दी और कहा कि झारखंड की जल, जंगल, जमीन पर पहला अधिकार आदिवासियों का है। कार्यक्रम में प्रोफेसर रोज़ी और शेफाली प्रकाश ने संचालन किया।

### महुआडांड़ में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का रैकेट सक्रिय

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का गोरखधंधा तेजी से फैलता जा रहा है। बच्चों के स्कूल नामांकन और आधार कार्ड बनाने की जरूरतों के चलते लोग मजबूरीवश 2000 रुपये तक देकर नकली प्रमाण पत्र बनवा रहे हैं। ग्राम चुटिया की निवासी विरसमुनि कुमारी ने बताया कि उन्हें अपने बेटे की पढ़ाई के लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। इस दौरान कुछ व्यक्ति गांव में पहुंचे, जिन्होंने खुद को पोस्ट ऑफिस का अधिकारी बताते हुए 2000 रुपये में जन्म प्रमाण पत्र बनाने की पेशकश की। जानकारी के अभाव में उन्होंने भुगतान कर प्रमाण पत्र बनवा लिया। हैरत की बात यह है कि गांव में जन्मे बच्चों का जन्म उत्तर प्रदेश के अस्पतालों में दिखाया गया है और वहां की सरकार के नाम से फर्जी प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रखंड भर में सैकड़ों की संख्या में फर्जी प्रमाण पत्र बनाए जाने की आशंका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे रैकेट की जांच की जाए, दोषियों पर कानूनी कार्रवाई हो और फर्जी प्रमाण पत्र के लिए वसूली गई राशि पीड़ितों को वापस कराई जाए।

## बाबाधाम के लिए रवाना हुए कांवर सेवा दल, विधायक व एसपी ने दिखाया ध्वज

- सेवा स्मृति आश्रम हर साल लगाता है कांवड़ियों के लिए शिविर

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** श्रावण मास के शुभ अवसर पर कांवरियों की सेवा हेतु आलोक मोहन सेवा स्मृति आश्रम के सेवादार व स्वयंसेवक 8 जुलाई को बाबाधाम के लिए रवाना हुए। स्थानीय विधायक प्रकाश राम और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने उन्हें ध्वजा दिखाकर विदा किया।

इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण संतोष मिश्रा द्वारा किया गया और वातावरण हर हर महादेव व बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। विधायक ने आश्रम के संस्थापक रामनाथ अग्रवाल और संयोजक श्याम किशोर अग्रवाल की सराहना की। एसपी ने भी कार्य की सराहना करते हुए इसे पुण्य का कार्य बताया।

रामनाथ अग्रवाल ने बताया कि वे 2014 से कांवरियों की सेवा में शिविर लगाते आ रहे हैं। इस बार शिविर सरासनी ग्राम में लगेगा। सुबह 5 बजे से रात 11 बजे तक चलने वाले इस शिविर में अल्पाहार, पेयजल, रामायण-महाभारत का प्रसारण, लंगर, चिकित्सा सुविधा और धार्मिक झांकी जैसी सुविधाएं होंगी। मौके पर राजधनी यादव, पंकज सिंह, अमलेश सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### कामता क्षेत्र को चंदवा फीडर से जोड़ने पर किसानों में खुशी

**चंदवा।** बिजली आपूर्ति में सुधार को लेकर कामता क्षेत्र को नगर फीडर से हटाकर पुनः चंदवा फीडर से जोड़ा गया है। इस पर किसानों ने कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता का आभार व्यक्त किया है। किसान नेता अयुब खान ने बताया कि पहले यह क्षेत्र चंदवा फीडर से जुड़ा था, परंतु एक माह पूर्व नगर फीडर में जोड़ने के बाद बिजली आपूर्ति बाधित हो रही थी। लगातार फॉल्ट की शिकायत से किसानों को दिक्कत हो रही थी। सोमवार को किसानों ने ट्रांसफार्मर के पास मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन किया था, जिसके बाद मंगलवार को बिजली व्यवस्था को चंदवा फीडर से जोड़ दिया गया। इससे बिजली पर निर्भर छात्रों, व्यवसायियों और किसानों को राहत मिली है। आभार प्रकट करने वालों में नजमुद्दीन, मोफीद, पिंटु, एजाज, टिंकु, शाबा, सफीद, बशीर, अमजद, फरदीन, रिजवान, नुर मोहम्मद, शमीम, बीतन, वारिश, शहजान आदि शामिल रहे।

### हुचलु में मुहर्रम पर जलसे का आयोजन

## इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद कर मांगी गई अमन-चैन की दुआ



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा (हुचलु)।** बारी पंचायत अंतर्गत हुचलु गांव में मुहर्रम के अवसर पर विशेष जलसे का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत कुरान पाक की तिलावत से हुई, इसके बाद उपस्थित अतिथियों का स्वागत कमेटी सदस्यों द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता मौलाना अब्दुल वाहिद (पांकी) ने कहा कि इमाम हुसैन ने कर्बला में अपनी कुर्बानी देकर इंसानियत को बचाने का काम किया। कारी फैजान रजा (पलामू) ने शहादत को 'महबूब की मुलाकात' की संज्ञा दी। हाफिज नईम (डुमरिया, बिहार) ने कहा कि करबला की घटना उम्मते मुस्लिमा के लिए जज्बाती असर डालने वाली ऐतिहासिक घटना रही। हुचलु के इमाम हाफिज एजाजुल हक ने आपसी एकता व सम्मान बनाए रखने पर जोर दिया। जलसे में कारी नौशाद उमर (औरंगाबाद), आलम रजा हशमती (लोहरदगा), अरसे आजम (लातेहार), हाफिज अब्दुल हसीब (लोहरदगा) ने नात शरीफ व शायरी प्रस्तुत की। अंत में अमन-चैन के लिए दुआ की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मो. नईम अंसारी, नौशाद अंसारी, महबूब अंसारी, रिज़वान, कुर्बान, सुल्तान, अजमूल, इदरीश, तैयब, रशीद अंसारी सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंदों की भूमिका रही।

## बारिश में जर्जर मिट्टी का घर ढहा, ग्रामीणों ने दी मदद

- पंचायत प्रतिनिधियों ने की आर्थिक सहायता, जल्द आवास की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के पोखरी कला पंचायत के इस्लामपुर टोला निवासी जहूर मियां (पिता-कपूर मियां) का मिट्टी का मकान बीती रात तेज बारिश में ढह गया। हादसे के वक्त परिजन घर में सो रहे थे, लेकिन शोर मचाकर उन्होंने समय रहते जान बचाई और आसपास के लोगों से मदद मांगी।

घटना की सूचना मिलते ही मुहल्ले के लोगों ने जहूर मियां के परिवार को अपने घर में आश्रय दिया और भोजन की व्यवस्था भी की। इस बीच पंचायत की मुखिया नितू देवी और उपमुखिया सुलतान रजा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें आर्थिक सहायता दी। साथ ही, जल्द ही नया आवास दिलाने का भरोसा भी जताया। पीड़ित जहूर मियां और उनकी पत्नी ने बरवाडीह की प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज से मुलाकात कर आवास योजना के अंतर्गत जल्द सहायता की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि बारिश के मौसम में ऐसे गरीब परिवारों की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए।


उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा
(जिला आपूर्त्ति शाखा)
(Email Id- dso.chatra@jharkhandmail.gov.in)

–:नोटिसः–

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिले में NFSA एवं JSFSS योजनान्तर्गत आच्छादित कुछ राशनकार्ड लाभुकों द्वारा विगत 06 माह, 12 माह, 03 वर्ष एवं 05 वर्ष से अधिक अवधि से खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं किया जा रहा है और ना ही e-KYC किया जा रहा है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

District :- CHATRA

| Sl No | Block | RationCardNotLifted Count (6 Months) (Created 9 months before) | RationCardNotLifted Count (12 Months) (Created 15 months before) | RationCardNotLifted Count (3 Years) (Created 3 Years 3 months before) | RationCardNotLifted Count (5 Years) (Created 5 Years 3 months before) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CHATRA | 22508 | 21648 | 436 | 5 |
| 2 | CHATRA (NAGAR PARISHAD) | 9222 | 8118 | 221 | 0 |
| 3 | GIDHAUR | 8556 | 8483 | 39 | 0 |
| 4 | ITKHORI | 15455 | 14700 | 291 | 1 |
| 5 | KANHACHATTI | 13312 | 12027 | 148 | 1 |
| 6 | KUNDA | 6700 | 6390 | 123 | 0 |
| 7 | LAWALAUNG | 12087 | 11187 | 208 | 1 |
| 8 | MAYURHAND | 12414 | 12183 | 188 | 0 |
| 9 | PATHALGORA | 6537 | 6249 | 45 | 0 |
| 10 | PRATAPPUR | 25336 | 24849 | 372 | 12 |
| 11 | HUNTERGANJ | 38324 | 35421 | 627 | 16 |
| 12 | SIMARIA | 24181 | 22515 | 569 | 0 |
| 13 | TANDWA | 24668 | 21987 | 905 | 0 |
| | **Total** | **219300** | **205757** | **4172** | **36** |

उपरोक्त लाभुकों द्वारा खाद्यान्न उठाव नहीं करने तथा e-KYC नहीं करने के कारण राज्य स्तर पर चतरा जिले की स्थिति खराब प्रदर्शित हो रही है।

"झारखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2024" की कंडिका 6(X) (ग) में उल्लेखित है कि यदि राशन कार्डधारी द्वारा लगातार छः माह से अधिक अवधि से जन वितरण प्रणाली दुकान से सरकार द्वारा प्रदत्त किसी भी प्रकार की सामग्री का उठाव नहीं किया गया हो तो जांचोंपरान्त उनके राशन कार्ड का रद्दी करण कार्य किया जाएगा।

उक्त परिप्रेक्ष्य में चतरा जिलान्तर्गत विगत 06 माह, 12 माह, 03 वर्ष एवं 05 वर्ष से अधिक अवधि से खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं करने वाले उक्त सभी राशन कार्ड धारियों को इस नोटिस के माध्यम से निदेश दिया जाता है कि नोटिस निर्गत के एक सप्ताह के अन्दर अनिवार्य रूप से संबंधित जनवितरण प्रणाली दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न का उठाव करते हुए e-KYC भी कराना सुनिश्चि तक करें अन्यथा यह माना जाएगा कि आपको खाद्यान्न उठाव में किसी प्रकार की रूचि नहीं है एवं आप राशन कार्ड की पात्रता नहीं रखते है। तदोपरान्त उक्त लाभुकों के राशन कार्ड को रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
चतरा

PR 356748 (Food Public Distribution and Consumer Affairs)25-26*D



कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा

–: आम सूचना :–

चतरा जिला के सभी पशुपालकों को सुचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश संख्या–01 रा0(विभाग),दिनांक–14.05.2025 के आलोक में जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के कुल 152 पंचायतों में प्रथम चरण में दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को शिविर स्थल में अपने पशुओं के साथ आकर टैगिंग करालें तथा चिकित्सा, बधियाकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं स्वास्थ जाँच निःशुल्क करावें एवं योजना का लाभ उठावें। Pashudhan टैगिंग के बिना सरकार द्वारा किसी प्रकार का लाभ नही दिया जायेगा। शिविर का समय सुबह 09:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे निर्धारित है।

| क्रमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| प्रखण्डः— सिमरिया | | | | |
| 01 | पगार | सोहर/खपीया | 11.07.2025/12.07.2025 | डॉ0 अलोना संगम, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जोरी। |
| 02 | सबानो | सबानो/बारा | 13.07.2025/14.07.2025 | |
| 03 | जॉंगी | जॉंगी/चौराही | 15.07.2025/16.07.2025 | |
| 04 | सेरनदाग | सेरनदाग/पिपराडीह | 17.07.2025/18.07.2025 | |
| 05 | बगरा | बगरा/लूतीडीह | 19.07.2025/20.07.2025 | |
| प्रखण्डः— हण्टरगंज | | | | |
| 06 | गोसाईडीह | तेतरीया/पतसुगीया | 11.07.2025/12.07.2025 | डॉ0 मो0 रेहान अहमद रज़ा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, दंतार। |
| 07 | गेरूआ | गेरूआ/बडही बिघा | 13.07.2025/14.07.2025 | |
| 08 | लेंजवा | लेंजवा/सगासोत | 15.07.2025/16.07.2025 | |
| 09 | गेंजना | सोनपुरा/गेंजना | 17.07.2025/18.07.2025 | |
| 10 | पाण्डेपुरा खुर्द | बलनिया/करमा | 19.07.2025/20.07.2025 | |
| प्रखण्डः— प्रतापपुर | | | | |
| 11 | योगीडीह | महकमपुर/जोतडीह | 11.07.2025/12.07.2025 | डॉ0 कुमार सौरभ, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, प्रतापपुर। |
| 12 | बरूरा | रहरिया/नारायणपुर | 13.07.2025/14.07.2025 | |
| 13 | डुमरवार | चरका खुर्द/अन्नागराह | 15.07.2025/16.07.2025 | |
| 14 | सिदकी | सतवाहीनी/मझगावा | 17.07.2025/18.07.2025 | |
| 15 | भरही | राजपुर/केवलिया | 19.07.2025/20.07.2025 | |
| प्रखण्डः— टण्डवा | | | | |
| 16 | बचरा दक्षिणी | बचरा अंश/ बचरा दक्षिणी | 11.07.2025/12.07.2025 | डॉ0 पिंकी तिग्गा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टण्डवा। |
| 17 | कबरा | कटाही मिश्रौल/मधवापुर | 13.07.2025/14.07.2025 | |
| 18 | पोकला उर्फ कसियाडीह | कुमड़ांगकला/उडसु | 15.07.2025/16.07.2025 | |
| 19 | कोयद | सोपारम/होन्हे | 17.07.2025/18.07.2025 | |
| 20 | सराढु | कुड़लौंगा/कुण्डी | 19.07.2025/20.07.2025 | |
| प्रखण्डः— सिमरिया | | | | |
| 21 | हुरनाली | हुरनाली/देवरिया | 11.07.2025/12.07.2025 | डॉ0 सरोज कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, शिला। |
| 22 | पिरि | पिरि/तालसा | 13.07.2025/14.07.2025 | |
| 23 | ईचाक | ईचाक/ईद | 15.07.2025/16.07.2025 | |
| 24 | चौपे | बिरहू/तोरार | 17.07.2025/18.07.2025 | |
| प्रखण्डः— कान्हाचट्टी | | | | |
| 25 | मदगड़ा | मदगड़ा/चौरट | 11.07.2025/12.07.2025 | डॉ0 इन्द्रजीत कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कान्हाचट्टी। |
| 26 | बकचुम्बा | बकचुम्बा/जोरी | 13.07.2025/14.07.2025 | |
| 27 | कैण्डीनगर | कैण्डीनगर/कादे | 15.07.2025/16.07.2025 | |
| 28 | जमरी बकसपूरा | जमरी बकसपूरा/हउवाग | 17.07.2025/18.07.2025 | |
| 29 | चारू | चारू/राजाचक | 19.07.2025/20.07.2025 | |
| प्रखण्डः— ईटखोरी | | | | |
| 30 | धुना | धुना/सोनीया | 11.07.2025/12.07.2025 | डॉ0 नकुल कुमार मेहता, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ईटखोरी। |
| 31 | कोनी | कोनी/पुनौल | 13.07.2025/14.07.2025 | |
| 32 | परसौनी | कुर्जुन/लीटा | 15.07.2025/16.07.2025 | |
| 33 | मलकपूर | बडहीचक/तेतरचक | 17.07.2025/18.07.2025 | |
| 34 | नवादा | राजानरचा/कंजीया | 19.07.2025/20.07.2025 | |
| प्रखण्डः— चतरा | | | | |
| 35 | दारियातु | गंगाजीत/तेलिया लोवागढ़ा | 11.07.2025/12.07.2025 | डॉ0 अंजु कुजुर, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चतरा। |
| 36 | लेम | पचमहला/सतौर | 13.07.2025/14.07.2025 | |
| 37 | डमडोइया | डमडोइया/कड़लगा | 15.07.2025/16.07.2025 | |
| 38 | देवरिया | लिपदा/देवरिया | 17.07.2025/18.07.2025 | |
| 39 | टीकर | चंगेर/टीकर | 19.07.2025/20.07.2025 | |

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
चतरा

PR 356733 (Animal Husbandry)25-26*D


पहल

पात्र बच्चों के बैंक खाते खोलने के लिए विशेष अभियान जारी

# विद्यालयों में लगाए जा रहे बैंकिंग शिविर, आयुष्मान कार्ड बनवाने का भी जोर

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** जिले में पात्र छात्र-छात्राओं के बैंक खाते खोलने हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि वे शैक्षणिक और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पा सकें। उपायुक्त कीर्तिश्री के निर्देश पर शिक्षा विभाग व अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय द्वारा यह कार्य संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

बैंकिंग करेस्पॉन्डेंट्स विभिन्न विद्यालयों में जाकर छात्रों के नाम पर खाते खोल रहे हैं। अभियान को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज की अध्यक्षता में समन्वय बैठक भी आयोजित की गई, जिसके बाद विद्यालय स्तर पर बैंकिंग कैंप लगाए जा रहे हैं। यह कदम बच्चों को बैंकिंग समावेशन की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया द्वारा इसकी सतत निगरानी की जा रही है ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति इस योजना से जुड़ सकें। यह प्रयास जिले में स्वास्थ्य सुविधा सुलभ कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

### आयुष्मान भारत कार्ड बनाने में तेजी

साथ ही जिले में पात्र लोगों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिलाने हेतु भी अभियान मोड में कार्य हो रहा है। 16 जून से 1 जुलाई 2025 तक विशेष शिविरों में अब तक 17,292 लाभुकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। यह प्रक्रिया अब प्रज्ञा केंद्रों व सहिया दीदियों के माध्यम से सतत रूप से चल रही है।

पीएलएफआई कमांडर संजय भगत हत्याकांड का खुलासा

# भूमि विवाद में चचेरे भाई-बहन ने दिलाया वारदात को अंजाम, छह अरोपी गिरफ्तार

- एक देशी पिस्तौल, एक कट्टा, 5 गोलियां, ₹93,500 नकद, 6 मोबाइल बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत भक्सो गांव में पीएलएफआई नक्सली कमांडर संजय भगत की हत्या के सनसनीखेज मामले का खुलासा पुलिस ने महज 12 घंटे में करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जमीन विवाद में की गई इस सुनियोजित हत्या को अंजाम देने के लिए मृतक के चचेरे भाई और बहन ने कांट्रैक्ट किलर को सुपारी दी थी। यह खुलासा पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में किया। एसपी ने बताया कि मृतक संजय भगत की हत्या में शामिल सभी छह नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। संजय भगत के शव की बरामदगी के बाद सदर थाना में कांड संख्या 108/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

पुलिस की तत्परता और सटीक कार्रवाई से महज कुछ घंटों में ही इस बहुचर्चित हत्याकांड का पर्दाफाश हो सका। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक देशी पिस्तौल, एक मैगजीन, चार जिंदा कारतूस (22 बोर), एक देशी कट्टा, 315 बोर की गोली, 93,500 रुपये नकद और छह एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में बृजमोहन भगत उर्फ बिरजू (भक्सो निवासी, संजय का चचेरा भाई), जयंती भगत (भक्सो निवासी, संजय की चचेरी बहन), राजू महली (पुत्र फूलचंद महली, रांची मांडर), अमर उरांव (पुत्र गंधर्व उरांव), एकलव्य उरांव (पुत्र सनी उरांव), कुशल उरांव (पुत्र सोमरा उरांव, चान्हो निवासी) शामिल हैं।

हत्याकांड की साजिश में जयंती भगत की भूमिका बेहद सक्रिय रही। वह लगातार हत्यारों से संपर्क में थी और हथियारों की व्यवस्था व रणनीति बनाने में शामिल रही। घटना को अंजाम देने के बाद संजय के शव को पत्थर से बांधकर ग्राम अरकोसा स्थित एक पानी भरे खदान में फेंका गया था ताकि साक्ष्य नष्ट हो सकें।

## साढ़े तीन लाख में तय हुई थी हत्या की सुपारी : एसपी

**लोहरदगा।** एसपी रिजवी ने बताया कि हत्याकांड की गुत्थी जमीन विवाद से जुड़ी हुई है। मृतक के चचेरे भाई बृजमोहन और बहन जयंती ने सुपारी किलरों को कुल 3.5 लाख में सौंपा किया था, जिसमें से 1.5 लाख की अग्रिम राशि वारदात से पहले दी गई थी। पूछताछ में बरामद नकदी को उसी सुपारी का हिस्सा बताया गया है। एसपी ने बताया कि एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा और थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर के नेतृत्व में गठित विशेष अनुसंधान दल ने वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान कर इस गंभीर मामले का उद्भेदन किया। टीम में पुलिस अवर निरीक्षक रवि रंजन, संजय कुमार, चंद्रदीप मेहता, अमरनाथ पांडेय, तकनीकी शाखा के नीरज मिश्र समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## न्यूज बॉक्स

### भटकी मिली मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला



**कुड़ू - लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के उडुमुडू गांव में रविवार देर रात एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला भटकती हुई पाई गई। महिला की स्थिति देखकर स्थानीय ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए इसकी सूचना तुरंत कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया। टीम ने महिला को सुरक्षित रूप से थाने लाकर आवश्यक पूछताछ की, किंतु मानसिक स्थिति खराब होने के कारण वह अपना नाम-पता बताने में असमर्थ रही। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए महिला को समुचित उपचार के लिए रांची स्थित मानसिक आरोग्य संस्थान रिनपास भेजा गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई इस महिला की पहचान करता है या उसके परिजनों के बारे में जानकारी रखता है, तो कृपया कुडू थाना से संपर्क करें ताकि महिला को उसके परिवार से मिलाया जा सके।

### किसानों के बीच अरहर और उरद बीज का वितरण किया गया



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के झालजमीरा पंचायत अन्तर्गत झालजमीरा गांव में किसानों के बीच आत्मा के माध्यम से अरहर और उरद बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण का कार्य झारखण्ड सरकार के कृषि गन्ना व पशुपालन विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार खरीफ फसल के लिये वितीय वर्ष 2025 - 26 के अन्तर्गत मोबाइल द्वारा ओटीपी के माध्यम से झालजमीरा ग्राम के टाना भगतों के बीच ग्राम प्रधान रामदेव पहान की उपस्थिति में अरहर और उरद बीज का वितरण किया गया। वही प्रत्येक किसानों के बीच दो किलो अरहर और दो किलो उरद का वितरण किया गया। वही खरीफ फसल के मौसम में किसानों को अरहर और उरद का बीज मिलने से सभी किसानों के चेहरे में खुशी झलक रही है। वही एटीएम सुमन कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा उपलब्ध बीज को आत्मा के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र का सभी ग्राम पंचायत क्षेत्र के किसानों के बीच समय से बीज का वितरण किया जायेगा जिसे किसान समय से खरीफ फसल का खेती कृषि कार्य कर सकेंगे.मौके पर चन्द्रेव भगत,संतोष टाना भगत, प्रतिमा भगताइन, मदुसूदन भगत,सुमित्रा भगताइन,बिहारी भगत, तिवारी भगत, सुनीता कुमारी, महेन्द्र भगत, रीना भगताइन, सुनील भगत, सुभाष भगत समेत अन्य सैकड़ो महिला पुरुष किसिन मौजूद थे।

### विधायक मद से नवनिर्मित पीसीसी पथ का किया गया उद्घाटन



**लोहरदगा।** विधानसभा अंतर्गत किस्को प्रखंड के अशरफ नगर में कच्ची सड़क के कारण बरसात एवं अन्य दिनों में काफी ग्रामीणों को परेशानी होती थी। इसके समाधान के लिए ग्रामीणों के द्वारा विधायक डॉक्टर रामेश्वर उरांव को समस्या से अवगत कराया गया जिससे ग्रामीणों के आवेदन की प्राथमिकता देते हुए विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने अपने विधायक मद से ग्राम अशरफ नगर में कबीर अंसारी के घर से मुस्तफा अंसारी की घर के ओर पीसीसी पथ कार्य का स्वीकृति दिए जिससे पथ का निर्माण पूर्ण किया गया।जिसका उद्घाटन विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल एवं जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद के द्वारा फीता काट कर किया गया।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव जनता के समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर रहे है।जनता अपनी समस्या रखे समस्या का समाधान प्राथमिकता में होगी।मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा पथ निर्माण के होने से ग्रामीणों के समस्या का समाधान हुआ डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा लोहरदगा विधानसभा के विकास के लिए सड़क,राशन,मकान,बिजली जैसे समस्याओं के दूर किया है रहा है जिसका एक उदाहरण आज यह पीसीसी पथ का निर्माण है।इस मौके पर मुख्य रूप से किस्को 20सूत्र अध्यक्ष सामुल अंसारी,प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष युनूस अंसारी,नुसरत अंसारी,एकरामुल अंसारी,उल्फत अंसारी,इमाम जफर,सेराज खान,कबीर अंसारी, ,मुस्तफा अंसारी,के साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कल्याण विभाग प्रायोजित मेगा हेल्थ कैंप में 127 मरीजों का हुआ उपचार

- रांची, लोहरदगा और लातेहार सहित 48 गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** कल्याण विभाग, झारखंड सरकार द्वारा वित्त पोषित कल्याण अस्पताल हेंसल बसारडीह (लोहरदगा) एवं विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रांची के प्रसिद्ध चिकित्सकों की टीम द्वारा लोहरदगा, रांची, लातेहार सहित विभिन्न जिलों के 48 गांवों से आए ग्रामीणों का चिकित्सीय परीक्षण एवं परामर्श दिया गया। इस मेगा हेल्थ कैंप में हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय प्रसाद, एमडी फिजिशियन डॉ. शिवशंकर मुंडा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुभव कुमार, जनरल फिजिशियन डॉ. दिलीप खेस एवं डॉ. पी.पी. सिन्हा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संजू कुमारी गुप्ता ने मरीजों की जांच की और आवश्यक सलाह दी। स्वास्थ्य शिविर में कुल 127 मरीजों का इलाज किया गया, जिसमें नस एवं हड्डी रोग के 33 मरीज, नेत्र रोग के 23 मरीज, दंत रोग के 19 मरीज, तथा सामान्य बीमारियों से ग्रसित 53 मरीजों की जांच की गई। इसके अलावा 7 मरीजों का एक्स-रे, 14 मरीजों का सिकल सेल एनीमिया परीक्षण, 21 मरीजों के कुल 61 पैथोलॉजिकल जांच, और 1 मरीज की ईसीजी जांच की गई। शिविर में पहुंचे सभी मरीजों को निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस मेगा हेल्थ कैंप के सफल संचालन में प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, राजीव रंजन, मुकेश साहू, जमुना देवी, शिवम राय, अरुण राम, वरुण सिंह, अंशु कुमारी, सीमा कुमारी, सावित्री कुमारी, अनीता देवी, फारूक अंसारी, लक्ष्मी देवी एवं सुखमय कुंडू सहित अन्य कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही। स्वास्थ्य शिविर को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। लोगों ने सरकार एवं आयोजन समिति के प्रति आभार जताया।

## डॉ. आशा लकड़ा का आगमन आज

- जय श्रीराम समिति से करेंगी मुलाकात, पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा का आगामी 9 जुलाई को लोहरदगा आगमन सुनिश्चित हुआ है। इस अवसर पर वे हटिया मोहल्ला स्थित जय श्रीराम समिति के जिला कार्यालय में दोपहर 3:00 बजे समिति के पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगी। इस आगमन की जानकारी समिति के कोर कमेटी सदस्य ओम महतो ने दी। उन्होंने बताया कि डॉ. आशा लकड़ा के आगमन से समिति के कार्यकर्ताओं और सामाजिक व धार्मिक संगठनों में खुशी और उत्साह का माहौल है। बैठक के दौरान समिति के संरक्षक के साथ-साथ जिला पदाधिकारी, नगर पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी एवं कोर कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। यह बैठक सामाजिक समरसता, जनजातीय अधिकारों और संगठन के भावी कार्यों को लेकर विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### नाई समाज ने अधिवक्ता जितेंद्र ठाकुर को किया सम्मानित

**लोहरदगा।** जिला अधिवक्ता संघ में कार्य समिति सदस्य में जितेंद्र नाथ ठाकुर की जीत की खुशी में लोहरदगा जिला नाई समाज के द्वारा बैठक करके जितेंद्र नाथ ठाकुर को स्वागत किया गया । इस मौके पर झारखंड प्रदेश नाई समाज के सचिव दीपक ठाकुर के द्वारा जितेंद्र नाथ ठाकुर को मिठाई खिलाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर दीपक ठाकुर ने कहा कि लोहरदगा बार एसोसीएसन में कार्यकारणी सदस्य में जितेंद्र नाथ ठाकुर का चुनाव जीतना हमारे समाज के लिए गर्व की बात है। इस मौके पर बधाई देने वालो में लोहरदगा जिला में नाई समाज के अध्यक्ष अजय ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, सहित नाई समाज के कई लोग उपस्थित थे।

मोहर्रम मेला का एसडीओ व एसडीपीओ ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

## भ्रम फैलाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी : एसडीओ

- मेला क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर पुख्ता व्यवस्था की गई है : एसडीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** मोहर्रम के अवसर पर लोहरदगा बीएस कॉलेज पुलिस पिकेट स्थित आयोजित मेले का मंगलवार को एसडीओ अमित कुमार और एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने मेला परिसर का भ्रमण कर संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेला आयोजन की तैयारी एवं व्यवस्था को लेकर अधिकारियों ने संतोष जताया और शांति एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक स्तर पर हर जरूरी कदम उठाए जाने की बात कही। एसडीओ अमित कुमार ने कहा कि मेला को लेकर पूरी तरह से तैयारी की गई है। क्षेत्र में शांति और सद्भाव का वातावरण बना रहे, इसके लिए सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी माध्यम से भ्रम फैलाने या अनुशासन भंग करने की कोशिश करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर पुख्ता व्यवस्था की गई है। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे उत्सव में पारंपरिक ढंग से भाग लें और मिलजुल कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। मेला शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हो, इसके लिए स्थानीय प्रशासन लगातार क्षेत्र की निगरानी कर रहा है और आयोजन से जुड़े सभी पहलुओं पर बारीकी से ध्यान दिया जा रहा है।


**उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा**
(एन0आर0ई0पी0 शाखा)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
NIT NO – 01 वर्ष 2025–26

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथिः– :– कार्यालय अवधि में दिनांक 22.07.2025 अपराह्न 1.30 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 23.07.2025 को 1:30 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 23.07.2025 को 2:00 बजे अपराह्न में।
5. निविदा प्राप्ति एवं परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | लोहरदगा | पंचायत हरमू ग्राम नदिया में न्यू हॉस्पिटल संजय उरांव के धर से भरत भगत के घर होते हुए सुखदेव उरांव के घर तक पी0सी0सी0पथ निर्माण। | 20,72,149.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |

1 ग्रामीण कार्य विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
2 संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।

PR 356791 Lohardaga (25-26)_D

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–13/2025–26**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– भवन निर्माण विभाग। |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | :– 16/07/2025 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) |
| 4 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– 17/07/2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 5 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय | :– 17/07/2025 को 03:30 बजे अपराह्न से। |
| 6 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा .कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। |
| 7 | निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान | :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर। |
| 8 | कार्य का विवरणः– | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Proposed Watch Tower and Morcha Civil Court Nagar Untari Under Garhwa District. | ₹24,87,600.00 | ₹50,000.00 | ₹5,000.00 | 3 माह |
| 2. | *Construction of (A.D.J) 06 Court Chamber Ejlas Under Nagar Court Campus, Nagar Untari Under Garhwa Distt.* | ₹8,44,900.00 | ₹17,000.00 | ₹1,250.00 | 1 माह |

निविदा की शर्तें ***www.jharkhand.gov.in*** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोटः– ***Updated Character PAN, GST Return File Latest,*** जिस संवेदक के नाम से पंजीकरण प्रमाण–पत्र है उसी नाम से बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 मान्य होगा। स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं निविदा प्रकाशन होने की तिथि से निर्गत बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।
- **सिर्फ स्थानिय (जिला–गढ़वा) संवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी।**

**PR 356802 (Building)25-26*D**

**कार्यपालक अभियंता,**
**भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

**DISTRICT HEALTH SOCIETY, PALAMAU**
**NATIONAL TUBERCULOSIS ELIMINATION PROGRAMME**
Regd. No. :-13/1999 -2000
SADAR HOSPITAL PALAMAU , JHARKHAND
E-mailu :- dtojhplm@rntcp.org

**Request for Proposal**

पत्रांक .................... दिनांक ..................

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, पलामू ( NTEP ) के अन्तर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल संचालन हेतु राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी,झारखण्ड,राँची से निर्देश प्राप्त है। उक्त Campaign के संचालन के दौरान टीबी संक्रमण की उच्च जोखिम वालें संभावित मरीजों का Chest X-Ray करने में Hand Held X-Ray Machine की भूमिका महत्वमपूर्ण है।

इस संबंध में पलामू जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान के दौरान संभावित यक्ष्मा मरीजों को Hand Held X-Ray Machine X-Ray Machine के द्वारा X-Ray सुविधा प्रदान किया जाना है। इसके लिए इच्छुक, योग्य एवं सक्षम ऐजेंसी से निम्नांकित शर्तों के अन्तर्गत अपना प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करेगें ,जिसका विवरण निम्नांकित है।

| क्र0स0 | कार्य विवरणी | Specification of X-Ray Machine Should be as under |
|---|---|---|
| | पलामू जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान के संचालन के दौरान सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/टी0यू0 के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर ( AAM ) के क्षेत्र के मरीजों को आवष्यकतानुसार उपलब्ध Route Chart के आधार पर Hand Held X-Ray सुविधा उपलब्ध कराया जाना। | (1) X-Ray Machine Remex KA-6 (2) Should be approved by AERB India |

कोटेशन की शर्तें
1. प्रस्ताव अन्तर्गत दिये गये दर में सभी तरह का कर समाहित होगा।
2 प्रस्तावित दर के अतिरिक्त अन्य कोई शुल्क देय नहीं होगा।
3. किसी प्रकार के वाद–विवाद की स्थिति में न्यायायिक क्षेत्र मेदिनीनगर होगा।
4. इच्छुक फर्म/संस्थान अपना प्रस्ताव बन्द लिफाफे में दिनांक–14.07.2025 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपराहन् 2.00 बजे तक जमा कर सकते हैं।
5. बिना कारण बताए कोटेशन रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
6. प्राप्त प्रस्तावों का निस्तारण दिनांक–14.07.2025 को अपराहन् 4.00 बजे सिविल सर्जन, पलामू की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में किया जाएगा।
7. भुगतान निधि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी,
पलामू।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,पलामू।

PR 356790 (District) 25-26 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कायपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा लोहरदगा जिला के प्रतिष्ठित बीज उत्पादक एवं सभी मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि नई तकनीक Block Chain एवं National Fisheries Digital Platform (NFDP) में प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादक एवं सभी मत्स्य कृषकों को निबंधन कराना आवश्यक है।
निबंधन हेतु Portal पर अपलोड करने हेतु हेतु निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक हैः–
1. नाम /पता/प्रखण्ड/जिला
2. पासपोर्ट फोटो। (रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो)
3. जन्म तिथि
4. अपना मोबाईल/मोबाईल नं0
5. आधार कार्ड मूल प्रति (Qriginal)
6. बैंक पासबुक (Qriginal)
7. पैन कार्ड (Qriginal)
8. बोटर आई0डी0 कार्ड (Qriginal)
9. राशन कार्ड (Qriginal)
10. जमीन का रसीद (यदी हो तो)
11. आय प्रमाण पत्र (यदी हो तो)
12. जाति प्रमाण पत्र (यदी हो तो)
13. तालाब का विवरणीः–खाता नं0, प्लॉट नं0, तालाब का जलक्षेत्र (एकड़ में)/लैण्डमार्क/जीयो टैग फोटोग्राफ
14. तालाब किस योजना/किस विभाग/निजी/लीज/सामुदायिक/वर्ष में बना है।
15. वंशावली/खतियान का प्रति। (यदि हो तो)
16. मकान/खाता नं0 (NFDP में निबंधन के लिए)
17. मत्स्य कृषक का आधार से मोबाईल नम्बर लिंग होना चाहिए।
18. प्रशिक्षण प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा।

सभी प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादक एवं सभी मत्स्य कृषक उक्त कागजात के साथ जिला मत्स्य कार्यालय,लोहरदगा में उपस्थित होकर अपना निबंधन करायें। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आकार सम्पर्क कर सकते है।

**स्वघोषण**
मेरे द्वारा दी गई सभी जानकारी सत्य है पर टिक करना अनिवार्य है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR.NO.356731 Lohardaga(25-26):D

# न्यूज बॉक्स

## ग्रामीणों ने पंचायत मुखिया पर लगाया भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग के आरोप

**बसिया(गुमला)।** बसिया प्रखंड के कलिगा पंचायत में मुखिया की कार्यशैली से क्षुब्ध ग्रामीणों ने आज बीडीओ से हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। संदर्भवश एक आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना में मुखिया पर प्रति लाभुक दस हजार रूपयों की मांग करने का आरोप लगाया है। बताते चलें कि यह पहला अवसर नहीं है जब कलिगा पंचायत की मुखिया मरियम बेक पर इस तरह की शिकायतें दर्ज कराई गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उन्हें सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी थी परन्तु उनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं आया है। वर्तमान मामले में आवास विहीन होने और आवास पारित होने के बावजूद दस हजार रुपए नहीं देने पर मुखिया के द्वारा सूची से नाम हटाने की खुलेआम धमकी दी जा रही है। इतना ही नहीं इस पंचायत में पैसे के बल पर उन ग्रामीणों को आवास आवंटित किया गया है जो हर तरह से सुखी संपन्न हैं। दूसरी ओर इस पूरे आरोप को बिचौलियों के द्वारा प्रायोजित बताते हुए मुखिया मरियम बेक ने कहा कि सभी आरोप निराधार हैं और आवास के गतिरोधों को लेकर पूर्व में ही बीडीओ को अवगत कराया जा चुका है।

## एसडीओ ने खाद-बीज दुकानों का किया औचक निरीक्षण, कार्रवाई की चेतावनी



**बसिया (गुमला)।** बसिया अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में आज खाद और बीज दुकानों में औचक निरीक्षण किया गया। बसिया अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में किये गये इस निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान दर सूची, स्टॉक संधारण और अन्य पहलुओं की गहन जांच की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी जयवंती देवगम ने बताया कि उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार एसडीपीओ नाजिर अख्तर के साथ मिलकर यह कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई के दौरान बसिया के कोनबीर स्थित कई बीज और उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इन सभी दुकानों में दर सूची और स्टॉक सूची नहीं होने की शिकायतें सामने आई। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए दुकानदारों को अविलंब इस अव्यवस्था पर सुधार करने की चेतावनी दी गई। इस चेतावनी के साथ उन्होंने मौके पर मुनाफाखोरी, कालाबाजारी और आधारसंख्या संधारण आदि मामलों में पूर्व निर्धारित शर्तों के अक्षरशः अनुपालन का निर्देश दिया। एसडीओ श्रीमती देवगम ने यह जानकारी भी दी कि आने वाले दिनों में तमाम खाद बीज के दुकानों का नियमित तौर पर निरीक्षण किया जाएगा और निर्धारित शर्तों में से किसी के भी उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अनियंत्रित होकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त तीन घायल



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के छीछवानी के समीप सोमवार को एक तेज रफ्तार बजाज एनएस बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे उस पर सवार तीन युवक घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से दो की गंभीर हालत देखते हुए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नवगई से चैनपुर की ओर जा रही यह बाइक काफी तेज गति में थी। छीछवानी के समीप मोड़ पर चालक बाइक को नियंत्रित नहीं कर सका, जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। दुर्घटना में चैनपुर, बुकमा निवासी सचिन उरांव पिता सतीश उरांव, उम्र 27 वर्ष और अंकित भगत पिता शोभा भगत, उम्र 20 वर्ष को गंभीर चोटें आई हैं। उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें तत्काल सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। वहीं, रवि नाथ नगेसिया माता जयमुनि नगेसिया, उम्र 22 वर्ष को हल्की चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर किया गया है।दुर्घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं और घायलों का हालचाल जाना। चैनपुर थाना ने घटना का संज्ञान लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच ठप, मरीज बेहाल

**चैनपुर।** चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विभिन्न प्रकार की चिकित्सीय जांचें बंद होने से प्रखंड के लोग परेशान हैं। जांच के अभाव में मरीजों को मजबूरन निजी अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों का रुख करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक और शारीरिक दोनों तरह से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति सरकार की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर किए जा रहे दावों पर बड़ा सवाल खड़ा करती है।एक ओर जहां सरकार अस्पतालों में सभी तरह की सुविधाएं मुहैया कराने के लिए लाखों-करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर चैनपुर सीएचसी में कार्यरत कर्मियों का दुर्व्यवहार और मनमानी लोगों की परेशानी का सबब बन रही है। इसका जीता-जागता उदाहरण आज सरिता देवी नामक महिला के साथ हुआ। सरिता देवी हीमोग्लोबिन और अन्य जांच कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थीं। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले उन्हें मंगलवार को आकर जांच कराने के लिए कहा गया था, लेकिन आज भी उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया कि "जांच नहीं हो रही है।" सरिता देवी ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा, "हम गरीब लोग कहां जाएंगे? सरकार की सुविधा पर यह बड़ी सवाल खड़ा होता नजर आ रहा है।"यह सिर्फ सरिता देवी की कहानी नहीं है, ऐसे कई मरीज रोजाना सीएचसी आते हैं, लेकिन बिना इलाज कराए ही लौट जाते हैं। मजबूरी में उन्हें अपनी जमीन, जगह, धान या चावल बेचकर निजी अस्पतालों में भर्ती होना पड़ता है ताकि वे अपनी जान बचा सकें। सरकार प्रत्येक कर्मी को नागरिकों को सुविधा मुहैया कराने के लिए वेतन देती है, लेकिन यहां कर्मी अपनी मनमानी और रॉब झाड़ते नजर आ रहे हैं।प्रशासन को इस गंभीर मामले पर तत्काल संज्ञान लेना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी आवश्यक जांचें अविलंब शुरू की जाएं।

## अनुमंडल स्तर पर राजनीतिक दलों की बैठक संपन्न

**बसिया (गुमला)।** बसिया में आज सिसई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बसिया की अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से प्राप्त निर्देशों के आलोक में सभी राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। इस संबंध में बताया गया कि प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए बूथ लेवल अफसर की नियुक्ति की गई है। बैठक में एसडीओ जयवंती देवगम ने यह जानकारी भी दी कि बूथ लेवल एजेंटों की उपस्थिति से निर्वाचन पूर्व गतिविधियों, मतदाता सूची के संधारण, जागरूकता प्रसार और नए मतदाताओं के पंजीकरण आदि प्रक्रियाओं में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी संभव हो सकेगी।

### डीसी ने सुनीं 40 से अधिक आवेदकों की समस्याएं

# समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जनसरोकारों के समाधान के लिए आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस के तहत मंगलवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आम नागरिकों से संवाद किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 40 आवेदकों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिन पर उपायुक्त ने गंभीरतापूर्वक सुनवाई कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

आवेदनों में प्रमुख रूप से भूमि विवाद, सीमांकन, रोजगार, पेंशन, सरकारी सहायता, राशन डीलर अनुज्ञप्ति, मानदेय बकाया, अनुकंपा नियुक्ति, शिक्षा व आधारभूत सुविधा से जुड़ी शिकायतें शामिल रहीं।

कोनबीर पंचायत के भागीडेरा गांव के ग्रामीणों ने 33 हजार वोल्ट के जर्जर पोल पर 11 हजार वोल्ट की लाइन जोड़े जाने की गंभीर शिकायत दर्ज कराई। उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया।

कस्तूरबा गांधी एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में चावल आपूर्ति में वेंडर द्वारा अनियमितता की शिकायत पर उपायुक्त ने अपर समाहर्ता गुमला को जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

राजकीय बुनियादी उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कुरूमगढ़ की छत से पानी रिसाव और चारदीवारी की कमी जैसी जर्जर भवन स्थिति की जानकारी पर उपायुक्त ने जिला परिषद को मरम्मती कार्य हेतु प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा की जन शिकायत निवारण दिवस आमजन से सीधे संवाद का अवसर है, जिसे प्रशासन अत्यंत गंभीरता से लेता है। नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और हर स्तर पर जवाबदेही तय की जाएगी।



### तीन आश्रितों को सौंपा गया अनुकंपा पर नियुक्ति पत्र

**गुमला।** आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने अनुकंपा समिति की अनुशंसा पर तीन पात्र आश्रितों को अनुकंपा आधारित नियुक्ति पत्र प्रदान किए। यह नियुक्तियां पूर्व में उग्रवादी हिंसा में शहीद कर्मियों के परिजनों को सम्मान और आजीविका का सहारा देने के उद्देश्य से की गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति की स्वीकृति के तहत जिन आश्रितों को नियुक्ति पत्र दिए गए।

## हिंडाल्को सीएसआर विभाग ने वन महोत्सव का किया आयोजन




● 500 से अधिक फलदार पौधे वितरित व रोपित

नवीन मेल संवाददाता

**बिशुनपुर (गुमला)।** मिनरल एंड मिनरल्स लिमिटेड (हिंडाल्को) की अमतीपानी-चिरोडीह बॉक्साइट माइंस के सीएसआर विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए अमतीपानी और चिरोडीह पंचायत के समुदाय एवं बच्चों के साथ मिलकर वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान आम, अमरूद, जामुन और कटहल जैसे 500 से अधिक फलदार पौधों का वितरण एवं सामूहिक पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरीय खान प्रबंधक शंभु शरण वशिष्ठ ने आम और लीची के पौधे वितरित कर किया। उन्होंने उपस्थित समुदाय से अपील की कि पौधों को केवल लगाएं ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और नियमित देखभाल को भी अपनी जिम्मेदारी समझें। उन्होंने कहा कि "पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।" हर वर्ष 1 से 7 जुलाई के बीच हिंडाल्को द्वारा अपने सभी माइंस क्षेत्रों में वन महोत्सव सप्ताह का आयोजन किया जाता है, जिसके अंतर्गत 2 से 3 हजार पौधों का रोपण किया जाता है।

## डोम्बा में मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ संपन्न

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के डोम्बा गांव स्थित बाजार टांड़ में मंगलवार को सेंट्रल मोहर्रम कमिटी डोम्बा के तत्वावधान में इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम का पर्व पूरी अक़ीदत, भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर डोम्बा, नरौली, रायकेरा, भड़गांव, डाडहा, सरगांव, अम्बोवा, डुडीया, नवाटोली सहित कई गांवों के खिलाड़ी दल बाजा-गाजा के साथ कार्यक्रम स्थल पर एकत्र हुए और अस्त्र-शस्त्र का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन समाजसेवी किशोर साहू, थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, मोकिम अंसारी और सकीम अंसारी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के उपरांत सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और शांति व सौहार्दपूर्ण आयोजन की सराहना की। समाजसेवी किशोर साहू ने अपने संबोधन में कहा कि, "डोम्बा वासियों ने मोहर्रम के अवसर पर एकता और भाईचारे की मिसाल पेश की है।

# पालकोट में वाहन चेकिंग अभियान के तहत 1.23 लाख जुर्माना वसूला गया

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला (पालकोट)।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. हरीस बिन जमा के निर्देशानुसार मंगलवार को पालकोट थाना के सामने मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग अभियान के साथ-साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप और मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह ने किया, जिसमें सड़क पर यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर वाहन चालकों को जागरूक किया गया। वाहन चेकिंग एवं काउंसलिंग कार्यक्रम शाम 4:20 बजे से 5:30 बजे तक चला, जिसके दौरान 35-40 दोपहिया वाहन चालकों को रोड सेफ्टी टीम द्वारा यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। चालकों को हेलमेट पहनने, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग, और वैध कागजात रखने जैसे नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। सड़क सुरक्षा टीम द्वारा बताया गया कि इन नियमों का पालन न केवल स्वयं की जान की सुरक्षा करता है, बल्कि अन्य यात्रियों की भी रक्षा करता है। इस अवसर पर रोड सेफ्टी काउंसलिंग के माध्यम से लोगों को बताया गया कि एक छोटी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है।

# गुमला समाहरणालय भवन अब बना सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** झारखंड की समृद्ध लोक संस्कृति और पारंपरिक कला को जीवंत रूप देने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए गुमला समाहरणालय भवन को पारंपरिक सोहराई पेंटिंग से सजाया गया है। यह कार्य उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार संपन्न हुआ, जिसके तहत समाहरणालय भवन की आंतरिक दीवारों पर स्थानीय आदिवासी चित्रकला का मनोहारी चित्रण किया गया है।

उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने इस पहल को संस्कृति से जुड़ाव और स्थानीय कला के सम्मान का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, "सोहराई चित्रकला न केवल एक पारंपरिक कला है, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक आत्मा है। समाहरणालय भवन को इससे सजाना हमारी परंपरा और पहचान को जीवित रखने की दिशा में एक छोटा लेकिन अहम प्रयास है।"सोहराई कला, जो परंपरागत रूप से दीपावली के पश्चात मनाए जाने वाले सोहराई पर्व के दौरान घरों की दीवारों पर चित्रित की जाती है, अब शहरी प्रशासनिक भवनों की शोभा भी बढ़ा रही है। इस कला में प्राकृतिक रंगों, मिट्टी, कोयले और लकड़ी का उपयोग कर पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, ग्रामीण जीवन, और जनजातीय संस्कृति का जीवंत चित्रण किया जाता है।

इस कार्य में स्थानीय कलाकारों और आदिवासी चित्रकारों की अहम भूमिका रही, जिन्हें जिला प्रशासन द्वारा प्रोत्साहन, सहयोग और मंच प्रदान किया गया।


कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा
प्रथम तल्ला विकास भवन, लोहरदगा

ई0 अल्पकालीन आमंत्रण सूचना

ई0–अल्पकालीन निविदा संख्या :–01 / 2025–26 / NREP/LOHARDAGA दिनांक 08.07.25
कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e Procutment
पद्धति से अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NREP/LOHARDAGA/ 01/2025-26 | अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका मध्य विद्यालय लोहरदगा का मरम्मति कार्य | 70,44,600.00 | सत्तर लाख चौवालीस हजार छः सौ रूपये मात्र। | छः माह | द्वितीय |

2:–वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– :– 15.07.2025
3:–ई–निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि :– 23.07.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक
4:–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 25.07.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
5:–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पत्ता:– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0 ,लोहरदगा।
6:– ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष स0:–8409767005
7:– निविदा में ग्रामीण कार्य विभाग / भवन निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ले सकते हैं।
8:– संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।
नोटः– निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा

PR 356774 (Lohardaga)25-26*D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
एन0आर0ई0पी0, चतरा।
ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

पुनर्निविदा सूचना संख्या– Ref No: EE/NREP/CHATRA/22/2024-25-RE-1 दिनांक– 07.07.2025
1. मद का नाम: DMFT योजना अन्तर्गतः–

| क्र. सं. | ग्रुप संख्या | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | कुल राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 1 | प्रतापपुर | घोड़दौड | गेरूआ | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 494200 | 1545400 | 31000 | 5000 | 3 माह |
| 02 | | प्रतापपुर | योगियारा | मैराग खुर्द | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 525000 | | | | |
| 03 | | प्रतापपुर | योगियारा | अरिपुरवा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 526200 | | | | |
| 04 | 2 | प्रतापपुर | योगियारा | मैराग कला | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 543600 | 1619700 | 32500 | 5000 | 3 माह |
| 05 | | प्रतापपुर | बभने | रबदा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 535600 | | | | |
| 06 | | प्रतापपुर | प्रतापपुर | कारूडीह | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 540500 | | | | |
| 07 | 3 | प्रतापपुर | प्रतापपुर | प्रतापपुर | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 530000 | 1591700 | 32000 | 5000 | 3 माह |
| 08 | | प्रतापपुर | योगीडीह | महुगाई | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 529300 | | | | |
| 09 | | प्रतापपुर | योगीडीह | योगीडीह | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 532400 | | | | |
| 10 | 4 | हण्टरगंज | कोबना | बहेरी | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 537500 | 2129200 | 43000 | 5000 | 3 माह |
| 11 | | हण्टरगंज | कोबना | कोबनी | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 534300 | | | | |
| 12 | | हण्टरगंज | कोबना | कोबना 1 | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 526200 | | | | |
| 13 | | हण्टरगंज | कोबना | कोबना 2 | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 531200 | | | | |
| 14 | 5 | हण्टरगंज | कोबना | कोबना 3 | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 534300 | 2146500 | 43000 | 5000 | 3 माह |
| 15 | | हण्टरगंज | केदलीकला | बेलगडा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 543600 | | | | |
| 16 | | हण्टरगंज | केदलीकला | केदलीकला | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 528100 | | | | |
| 17 | | हण्टरगंज | गोसईडीह | पिण्डरी | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 540500 | | | | |
| 18 | 6 | हण्टरगंज | गोसाईडीह | नागर | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 546800 | 2168400 | 43500 | 5000 | 3 माह |
| 19 | | हण्टरगंज | तरवागड़ा | धरधरा (कोलेश्वरी डाहा) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 540500 | | | | |
| 20 | | हण्टरगंज | तिलहेत | सेलवार | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 549900 | | | | |
| 21 | | हण्टरगंज | तिलहेत | तिलहेत | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 531200 | | | | |
| 22 | 7 | हण्टरगंज | तिलहेत | कोलवा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 534300 | 2156000 | 43500 | 5000 | 3 माह |
| 23 | | हण्टरगंज | उरैली | पण्डरी | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 549900 | | | | |
| 24 | | हण्टरगंज | उरैली | लरसर | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 540500 | | | | |
| 25 | | हण्टरगंज | मिरपुर | मिरपुर | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 531300 | | | | |
| 26 | 8 | हण्टरगंज | मिरपुर | जजलो | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 529200 | 1592500 | 32000 | 5000 | 3 माह |
| 27 | | हण्टरगंज | मिरपुर | सोनवर्षा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 532700 | | | | |
| 28 | | हण्टरगंज | मिरपुर | मिरपुर | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 530600 | | | | |
| 29 | 9 | हण्टरगंज | जबड़ा | खजुरिया कला | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 532700 | 1597400 | 32000 | 5000 | 3 माह |
| 30 | | हण्टरगंज | डाहा | ढेबो | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 532000 | | | | |
| 31 | | हण्टरगंज | डाहा | डाहा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 532700 | | | | |
| 32 | 10 | हण्टरगंज | डाहा | बेला | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 532000 | 1593900 | 32000 | 5000 | 3 माह |
| 33 | | हण्टरगंज | औरू | आरू (महुआटांड) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 529200 | | | | |
| 34 | | हण्टरगंज | औरू | आरू (निमिआटांड) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 532700 | | | | |
| 35 | 11 | कान्हाचट्टी | तुलबुल | तुलबुल (उपरी तुलबुल) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 487700 | 1577100 | 32000 | 5000 | 3 माह |
| 36 | | कान्हाचट्टी | तुलबुल | तुलबुल | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 556600 | | | | |
| 37 | | कान्हाचट्टी | तुलबुल | तुलबुल (नीचे टोला) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 532800 | | | | |
| 38 | 12 | कान्हाचट्टी | तुलबुल | सरैया | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 842700 | 1720700 | 34500 | 5000 | 3 माह |
| 39 | | कान्हाचट्टी | तुलबुल | कन्दरी | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 539600 | | | | |
| 40 | | कान्हाचट्टी | चिरीदीरी | चिरीदीरी (बेलाटाँड) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 338400 | | | | |
| 41 | 13 | कान्हाचट्टी | कोल्हैया | धमधमा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 509700 | 1839900 | 37000 | 5000 | 3 माह |
| 42 | | कान्हाचट्टी | कोल्हैया | कोल्हैया | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 893800 | | | | |
| 43 | | कान्हाचट्टी | कोल्हैया | कोल्हया (पूर्व टोला) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 436400 | | | | |
| 44 | 14 | कान्हाचट्टी | कोल्हैया | हेमरालुटा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 705900 | 1507900 | 30500 | 5000 | 3 माह |
| 45 | | कान्हाचट्टी | कोल्हैया | चेवटा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 802000 | | | | |
| 46 | 15 | कान्हाचट्टी | कोल्हैया | भाँग कुरकुट्टा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 820800 | 1825500 | 36510 | 5000 | 3 माह |
| 47 | | कान्हाचट्टी | कोल्हैया | रोशना | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 460800 | | | | |
| 48 | | कान्हाचट्टी | बेंगोकला | मनगड़ा | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 543900 | | | | |
| 49 | 16 | कान्हाचट्टी | बेंगोकला | बेंगोकला (चोरटाँड़) | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 651000 | 1858200 | 37500 | 5000 | 3 माह |
| 50 | | कान्हाचट्टी | बेंगोकला | बेगोकलाखुर्द | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 580100 | | | | |
| 51 | | कान्हाचट्टी | बेंगोकला | बेंगोकाला | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 627100 | | | | |
| 52 | 17 | कान्हाचट्टी | चिरीदीरी | सिन्दुरिया | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 441900 | 885100 | 18000 | 1250 | 3 माह |
| 53 | | कान्हाचट्टी | जमरी बकसपुरा | जमरी बकसपुर | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 443200 | | | | |
| 54 | 18 | कान्हाचट्टी | जमरी बकसपुरा | जमरी बकसपुर | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 460900 | 1485400 | 30000 | 2500 | 3 माह |
| 55 | | कान्हाचट्टी | बक्चुम्बा | बाराबागी | आंगनबाड़ी केन्द्र की मरम्मती कार्य | 1024500 | | | | |

2. वेबसाइट में ई– पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि – 14.07.2025
3. ई –पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 25.07.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई– पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 28.07.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा।
6. ई–पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 9572666229, (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www. jharkhandtenders.gov.in देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी. चतरा।

PR 356779 NREP(25-26)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जिस तरह से विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न धाराएं अपना जल समुद्र में मिला देती हैं, उसी प्रकार मनुष्य द्वारा चुना हर मार्ग चाहे वह अच्छा हो या बुरा, भगवान तक जाता है। - **स्वामी विवेकानंद जी**

## संपादकीय

# मतदाता सूची मामले में कोर्ट का दुरूपयोग न हो

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले मतदाता सूची के सत्यापन और पुनरीक्षण पर मचे सियासी बवाल की धमक अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई है। निर्वाचन आयोग के 24 जून के आदेश को मौलिक अधिकारों का हनन बताते हुए उसे रद्द करने के लिए याचिका दायर हुई है। ममता बनर्जी ने इसे राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) से भी ज्यादा खतरनाक बताते हुए आरोप लगाया है कि अगले साल पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव इस अभियान का असली लक्ष्य है। चुनाव आयोग की यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद-326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम और निर्वाचन पंजीकरण नियमावली, 1960 के नियमों के अनुरूप हो रही है। वित्तीय धोखाधड़ी रोकने के लिए बैंक खातों और लॉकर्स का नियमित केवाईसी, साइबर फ्रॉड रोकने के लिए मोबाइल नंबरों का सत्यापन, अपराध रोकने के लिए किरायेदारों की जांच और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में घोटालों को रोकने के लिए डुप्लीकेट राशन कार्ड को रद्द करने की कार्रवाई का कोई विरोध नहीं होता। महाराष्ट्र में 40 लाख मतदाता बढ़ने पर चल रहे विवाद के बीच चुनाव आयोग ने बिहार के बाद सभी राज्यों में मतदाता सूची की गडबड़ियों को ठीक करने का फैसला लिया है। इसलिए संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर मतदाता सूची शुद्धिकरण का विशेष अभियान सभी राज्यों में सफलतापूर्वक चले, तो 2029 के लोकसभा चुनावों के पहले पूरे देश में मतदाता सूची दुरुस्त हो जाएगी। आजादी के बाद मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण अब तक नौ बार हो चुका है और आखिरी बार विशेष पुनरीक्षण 2003 में हुआ था। चुनाव आयोग के अनुसार, 22 साल पहले पुनरीक्षण की प्रक्रिया एक महीने में पूरी हुई थी। याचिका के अनुसार, करोड़ों लोगों के नाम मतदाता सूची से कट सकते हैं, लेकिन 7.89 करोड़ में से लगभग 4.96 करोड़ का नाम 2003 की मतदाता सूची में शामिल था, उन्हें गणना फॉर्म के साथ सिर्फ 2003 की मतदाता सूची में अपने नाम का विवरण बीएलओ को देना होगा। बकाया तीन करोड़ मतदाताओं में, जिनके माता-पिता का नाम 2003 के मतदाता सूची में है, उनके लिए भी आसान प्रकिया है।उसके बाद बचे मतदाताओं को गणना फॉर्म के साथ कोई दस्तावेज नहीं देना है, लेकिन 11 मान्य दस्तावेजों में से एक कागज देना होगा। इनमें सरकारी नौकरी या पेंशन, पासपोर्ट, मैट्रिक प्रमाण पत्र, निवास, वन अधिकार, जाति, पारिवारिक रजिस्टर, भूमि या मकान के स्वामित्व आदि के प्रमाण पत्र और दस्तावेज शामिल हैं। समस्या की असली जड़ को समझने के लिए साल-2022 में हुए जातीय सर्वे के साथ राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे और भारत मानव विकास सर्वे की रिपोर्ट के नवीनतम आंकड़ों को समझना जरूरी है। उनके अनुसार जन्म प्रमाण पत्र 2.8 फीसदी, पासपोर्ट 2.4 फीसदी, मैट्रिक प्रमाण पत्र 45 फीसदी, जाति प्रमाण पत्र 16 फीसदी और सरकारी नौकरी के प्रमाण पत्र सिर्फ 1.57 फीसदी लोगों के पास हैं। जन्म-प्रमाण पत्र के पंजीकरण के लिए साल-1969 में संसद ने कानून बनाया था, लेकिन बिहार में सिर्फ एक-चौथाई बच्चों का ही जन्म के बाद पंजीकरण हो रहा है। 2011 के सामाजिक-आर्थिक सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण इलाकों के 1.78 करोड़ परिवारों में से 65.58 फीसदी लोगों के पास भू-स्वामित्व नहीं है। इसलिए 11 दस्तावेजों के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा, जॉब कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस को मान्यता देने की मांग हो रही है।

> *चुनाव आयोग की यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद-326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम और निर्वाचन पंजीकरण नियमावली, 1960 के नियमों के अनुरूप हो रही है।*

### ब्रिक्स बनाम अमेरिका : टैरिफ युद्ध की नई दस्तक

# भारत की दोहरी चुनौती : ब्रिक्स की प्रतिबद्धता और अमेरिका की धमकी




वैश्विक मंच पर एक नया तूफान खड़ा हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ताजा चेतावनी ने ब्रिक्स देशों के साथ व्यापारिक और भू-राजनीतिक तनाव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। 9 जुलाई 2025 को समाप्त होने वाली जवाबी टैरिफ की समयसीमा और ब्राजील में चल रहे 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बीच ट्रम्प का यह बयान कि ब्रिक्स की "अमेरिका विरोधी नीतियों" का समर्थन करने वाले देशों पर 10% अतिरिक्त टैरिफ लगेगा, वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़े बदलाव का संकेत देता है। यह केवल व्यापार युद्ध की शुरुआत नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन में एक गहरी दरार का प्रतीक है।

अमेरिका द्वारा लगाए गए जवाबी टैरिफ की कहानी अप्रैल 2025 से शुरू होती है, जब ट्रम्प प्रशासन ने विश्व भर के व्यापारिक साझेदारों पर 10% से 49% तक टैरिफ की घोषणा की थी। भारत जैसे देशों पर 26% टैरिफ लगाया गया, जबकि चीन पर 34% और दक्षिण अफ्रीका पर 30% टैरिफ निर्धारित किया गया। हालांकि, वैश्विक दबाव के चलते इन टैरिफ को 90 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया, जिसकी समयसीमा अब 9 जुलाई को समाप्त हो रही है। ट्रम्प ने 7 जुलाई को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर ऐलान किया कि 12 देशों को टैरिफ पत्र भेजे जाएंगे, जिनमें कोई अपवाद नहीं होगा। यह कदम न केवल ब्रिक्स देशों को निशाना बनाता है, बल्कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था को भी चुनौती देता है।

ब्रिक्स समूह, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका के साथ-साथ मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे नए सदस्य शामिल हैं, वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक प्रभावशाली शक्ति बन चुका है। 2024 में चार नए देशों और 2025 में इंडोनेशिया के शामिल होने से इस समूह का दायरा और बढ़ गया है। ब्रिक्स देशों की कुल जनसंख्या विश्व की लगभग आधी है, और यह समूह वैश्विक जीडीपी का 40% और व्यापार व निवेश प्रवाह का 25% हिस्सा नियंत्रित करता है। ऐसे में, ब्रिक्स का बढ़ता प्रभाव अमेरिका के लिए असहजता का कारण बन रहा है, खासकर जब यह समूह अमेरिकी डॉलर की वैश्विक प्रभुता को चुनौती देने की कोशिश कर रहा है।

17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रियो डी जेनेरियो में जारी संयुक्त घोषणापत्र में ब्रिक्स देशों ने अमेरिका की एकतरफा टैरिफ नीतियों की कड़ी आलोचना की। घोषणापत्र में कहा गया कि टैरिफ और गैर-टैरिफ उपाय वैश्विक व्यापार को विकृत करते हैं और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का उल्लंघन करते हैं। ब्रिक्स ने एक खुले, निष्पक्ष, और नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली की वकालत की, जो वैश्विक मंदी और धीमी वृद्धि को रोकने के लिए आवश्यक है। इस बयान ने ट्रम्प के गुस्से को और भड़का दिया, जिन्होंने इसे "अमेरिका विरोधी" करार देते हुए 10% अतिरिक्त टैरिफ की धमकी दी।

ट्रम्प का यह रुख नया नहीं है। जनवरी 2025 में भी उन्होंने ब्रिक्स देशों को चेतावनी दी थी कि अगर वे डॉलर के विकल्प के रूप में नई मुद्रा विकसित करते हैं, तो 100% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। यह धमकी ब्रिक्स की उस महत्वाकांक्षा से जुड़ी है, जिसमें वह अमेरिकी डॉलर और यूरो पर वैश्विक निर्भरता को कम करने के लिए एक वैकल्पिक भुगतान प्रणाली या नई मुद्रा की दिशा में काम कर रहा है। 2022 के 14वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इस विचार की नींव रखी गई थी, और रूस-चीन जैसे देशों ने रूबल और युआन में 95% व्यापार शुरू कर इस दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। भारत के लिए यह स्थिति विशेष रूप से जटिल है। एक ओर, भारत ब्रिक्स का एक प्रमुख सदस्य है, जो वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत करने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। दूसरी ओर, अमेरिका के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी और 8 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार इसे टैरिफ युद्ध में नाजुक स्थिति में डालता है। भारत ने अप्रैल में लगाए गए 26% टैरिफ को पूरी तरह हटाने की मांग की है, और दोनों देशों के बीच सितंबर-अक्टूबर तक एक अंतरिम व्यापार समझौते की उम्मीद है। हालांकि, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने स्पष्ट किया है कि भारत राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देगा और किसी भी डेडलाइन के दबाव में समझौता नहीं करेगा। ट्रम्प की नीतियों का प्रभाव केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और रत्न-आभूषण जैसे क्षेत्र, जो भारत के लिए 14 अरब और 9 अरब डॉलर के निर्यात बाजार हैं, इस टैरिफ युद्ध से बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि, फार्मास्यूटिकल्स और ऊर्जा क्षेत्रों को फिलहाल छूट दी गई है, जो भारत के 12.2 अरब डॉलर के दवा निर्यात के लिए राहत की बात है। फिर भी, विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय में टैरिफ में बदलाव इन क्षेत्रों को भी प्रभावित कर सकते हैं। ब्रिक्स देशों का जवाबी रुख भी कम आक्रामक नहीं है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि ब्रिक्स का उद्देश्य किसी देश के खिलाफ नहीं, बल्कि समावेशी और सहकारी विकास को बढ़ावा देना है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले साल अमेरिका पर डॉलर को हथियार बनाने का आरोप लगाया था, और ब्रिक्स की नई मुद्रा की योजना को वैश्विक वित्तीय प्रणाली में अमेरिकी प्रभुत्व के खिलाफ एक कदम माना जा रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इस टकराव का प्रभाव गहरा हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर को 6.2% अनुमानित किया है, जो वैश्विक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के कारण 0.3% कम है। ब्रिक्स देशों का आंतरिक व्यापार 2025 में 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है, जो उनकी आर्थिक ताकत को दर्शाता है। लेकिन ट्रम्प की टैरिफ नीति इस वृद्धि को बाधित कर सकती है, जिससे वैश्विक मंदी का खतरा बढ़ सकता है। इस तनाव का एक और आयाम ब्रिक्स की आतंकवाद के खिलाफ अटल एकजुटता है। 17वें शिखर सम्मेलन में, पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए ब्रिक्स ने आतंकवाद के खात्मे के लिए निर्णायक और ठोस कार्रवाई का आह्वान किया। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंच का प्रभावी उपयोग कर पाकिस्तान को वैश्विक कटघरे में खड़ा किया, जिसने ब्रिक्स की भू-राजनीतिक प्रासंगिकता को और सशक्त किया। यह टकराव केवल व्यापारिक नीतियों तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन का एक गहन प्रश्न है। ट्रम्प की "अमेरिका पहले" नीति और ब्रिक्स की बहुपक्षीय विश्व व्यवस्था की दमदार वकालत एक ऐसी वैचारिक जंग की शुरुआत कर रही है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व दिशाओं में ले जा सकती है। क्या यह संघर्ष एक नई विश्व व्यवस्था को आकार देगा, या यह वैश्विक मंदी का कारण बनेगा? यह सवाल भविष्य के गर्भ में छिपा है, मगर इतना निश्चित है कि आने वाले दिन वैश्विक मंच पर ऐतिहासिक बदलावों के साक्षी बनेंगे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**प्रो. आरके जैन**

# आओ अनियोजित निर्णय पर ध्यान दें

मानव के व्यावहारिक जीवन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती है जहां उस विशेष अनियोजित परिस्थितियों में अचानक ही निर्णय लेने की ज़रूरत होती है बस !यही वह समय होता है जब अपनी बुद्धि कौशलता के साथ हमें बड़े बुजुर्गों द्वारा कही गई कहावतों, मुहावरों, विचारों को रेखांकित करने की अत्यंत तात्कालिक ज़रूरत होती है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र से, मेरा मानना है कि उससे हमें अति उच्च गुणवत्ता का सकारात्मक निर्णय लेने में आसानी होती है,जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम होते हैं और उन परिस्थितियों में पढ़ने वाले विपरीत नुकसान, दुष्परिणामों से बचा जा सकता है जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम निकलते हैं और हम उसका श्रेय बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद के रूप में ले सकते हैं। साथियों बात अगर हम व्यवहारिक जीवन में निर्णय लेने की करें तो यह दो प्रकार का हो सकता है नियोजित और अनियोजित निर्णय, ऐसे निर्णय जो किसी परिस्थिति विशेष पर अकस्मात लेने पड़ते हैं जिसके लिए कोई पूर्व योजना नहीं होती है अनियोजित निर्णय कहलाते हैं। इसके विपरीत ऐसे निर्णय जो किसी पूर्व योजना पर आधारित होते हैं, नियोजित निर्णय कहलाते हैं। नियोजित निर्णय ठोस तथ्यों पर आधारित होते हैं क्योंकि यह पूर्व निर्धारित योजना पर आधारित होते हैं। साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों की कहावतों की करें तो, कहावत उस छोटे से वाक्य या लाइन को कहा जाता है जिसके माध्यम से बड़ी-बड़ी बातें कह दी जाती है। गाँव, घर में अक्सर बड़े-बुजुर्गों के द्वारा बहुत सारी कहावतें सुनने को मिलती है। इन कहावतों को स्कूल में नही पढाया जाता है, इसे ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बोलने में प्रयोग करते है। बहुत सारी ऐसी कहावतें होती है जो घर की महिलाओं के द्वारा प्रयोग की जाती है, कई बार गाँव में बड़े बुजुर्गों की कहावत का अर्थ तो पढ़े लिखे लोग भी नहीं निकाल पाते है, और शर्म में हाँ में हाँ मिलाकर आगे बढ़ जाते है। साथियों बात अगर हम तुरंत निर्णय लेने वाली परिस्थितियों की करें तो, मानव जीवन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां आती है जब मनुष्य समझ नहीं पाता कि उसे किस तरह उस परिस्थिति का सामना करना है । परिस्थितिवश उत्पन्न स्थिति स्वयं में इतनी उलझी होती है की अगर सूझ बूझ और दूर दृष्टि का सहारा न लिया जाये तो निर्णय गलत होने की पूरी सम्भावना रहती है ।अनेको बार छोटी छोटी बातें हमें नकारात्मक गहराई तक प्रभावित करती हैं। ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर बेहतर तो यह है की हम शांति और धैर्य से उस परिस्थिति का विश्लेषण करें तथा उस स्थिति के पक्ष विपक्ष दोनों के बारे में सोंचे क्योंकि प्रत्येक स्थिति के दो पहलू होते है , एक अगर सकारात्मक है तो दूसरा नकारात्मक अवश्य होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**किशन सनमुखदास भावनानीं**

# इमोशनल इंटेलिजेंस : वह शक्ति जो इंसान को इंसान बनाती है

मनुष्य केवल अपनी बुद्धि से नहीं, अपनी भावनाओं की समझ से महान बनता है। आज का युग टेक्नोलॉजी, प्रतिस्पर्धा और परिणामों का युग है। लोग सफल होने के लिए डिग्रियाँ जमा कर रहे हैं, कोचिंग ले रहे हैं, तकनीकी ज्ञान बढ़ा रहे हैं। लेकिन इन सबके बीच हम एक अदृश्य, मगर बेहद महत्वपूर्ण शक्ति को नजरअंदाज कर रहे हैं — इमोशनल इंटेलिजेंस यानी भावनात्मक बुद्धिमत्ता। यह कोई मनोवैज्ञानिक शब्द मात्र नहीं है। यह हमारे जीवन के हर मोड़, हर रिश्ते, हर फैसले की बनियाद है। जो इंसान अपनी भावनाओं को समझता है और दूसरों की भावनाओं को महसूस कर पाता है, वही वास्तव में "समझदार" कहलाता है।

आपकी बात



**वीणा देवांगन**

### क्या है इमोशनल इंटेलिजेंस?

इमोशनल इंटेलिजेंस का अर्थ है – अपनी और दूसरों की भावनाओं को पहचानना, समझना, उन्हें नियंत्रित करना और सही ढंग से प्रकट करना। यह केवल गुस्से को रोकना नहीं है,यह जानना है कि गुस्सा क्यों आया और क्या उस पल में चुप रहना ज़रूरी है या बोलना। यह केवल रोने को छुपाना नहीं है, बल्कि यह समझना है कि दिल क्यों दुखा है और कैसे खुद को संभालना है।

### भावनात्मक बुद्धिमत्ता के 5 स्तंभ

1. **आत्म-जागरूकता :** अपनी भावनाओं को पहचानना और उनके कारणों को समझना।

आत्म-नियंत्रण : आवेगों को नियंत्रित करना, गुस्से और निराशा को सही दिशा में मोड़ना।

2. **प्रेरणा :** भीतर से प्रेरित रहना, असफलताओं के बाद भी खुद को उठाना।
3. **सहानुभूति :** दूसरों की भावनाओं को समझना, उनके दर्द को महसूस करना।
4. **सामाजिक कौशल :** रिश्ते निभाने, संवाद करने और सहयोग करने की कला।

### भावनात्मक बुद्धिमत्ता क्यों है ज़रूरी?

1. सही निर्णय लेने की शक्ति मिलती है भावनाओं से परे होकर, लेकिन भावनाओं को समझते हुए लिया गया निर्णय ही संतुलित होता है।
2. रिश्तों को मजबूती मिलती है जब आप सामने वाले के दिल को समझते हैं, तो संवाद मजबूत होता है और गलतफहमियाँ कम होती हैं।
3. गुस्से और तनाव पर नियंत्रण आता है प्रतिक्रिया देने से पहले सोचने की क्षमता जीवन के कई बड़े झगड़े रोक सकती है।
4. आपका व्यक्तित्व परिपक्व बनता है ऐसे लोग न सिर्फ अपने लिए, बल्कि समाज और परिवार के लिए प्रेरणा बनते हैं।

अगर यह नहीं सीखा तो क्या होगा? आप होशियार होंगे, लेकिन संवेदनशील नहीं। आप फैसले लेंगे, पर ज़िम्मेदारी से नहीं। आप सब कुछ बोलेंगे, पर कोई सुनना नहीं चाहेगा। आप ऊँचाई पर तो होंगे, लेकिन अकेले। और तब जीवन का सबसे बड़ा अफसोस यही होगा कि "काश मैंने अपने दिल को भी थोड़ा सुना होता..." क्या यह सिर्फ बड़ों के लिए है? नहीं! बच्चों के लिए सबसे ज़रूरी है। आज के बच्चे तकनीकी रूप से बहुत तेज़ हैं, लेकिन भावनात्मक रूप से कमजोर। वे सोशल मीडिया पर सब कुछ "पोस्ट" करते हैं, लेकिन किसी को "महसूस" नहीं करते। वे शब्दों के अर्थ जानते हैं, पर भावनाओं की भाषा नहीं। इसलिए जरूरी है कि स्कूलों और घरों में बच्चों को गणित, विज्ञान के साथ-साथ भावनात्मक शिक्षा भी दी जाए।

### उन्हें सिखाया जाए

हारने पर कैसे खुद को संभालें, दूसरों के दुःख को कैसे महसूस करें, गुस्से को कैसे शब्दों में नहीं, समझदारी में बदलें।

कुछ आत्मचिंतन के सवाल जो हर किसी को पूछने चाहिए: क्या मैं अपनी भावनाओं को पहचान पाता हूँ? क्या मैंने किसी को दुखी देखकर नजरें फेर लीं? क्या मैं गुस्से में कुछ ऐसा बोल देता हूँ, जिसका पछतावा होता है?

क्या मैं सिर्फ सफल बनना चाहता हूँ या बेहतर इंसान भी? "दिमाग आपको ऊँचाई तक ले जाएगा, लेकिन दिल तय करेगा कि वहाँ आप कितनी देर तक टिके रहेंगे।" आज जरूरत है कि हम समाज को इमोशनल रूप से शिक्षित करें। अगर हम चाहते हैं कि हमारा समाज सहनशील, संवेदनशील और समझदार बने, तो हमें इमोशनल इंटेलिजेंस को अपने जीवन का हिस्सा बनाना ही होगा।

(veenavlogs@gmail.com)

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

वानर दल आकर खड़ा, राम तुम्हारे साथ।
इंतज़ार किस बात का, करो वार अब नाथ।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# चिराग 'जलिहें' तो...नीतीश के मन मा कसक होइबे करी...

चिराग पासवान फुल फॉर्म में हैं और आरा हिले, छपरा हिले करते हुए पटना हिलाने के लिए बेताब हैं। दिल्ली में मंत्री की कुर्सी पर रहते हुए पटना में मुख्यमंत्री कुर्सी पर टकटकी लगाए हुए हैं और नीतीश बाबू की नाक में दम किए हुए हैं। कानून-व्यस्था की अव्यस्था से सवालों के घेरे में आए नीतीश बाबू पर क्या अपने और क्या पराए सब पिल पड़े हैं। चिराग तो यहां तक कह रहे हैं कि उन्हें पटना आने से रोका जा रहा है। उनका इशारा नीतीश बाबू पर ही है भले ही वो उनका नाम न ले रहे हों। नीतीश बाबू नरेंद्र मोदी के हनुमान चिराग से 2020 में भी हल्कान रहे हैं और इस बार भी चिराग कह रहे हैं हमको किसी का डर नहीं, कोई जोर हमारे पर नहीं...। बात और इरादे दोनों साफ हैं। 243 सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार चिराग पासवान का कहना है कि हर सीट पर उम्मीदवार जरूर होगा लेकिन दांव पर खुद वही होंगे। चिराग ने खुद चुनाव लड़ने का भी ऐलान किया है, जबकि वो हाजीपुर से सांसद और केंद्र में मंत्री भी हैं। यह अलग बात है कि रामविलास पासवान की विरासत को लेकर आगे बढ़ रहे उनके दत्तक पुत्र चिराग को अपने कुछ रिश्तेदार भी पासवान नहीं मानते लेकिन इस बात से चिराग को कोई फर्क नहीं पड़ता। चिराग को बिहार में रोशन होने से कोई नहीं रोक सकता। चिराग की चुनावी सभाओं में भीड़ और उत्साह देखकर यह साफ पता चलता है कि एनडीए में नीतीश के बाद अगर कोई सबसे ज्यादा लोकप्रिय चेहरा है तो वह है चिराग पासवान। दिल्ली से पटना तक यह बात सब समझते हैं लेकिन कोई स्वीकार करता है और कोई नहीं करता है। चिराग के वजूद को खारिज करने वालों में हम पार्टी के अध्यक्ष जीतन राम मांझी हैं जो दिल्ली में उनके वरिष्ठ सहयोगी हैं लेकिन पटना में उनकी मौजूदगी को खारिज करते हुए कहते हैं कि एनडीए का चेहरा नीतीश ही हैं कोई और नहीं। जीतन राम मांझी खुद अस्सी पार होने की वजह से खुद को दावेदार नहीं बताते लेकिन नीतीश के अलावा किसी की दावेदारी को स्वीकार करने के लिए वह तैयार नहीं है चाहे चिराग ही क्यों न हों। 2020 में नीतीश को सिमटाने वाले चिराग इस बार नीतीश को निपटाने में लगे हैं। नीतीश को 2020 का वह मंजर याद है चिराग को भले ही विधानसभा चुनाव में कामयाबी नहीं मिली हो लेकिन नीतीश को कमज़ोर करने में पूरी भूमिका उन्होंने निभाई थी। नीतीश यह भी जानते हैं कि भले ही शिष्टाचार वश एक दो बार चिराग उनका अभिवादन कर लेते हों, लेकिन वह न तो उनको पसंद करते हैं और न ही उनका सम्मान करते हैं । नीतीश बतौर मुख्यमंत्री राज्य में बीस साल पूरा कर चुके हैं अब किसी और को मौका दिया जाना चाहिए। ऐसा एनडीए के ज्यादातर नेता मानते हैं लेकिन एनडीए क्या नीतीश को चेहरा बनाए बगैर चुनाव मैदान में उतरेगी, यह एक बड़ा सवाल है। सवाल यह भी है कि क्या चिराग नरेंद्र मोदी की सहमति के बगैर ताल ठोंक रहे हैं और क्या वह बिहार में एऩडीए से अलग हटकर चुनाव लड़ेंगे? अभी एऩडीए में सीटों का बंटवारा नही हुआ है लेकिन चिराग के तेवर यह बता रहे हैं कि उनके तरकश के सारे तीर नीतीश के खिलाफ ही इस्तेमाल किए जाने वाले हैं। ऐसे में वह कम से कम एऩडीए का हिस्सा रहकर तो चुनाव नहीं ही लड़ सकते हैं। चिराग एक जोशीले युवा नेता हैं और खुद को रामविलास पासवान की राजनीतिक विरासत के असली हकदार साबित करने के लिए एड़ी-चोटी को जोर लगाए हुए हैं। 2024 में चाचा पशुपति पारस और उनकी पार्टी से तकरार से बने विपरीत हालात के बावजूद बीजेपी से मिलकर पार्टी के पांच सांसद जिताकर दिल्ली भेजने वाले चिराग की लडाई नाउम्मीदी के अंधेरों के खिलाफ रही है और वह लगातार अपनी पार्टी के लिए नई उम्मीदों को रोशन करते रहे हैं। राजनीतिक विरासत के बावजूद रील लाइफ से निकले हुए चिराग में रियल लाइफ के लिए भी काफी संभावनाएं हैं इससे इंकार नही किया जा सकता लेकिन चिराग के तेवर से एऩडीए और आखिरकार बीजेपी को ही नुकसान हो सकता है इस आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता। चिराग को पटना की कुर्सी मिले न मिले वह नीतीश को इससे दूर तो कर ही देंगे। यह भी हो सकता है कि वोट बंटने की वजह से तेजस्वी के लिए सत्ता तक पहुंचने का रास्ता आसान हो जाए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



अलग बात



**अमर आनंद**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कांवड़ यात्रा को लेकर सीएम धामी ने की सुरक्षा की समीक्षा



**एजेंसी। उत्तराखंड**

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 10 जुलाई से होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। पुष्कर सिंह धामी ने कानून व्यवस्था, कांवड़ यात्रा एवं आपदा प्रबंधन के सम्बन्ध में बैठक में उत्तराखण्ड पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी जनपदों में सत्यापन अभियान सख्ती से चलाया जाये, सीमाओं पर सतर्कता बरती जाये तथा अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी रखी जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर सीसीटीवी एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित की जाये तथा यातायात नियंत्रण व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए हेली एम्बुलेंस सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने, महिला सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा आम जनता की शिकायतों के निस्तारण की प्रगति एवं ट्रैकिंग की निरन्तर निगरानी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने नशाखोरी एवं नशे के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर भी प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिये। इससे पहले पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को चंपावत जिले के टनकपुर पर्यटक विश्राम गृह से 11 राज्यों के तीर्थ यात्रियों के पहले जत्थे को लेकर जा रही बस को हरी झंडी दिखाकर कैलाश-मानसरोवर की यात्रा पर रवाना किया। धामी ने तीर्थयात्रियों का स्वागत करते हुए उन्हें उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते स्मृति चिन्ह भेंट किए। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों का सौभाग्य है कि वे इस पावन यात्रा में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ''हर किसी को कैलाश-मानसरोवर की यात्रा का सौभाग्य नहीं मिलता। यह सिर्फ धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक जागृति का मार्ग है।'' उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से होकर गुजरने वाली कैलाश-मानसरोवर यात्रा पांच साल के अंतराल के बाद इस वर्ष फिर से शुरू हुई है।

### तमिलनाडु में एक दिन में दो दर्दनाक हादसे!

# स्कूल वैन को ट्रेन ने मारी टक्कर, कार और ट्रक की टक्कर में चार की मौत

**एजेंसी। तमिलनाडु**



- **कुड्डालोर में स्कूल वैन हादसा :** सुबह करीब 7:45 बजे सेम्मनकुप्पम में मानवयुक्त रेलवे क्रॉसिंग पर एक स्कूल वैन को पैसेंजर ट्रेन ने टक्कर मार दी।
- **तीन बच्चों की मौत :** हादसे में निजी सीबीएसई स्कूल की वैन में सवार तीन स्कूली बच्चों की मौत हो गई, जबकि ड्राइवर सहित दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए।
- **मानवयुक्त गेट की चूक :** वैन गैर-इंटरलॉक मानवयुक्त गेट संख्या 170 को पार कर रही थी, जब उसे विल्लुपुरम-मइलादुथुराई पैसेंजर ट्रेन ने टक्कर मारी।
- **तंजावुर में सड़क हादसा :** सुबह करीब 10:30 बजे तंजावुर-कुंभकोणम हाईवे पर कार और मिनी ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई।

तमिलनाडु के लिए सुबह दर्दनाक थी। सुबह उठते ही जहां सुबह करीब 7.45 बजे तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के सेम्मनकुप्पम में एक मानवयुक्त गेट पर चार छात्रों को ले जा रही एक स्कूल वैन को एक यात्री ट्रेन ने टक्कर मार दी, जिसमें कम से कम तीन स्कूली बच्चों की मौत हो गई और ड्राइवर सहित दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। निजी सीबीएसई स्कूल कृष्णास्वामी विद्यानिकेतन की वैन कुड्डालोर और अलप्पक्कम के बीच रेलवे लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 170 (एक गैर-इंटरलॉक मानवयुक्त गेट) को पार करने की कोशिश कर रही थी, तभी उसे ट्रेन नंबर 56813 विल्लुपुरम-मइलादुथुराई पैसेंजर ने टक्कर मार दी। वहीं दूसरी तरह तमिलनाडु तंजावुर-कुंभकोणम मोटरमार्ग पर मंगलवार की सुबह एक कार और 'मिनी ट्रक' के आपस में टकरा जाने के कारण एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि चेन्नई के पेरुंगलथुर निवासी एस. कुमार (57) अपने परिवार के साथ कार से बृहदेश्वर मंदिर जा रहे थे और सुबह करीब साढ़े 10 बजे यह हादसा हो गया। विक्रवंडी-तंजावुर राजमार्ग पर कार के कुरुंगलूर से गुजरते समय धान की बोरियां लेकर विपरीत दिशा से आ रही एक मिनीवैन गलत लेन में आ गई। पुलिस ने बताया कि तेज गति से आ रही कार ट्रक से टकरा गई, जिससे चालक को संभलने का समय ही नहीं मिला। कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार में सवार उनकी पत्नी जया (55), उनकी बेटी दुर्गा (32) और नवासी नीलावेणी सूर्या (3) ने भी बाद में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि मिनीवैन के चालक समेत तीन अन्य लोग घायल हो गए, जिनका तंजावुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

# खड़गे के बयान पर भाजपा के आरोप को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने घटिया मानसिकता बताया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- **दलित-आदिवासी अपमान का मुद्दा :** भाजपा ने खड़गे के बयान को दलित और आदिवासी समुदाय का अपमान बताते हुए माफी की मांग तेज कर दी है
- **कांग्रेस का पलटवार :** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भाजपा पर "घटिया मानसिकता" और दोहरे चरित्र का आरोप लगाया



भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का अपमान करने का आरोप लगाया है। भाजपा ने खड़गे के बयान को आपत्तिजनक बताते हुए इसे दलित और आदिवासी समुदाय का अपमान बताया है। भाजपा नेताओं की ओर से माफी मांगने की मांग तेज हो गई है। दूसरी ओर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने इसे भाजपा की घटिया मानसिकता करार दिया है। मंगलवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा का दोहरा चरित्र है। वे आदिवासी के तौर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक प्रतीक के रूप में पेश करते हैं, जबकि जमीन पर वे आदिवासी समुदायों का शोषण करते हैं। छत्तीसगढ़ में आदिवासियों पर अत्याचार कर रहे हैं। हजारों पेड़ों को काटा जा रहा है उनकी जमीन, जंगल और पानी छीना जा रहा है। यह लगातार अल्पसंख्यक, दलित और कमजोर वर्गों को परेशान कर रहे हैं। यह भाजपा की मानसिकता है। बिहार में मतदाता सत्यापन पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि हम इस बात को बार-बार दोहराते रहे हैं और हमें बेहद खुशी है कि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस मामले की सुनवाई स्वीकार कर ली। हमें उम्मीद है कि उन करोड़ों लोगों को न्याय मिलेगा, जिनके वोटों को चुनावी चोरी की इस साजिश का निशाना बनाया जा रहा है। बिहार की कानून व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि बिहार में गुंडाराज चल रहा है। इसके पीछे भाजपा का हाथ है। सरकार की कमान भाजपा के पास है। मणिपुर संकट सुलझाने में संघ की भूमिका पर कांग्रेस नेता ने पलटवार करते हुए कहा कि संघ अगर आदिवासी इलाकों से दूर हो जाए तो इनकी आधी से ज्यादा समस्या खत्म हो जाएगी।

## राष्ट्रपति पर खड़गे का बयान शर्मनाक, देश की जनता से माफी मांगें : मनन मिश्रा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर दिए गए बयान को लेकर सियासत तेज हो गई है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के चेयरमैन और राज्यसभा सांसद मनन मिश्रा ने खड़गे के बयान को बेहद दुखद और शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जैसे गरिमामय पद पर बैठे व्यक्तियों का इस तरह से मजाक उड़ाना देश की गरिमा का अपमान है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत में मंगलवार को मनन मिश्रा ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे एक राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष हैं। वह एक उम्रदराज और अनुभवी नेता हैं। उनके मुंह से इस तरह की बातें शोभा नहीं देतीं। द्रौपदी मुर्मू एक आदिवासी समाज से आने वाली संभ्रांत महिला हैं और देश की राष्ट्रपति हैं। वहीं, रामनाथ कोविंद एक विद्वान व्यक्ति हैं, जिन्होंने बेहद गरिमा के साथ राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी को निभाया। भाजपा और भारत की जनता ने बिना किसी जाति-धर्म का भेद किए इन लोगों को देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचाया है, उसकी इस तरह खिल्ली उड़ाना शर्म की बात है। मनन मिश्रा ने खड़गे से जनता के सामने माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि खड़गे ऐसा नहीं करते तो जनता कांग्रेस को सबक जरूर सिखाएगी। बिहार में हाल ही में हो रही आपराधिक घटनाओं को लेकर विपक्ष के हमलों का जवाब देते हुए मनन मिश्रा ने आरजेडी नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव और कांग्रेस जिनके राज में 2005 से पहले बिहार की हालत यह थी कि कोई महिला, लड़की, बच्चा या आम नागरिक स्कूल जाने या बाहर निकलने की हिम्मत नहीं करता था। अब वही लोग बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं।

## जासूस ज्योति मल्होत्रा का केरल सरकार से क्या कनेक्शन

**केरल।** केरल के पर्यटन मंत्री मोहम्मद रियास ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के चयन में राज्य सरकार की कोई भूमिका नहीं थी, जिन्हें मई में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। मोहम्मद रियास ने संवाददाताओं को बताया ज्योति मल्होत्रा को उनके खिलाफ कोई मामला सामने आने से पहले ही नामित एजेंसी द्वारा आमंत्रित किया गया था, और प्र भा वशाली व्यक्तियों के चयन में केरल सरकार की कोई भूमिका नहीं थी। मोहम्मद रियास ने यह बयान उन आरोपों के जवाब में दिया है, जिनमें कहा गया है कि जासूसी के आरोप में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा को राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आमंत्रित किया गया था। प्रवक्ता शहजाद पूनावाला सहित भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं ने आरटीआई के जवाब का हवाला देते हुए दावा किया था कि ज्योति मल्होत्रा राज्य सरकार के निमंत्रण पर केरल आई थीं। पूनावाला ने कहा कि इसलिए भारत माता को रोका गया और पाकिस्तानी जासूसों को वामपंथियों द्वारा लाल कालीन पहनाया गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने आरोपों की कड़ी निंदा की।

# हिप्र के सात जिलों में बाढ़ का खतरा प्रशासन ने बंद कराई 225 सड़कें

**एजेंसी। हिमाचल प्रदेश**

भारत के पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की वजह से कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। सप्ताहांत में असामान्य रूप से भारी बारिश के कारण 23 बाढ़ और 16 भूस्खलन की घटनाओं के बाद उत्तर भारतीय राज्य में सैकड़ों घर, पुल, सड़कें और बिजली के खंभे बह गए। हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार की एक रिपोर्ट के अनुसार, 19 बादल फटने की घटनाएं भी हुईं, जिसमें अचानक भारी मात्रा में बारिश हुई। इस सप्ताह और अधिक बारिश की चेतावनी के साथ कई जिले भूस्खलन के लिए हाई अलर्ट पर हैं। हिमालय के पहाड़ी इलाकों में फैला हिमाचल प्रदेश हाल के वर्षों में बार-बार प्रभावित हुआ है क्योंकि जलवायु आपातकाल के कारण मानसून की बारिश अनियमित हो गई है और अधिक तीव्र, अनियंत्रित रूप से गिर रही है। हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश होने के बीच स्थानीय मौसम विभाग ने मंगलवार को अगले 24 घंटों में सात जिलों के कुछ हिस्सों में अचानक हल्की से मध्यम बाढ़ आने की चेतावनी दी। ये जिले चंबा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, शिमला, सोलन और सिरमौर हैं। मौसम विभाग ने अगले सोमवार तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की चेतावनी देते हुए येलो अलर्ट भी जारी किया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, सबसे अधिक प्रभावित मंडी जिले में 153 मार्गों समेत कुल 225 सड़कें बंद कर दी गई हैं।


## समाहरणालय, लातेहार (आपूर्ति शाखा)

### नोटिस

संर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार जिले में NFSA एवं JSFSS योजनान्तर्गत अच्छा दित निम्न राशन कार्ड लाभुकों द्वाराविगत 06 माह, 12 माह 3 वर्षएवं 5 वर्ष से अधिक अवधि से खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं किया जा रहा है और नाही e-KYC किया जा रहा है, जिसकी वितरणी निम्नवत है:–

Block Wise Ration Card Not Lifted
District :-Latehar

| Sl No | Block Name | Ration card Not Lifted Count (6 Months) (Created 9 months before) | Ration card Not Lifted Count (12 Months) (Created 15 months before) | Ration card Not Lifted Count (3Years) (Created 3 months before) | Ration card Not Lifted Count (5Years) (Created 3 months before) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Balumath | 18672 | 17663 | 179 | 0 |
| 2 | Bariyatu | 11790 | 10848 | 57 | 0 |
| 3 | Herhanj | 6844 | 6618 | 4 | 0 |
| 4 | Chandwa | 22378 | 21404 | 248 | 1 |
| 5 | Latehar | 25856 | 25180 | 184 | 2 |
| 6 | Garu | 7792 | 7635 | 14 | 0 |
| 7 | Manika | 19895 | 19360 | 132 | 2 |
| 8 | Barwadih | 21032 | 19532 | 58 | 0 |
| 9 | Mahuadanr | 14171 | 13983 | 48 | 0 |
| 10 | Latehar N/P | 4559 | 4215 | 74 | 0 |
| Total | | 152989 | 146438 | 1037 | 5 |

उपरोक्त लाभुकों द्वारा खाद्यान्न उठाव नहीं करने तथा e-KYC नहीं करने के कारण राज्य पर लातेहार की स्थिति खराब प्रदर्शित हो रही है।

**"झारखण्ड लक्षितजन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2024"** की कंडिका 6.(X)(ग) में उल्लेखित है कि यदि राशन कार्ड धारी द्वारा लगातार छः माह से अधिक अवधि से जनवितरण प्रणाली दुकान से सरकार द्वारा प्रदत्त कि सीभी प्रकार की सामग्री का उठाव नहीं किया गया होतो जाँचो परान्त उनके राशन कार्ड का रद्दी करण कार्य किया जाएगा।

उक्त परिप्रेक्ष्य में लातेहार जिलान्तर्गत विगत 06 माह, 12 माह, 3 वर्ष एवं 05 वर्ष से अधिक से खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं करने वाले उक्त सभी राशन कार्ड धारी नोटिस निर्गत के एक सप्ताह के अन्दर अनिवार्य रूप से संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न का उठाव करते हुए e-kyc भी कराना सुनिश्चित करें अन्यथा यह माना जाएगा कि आपको खाद्यान्न उठाव में किसी प्रकार की रूची नहीं है एवं आपराशन कार्ड की पात्रता नहीं रखते है।तदोपरांत उक्तलाभुकों का राशन कार्ड रद्द करने की कार्रवाई कर दी जाएगी।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी
लातेहार

PR 356782 Food Public Distribution and Consumer Affairs(25-26).D


# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, इक्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

### शैव और वैष्णववाद पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

# राजनेता राजाओं की तरह व्यवहार करते हैं : हाईकोर्ट

**एजेंसी। मुंबई**



मद्रास उच्च न्यायालय ने वैष्णवों, शैवों और सामान्य वर्ग की महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए पूर्व डीएमके मंत्री के पोनमुडी को कड़ी फटकार लगाई और चेतावनी दी कि अगर तमिलनाडु पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहती है तो सीबीआई जांच का आदेश दिया जा सकता है। अप्रैल में एक कार्यक्रम में पोनमुडी ने हिंदू धार्मिक पहचान को यौन स्थितियों से जोड़ने वाली टिप्पणी की थी। न्यायालय द्वारा शुरू की गई एक स्वप्रेरणा रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति वेलमुरुगन ने कहा, आजकल इन राजनेताओं को लगता है कि अनुच्छेद 19 के तहत आकाश की सीमा है। हम केवल दर्शक बनकर नहीं रह सकते। हम कई समुदायों वाले लोकतंत्र में रहते हैं। न्यायाधीश ने आगे जोर देकर कहा कि राजनेताओं को जनता को संबोधित करते समय यह याद रखना चाहिए कि वे ऐसे देश में रहते हैं जो सभी के लिए है, किसी विशेष व्यक्ति के लिए नहीं, अकेले राजनेता के लिए नहीं,। हर किसी को यह एहसास होना चाहिए कि वे लोगों के बीच रह रहे हैं। अदालत ने कहा कि हर कोई माइक ले रहा है और इतनी सारी बातें कह रहा है जैसे कि वे राजा हैं। जैसे कि कोई भी राजा के खिलाफ कुछ नहीं कर सकता। अदालत यह सब सिर्फ़ देख और बर्दाश्त नहीं कर सकती है। न्यायमूर्ति वेलमुरुगन ने यह भी कहा कि दुर्भाग्य से या सौभाग्य से यह पहला ऐसा मामला है।

## अहमदाबाद विमान हादसे की आई प्रारंभिक रिपोर्ट

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद एयर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच कर रही टीम ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंप दी है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो के जांचकर्ता इस दुर्घटना के बारे में किस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं, जिसके परिणामस्वरूप 260 लोगों की मौत हो गई। 12 जून को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद लंदन जाने वाला एयर इंडिया का विमान मेघानीनगर इलाके में एक छात्रावास परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें विमान में सवार 241 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य जमीन पर थे। एक यात्री चमत्कारिक रूप से बच गया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, फ्रंट ब्लैक बॉक्स से क्रैश प्रोटेक्शन मॉड्यूल (सीपीएम) सुरक्षित रूप से बरामद किया गया था, और 25 जून, 2025 को मेमोरी मॉड्यूल को सफलतापूर्वक एक्सेस किया गया और इसका डेटा एएआईबी लैब में डाउनलोड किया गया।

# बिहार युवा आयोग के गठन को मिली मंजूरी

**एजेंसी। पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने घोषणा की कि राज्य में सभी सरकारी सेवाओं और पदों में 35 प्रतिशत महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित होंगे। चुनावी वर्ष में लिया गया यह महत्वपूर्ण निर्णय मुख्यमंत्री कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। निर्णय के अनुसार, बिहार की मूल निवासी सभी महिला उम्मीदवारों को सरकारी सेवाओं और नौकरियों के लिए सभी सीधी भर्ती में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। घुसपैठिए, लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए जरूरी है। इसके अलावा नीतीश कुमार ने घोषणा की कि राज्य सरकार की मंजूरी के बाद राज्य मंत्रिमंडल ने मंगलवार को बिहार युवा आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। इस कदम का उद्देश्य बिहार के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करना और युवा प्रशिक्षण में निवेश को बढ़ावा देना है, ताकि उन्हें सशक्त और सक्षम बनाया जा सके। नीतीश ने एक्स पर लिखा कि मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है और आज कैबिनेट द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन की मंजूरी भी दे दी गई है। सामाजिक बुराइयों को बढ़ावा देने वाले शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए कार्यक्रम तैयार कर और ऐसे मामलों में सरकार को अनुशंसा भेजना भी इसका महत्वपूर्ण कार्य होगा।


## उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (विधि–शाखा)

### सूचना

विधि विभाग, झारखण्ड राँची के पत्र सं0 1095/जे0 दिनांक 05.06.2025 द्वारा लोहरदगा जिला के लिए सरकारी वकील के कुल (01) एक पद की नियुक्ति हेतु इच्छुक सुयोग्य एवं अनुभवी अधिवक्ताओं के नाम उनके जीवनवृत सहित आमंत्रित की जाती है।

The Jharkhand Law Officer (Engagement) Rules, 2018 के आलोक में सरकारी वकील जिलें के विभिन्न राजस्व न्यायालयों/व्यवहार न्यायालय तथा माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय उच्चतम न्यायालयों में सरकार की ओर से दृढ़तापूर्वक पक्ष रखेंगे तथा जिला प्रशासन को आवश्यकतानुसार उचित सलाह प्रदान करने में तत्परता दिखायेंगे। विभिन्न सरकारी मामलों में अपना विधिक मन्तव्य भी आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर उपलब्ध करायेंगे। सरकारी वकील के पद नियुक्ति हेतु कम से कम 10 वर्षों का कर्यानुभव आवश्यक है।

अतः उक्त पद नियुक्ति हेतु इच्छुक अधिवक्तागण निम्नांकित कागजातों के साथ अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक **11.08.2025** के अपराह्न **5:00** बजे तक जमा कर सकते हैं।

उपायुक्त, लोहरदगा के आदेश से।

**आवश्यक कागजात**

अपर समाहर्ता–सह–
प्रभारी पदाधिकारी, विधि–शाखा, लोहरदगा।

1. भारतीय नागरिक होने का प्रमाण।
2. जीवनवृत
3. उम्र संबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
4. शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति।
5. निबंधन प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
6. बार एसोसिएशन से निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
7. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ओ0बी0सी0 की स्थिति से संबंधित प्रमाण पत्र।
8. अधिवक्ता के रुप में किये गये वादों में पैरवी की विवरणी विहित प्रपत्रों में दें:–

विहित प्रपत्र I (विगत् एक वर्ष के लिए)

| न्यायालय का नाम | वादों के प्रकार | वाद में निर्णय की तिथि | आपके पक्ष में आदेश पारित | आपके विरुद्ध आदेश पारित |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 02. | 03. | 04. | 05. |
| | | | | |

विहित प्रपत्र II (शेष विगत् एक वर्षो के लिए)

| कुल वादों की संख्या | कुल कितने मामलों में आपके पक्ष में फैसला हुआ | कुल कितने मामलों में आपके विरुद्ध फैसला हुआ |
|---|---|---|
| 01. | 02. | 03. |
| | | |

9. विगत् 03 वित्तीय वर्ष का आयकर विभाग रिटर्न दाखिल करने संबंधी कागजात।
10. उपरोक्त क्रमांक 01 से 09 तक की दिये गये विवरणी की सत्यता संबंधी शपथ पत्र।

अपर समाहर्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी
विधि–शाखा, लोहरदगा

PR 356761 Lohardaga(25-26)#D

# 14 देशों को टैरिफ पर, ट्रंप को भारत को रखना पड़ा बाहर

## जापान-साउथ कोरिया पर 25%, म्यांमार पर 40% टैरिफ, 1 अगस्त से लागू होगा

**न्यूयॉर्क । एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को बांग्लादेश-जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी। इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25% टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30% से 40% तक का भारी शुल्क लगाया गया है। दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रंप ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके देश से आने वाले सामान पर अब 25% शुल्क लगेगा। उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके। ये टैरिफ 1 अगस्त से लागू होंगे। इसके साथ ही ट्रंप ने 1 अगस्त से ग्लोबल टैरिफ लगाने की घोषणा की। पहले ट्रंप 9 जुलाई को इसका ऐलान करने वाले थे। ट्रंप ने अप्रैल में पहली बार सभी अमेरिकी आयात पर 10% बेसलाइन टैक्स और 60 देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की बात की थी। उस घोषणा के बाद दुनियाभर के शेयर और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल मच गई थी, इसलिए उन्होंने टैरिफ को कुछ समय के लिए टाल दिया था और देशों को अमेरिका के साथ नई डील करने का मौका दिया था। पहले उन्हें 8 जुलाई तक का वक्त दिया गया था, ताकि 9 जुलाई से नए टैरिफ लागू हो सकें। अब ये डेडलाइन बढ़ाकर 1 अगस्त कर दी गई है।



**14** देशों पर अमेरिका ने टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया

**25%** से **40%** तक का शुल्क कुछ देशों पर लगाया गया

**10%** बेसलाइन टैक्स की घोषणा ट्रंप ने अप्रैल में की थी

**60** देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की योजना बनाई गई थी

**08** जुलाई तक देशों को अमेरिका से नई डील का मौका दिया गया था

### भारत, यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड डील जल्द

*न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ट्रंप इस हफ्ते कई देशों के साथ ट्रेड डील का ऐलान कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है। यूरोपीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। इसके साथ ही पाकिस्तान, ताइवान और स्विटजरलैंड जैसे दूसरे देश में अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने का रास्ता तलाश रहे हैं।*

# एक्स ने कहा, भारत सरकार ने रॉयटर्स सहित 2,355 अकाउंट ब्लॉक करने का आदेश दिया

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मंगलवार को अपने ग्लोबल गवर्नमेंट अफेयर्स हैंडल के मार्फत एक पोस्ट में मस्क की सोशल मीडिया कंपनी एक्स ने कहा कि 3 जुलाई को भारत सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत रॉयटर्स जैसे अंतरराष्ट्रीय समाचार आउटलेट सहित भारत में 2,355 अकाउंट ब्लॉक करने का आदेश दिया। एलन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने रॉयटर्स के अकाउंट ब्लॉक करने के सरकारी दावे का खंडन करते हुए कहा कि उसे 3 जुलाई को भारत में 2,000 से ज़्यादा अकाउंट ब्लॉक करने के आदेश मिले थे, जिनमें न्यूज़ एजेंसी से जुड़े अकाउंट भी शामिल थे। इंडियन एक्सप्रेस में छपी रिपोर्ट के मुताबिक़ यह सीधे तौर पर आईटी मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता द्वारा रविवार को जारी किए गए बयान का खंडन करता है, जिसमें कहा गया था: "भारत सरकार की ओर से रॉयटर्स हैंडल को ब्लॉक करने की कोई आवश्यकता नहीं है। हम समस्या को हल करने के लिए एक्स के साथ लगातार काम कर रहे हैं।" शनिवार की रात को, एक्स ने रॉयटर्स और रॉयटर्स वर्ल्ड के हैंडल ब्लॉक कर दिए, उनके अकाउंट पर एक संदेश प्रदर्शित किया गया जिसमें कहा गया था कि उन्हें "कानूनी मांग के जवाब में" भारत में ब्लॉक किया गया था। मंगलवार को अपने ग्लोबल गवर्नमेंट अफेयर्स हैंडल के ज़रिए एक पोस्ट में एक्स ने कहा कि 3 जुलाई को भारत सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत रॉयटर्स जैसे अंतरराष्ट्रीय समाचार आउटलेट सहित भारत में 2,355 अकाउंट ब्लॉक करने का आदेश दिया। "अनुपालन न करने पर आपराधिक दायित्व का जोखिम था। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बिना कोई कारण बताए तत्काल कार्रवाई की मांग की – एक घंटे के भीतर – और खातों को अगली सूचना तक अवरुद्ध रखने को कहा," एक्स ने कहा। "सार्वजनिक आक्रोश के बाद, सरकार ने एक्स से @Reuters और @ReutersWorld को अनब्लॉक करने का अनुरोध किया।

- **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने कहा, सार्वजनिक आक्रोश के बाद सरकार ने इसे अनब्लॉक करने को कहा**

# पेशावर में लगी भीषण आग 5 लोगों की मौत, कई घायल

**पेशावर ।** पाकिस्तान के पेशावर शहर में आग लगने की एक भीषण घटना में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। आग की चपेट में आने से दो दमकल कर्मियों समेत कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार रात को खैबर पख्तूख्वा प्रांत में भीड़भाड़ वाले जन इमाम बाड़गाह इलाके में स्थित एक मकान में आग लग गई। आपात कालीन सेवा ने बताया कि उन्होंने घर से छह लोगों को बाहर निकाला, जिनमें से पांच की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जान बचाने की कोशिश में दो दमकल कर्मी भी घायल हो गए हैं। घायल दमकल कर्मियों और घटना में घायल हुए कई अन्य लोगों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# टेक्सास में बाढ़ ने मचाई तबाही 100 से अधिक लोगों की हुई



**नई दिल्ली।** अमेरिका के टेक्सास में भारी बारिश के चलते आई बाढ़ ने भयानक तबाही मचाई है। यहां हालात भयावह हैं और मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 100 से अधिक हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि जान गंवाने वालों में गर्मी की छुट्टियों में आयोजित शिविरों (समर कैंप) में भाग लेने वाले कई बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ के कारण कम से कम 104 लोगों की मौत हुई है। बाढ़ की वजह से कई लोग अब भी लापता हैं।

**क्या बोले अधिकारी :** टेक्सास हिल कंट्री में ग्रीष्मकालीन शिविर 'कैंप मिस्टिक' के संचालकों ने बताया कि उसके शिविर में भाग ले रहे 27 लोगों की बाढ़ के कारण मौत हुई है। केर काउंटी के अधिकारियों ने बताया कि शिविर में भाग ले रहे 11 लोग लापता हैं।

# चीन का नया खेल 4000 लोग बॉर्डर कूदकर आए

**बीजिंग । एजेंसी**



भारत से 1643 किलोमीटर लंबा बार्डर शेयर करने वाले एक देश में भयंकर जंग छिड़ गई है। इस देश में चीन ने ही जंग भड़काई है, लेकिन अब चीन पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। इस देश में चल रही जंग में चीन के दो लड़ाकू विमान तबाह हो गए हैं। चीन की मक्कारी के चलते इस देश की आम जनता भी मारी जा रही है। अपनी जान बचाने के लिए ये लोग अब भारत में भी घुस गए हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पड़ोसी देश के चिन राज्य में फिर से लड़ाई शुरू होने के बाद पिछले कुछ दिनों में म्यांमार से करीब 4,000 नए शरणार्थी मिजोरम में दाखिल हुए हैं। म्यांमार के चिन राज्य में 2 जुलाई से दो सैन्य-विरोधी जुंटा बलों चिन नेशनल डिफेंस फोर्स और चिनलैंड डिफेंस फोर्स हुआलनोग्राम के बीच टकराव चल रहा है। नतीजतन, हजारों निवासी मिजोरम के चम्फाई जिले में आ गए हैं।

मिजोरम में एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि ताजा हिंसा शुरू होने के बाद से अब तक वहां पहुंचने वाले लोगों की संख्या लगभग 4,000 है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मिजोरम पुलिस के अधिकारियों ने बताया है कि सीमा के आसपास स्थिति काफी ज्यादा तनावपूर्ण है। ऐसे में फिलहाल इन लोगों को वापस जाने के लिए नहीं कहा जा रहा। लोग बड़े पैमाने पर ज़ोकवथर और सैकुम्फई के गांवों में आ गए हैं। वे सीमा के इस तरफ अपने रिश्तेदारों के साथ या स्थानीय संगठनों द्वारा स्थापित शिविरों में रह रहे हैं। भारत और म्यांमार के बीच एक द्विपक्षीय समझौता है, जिसे फ्री मूवमेंट रिजीम कहा जाता है। इसके तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बिना वीजा या पासपोर्ट के 16 किलोमीटर तक दोनों तरफ आवाजाही करने की अनुमति होती है। हालांकि म्यांमार के हालात को देखते हुए भारत ने साल 2024 में म्यांमार को लेकर फ्री मूवमेंट रिजीम को सस्पेंड कर दिया था। लेकिन ताजा मामले में जब हजारों लोग जान की भीख मांगने के लिए बॉर्डर पर पहुंचे तो मानवीय ग्रांउड पर उन्हें शरण दी गई। बहरहाल, म्यांमार में चल रहे गृह युद्ध में चीन भी अपनी खतरनाक चाल चल रहा है। वो जुंटा शासन को हथियार और समर्थन दे रहा है ताकी वो विद्रोही गुटों से भिड़ सके। जुंटा गुट ने ही साल 2021 में म्यांमार की सत्ता पर कब्जा कर लिया, जिसके बाद से म्यांमार में गृह युद्ध जैसे हालात हैं। मिजोरम 2021 के सैन्य तख्तापलट के बाद से हजारों चिन शरणार्थियों को शरण दे रहा है, जो मिज़ो के साथ एक समान जातीयता साझा करते हैं। मिजोरम गृह विभाग के अनुमानों के अनुसार, इस नए आगमन से पहले, मिजोरम से लगभग 33,000 चिन शरणार्थी और बांग्लादेश से अतिरिक्त 2,000 शरणार्थी थे।

# युद्ध विराम की ओर बढ़ता गाजा? नेतन्याहू-ट्रंप बैठक बनी अहम कड़ी

**नई दिल्ली । एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेज़बानी करते हुए कहा कि अमेरिका ने ईरान के साथ वार्ता की योजना बनाई है और गाजा से फिलिस्तीनियों को बाहर निकालने के विवादास्पद प्रयास पर प्रगति का संकेत दिया है। अमेरिका और इजरायल के अधिकारियों के बीच रात्रिभोज की शुरुआत में पत्रकारों से बात करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका और इजरायल अन्य देशों के साथ काम कर रहे हैं जो फिलिस्तीनियों को बेहतर भविष्य देंगे, उन्होंने सुझाव दिया कि गाजा के निवासी पड़ोसी देशों में जा सकते हैं। नेतन्याहू ने कहा कि अगर लोग रहना चाहते हैं, तो वे रह सकते हैं, लेकिन अगर वे छोड़ना चाहते हैं, तो उन्हें छोड़ने में सक्षम होना चाहिए। हम अमेरिका के साथ मिलकर ऐसे देशों की तलाश कर रहे हैं जो हमेशा से यही कहते आए हैं कि वे फिलिस्तीनियों को बेहतर भविष्य देना चाहते हैं। मुझे लगता है कि हम ऐसे कई देशों की तलाश कर रहे हैं जो इस दिशा में काम कर रहे हैं। ट्रंप, जिन्होंने फिलिस्तीनियों के पुनर्वास के बारे में पूछे जाने पर नेतन्याहू को पहले तो मना कर दिया था, ने कहा कि इज़राइल के आस-पास के देश मदद कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि हमें आस-पास के देशों से बहुत अच्छा सहयोग मिला है, उनमें से हर एक से बहुत अच्छा सहयोग मिला है। इसलिए कुछ अच्छा होगा। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने चिकित्सा आपूर्ति के साथ गाजा में प्रवेश करने वाले ट्रकों की सुरक्षा का आह्वान किया।



इजराइल-हमास युद्ध

# पुलवामा अटैक के लिए विस्फोटक अमेजन से खरीदा गया

**नई दिल्ली ।** 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल हुआ विस्फोटक ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन से खरीदा गया था। दुनियाभर में आतंकी फंडिंग पर नजर रखने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स ने इस रिपोर्ट में 2022 में यूपी के गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले का भी जिक्र किया है। यहां हमलावर आतंकी को ऑनलाइन मनी ट्रांसफर प्लेटफॉर्म पेपल के जरिए पैसे दिए गए थे। इन दोनों मामलों को उदाहरण के तौर पर पेश करते हुए संगठन ने आगाह किया है कि ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान सेवाएं अगर गलत हाथों में जाएं तो वे आतंक को बढ़ावा देने का माध्यम बन सकती हैं।

- **फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की रिपोर्ट, गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को पेपल से पेमेंट हुआ**

# नेपाल-चीन बॉर्डर पर भोटेकोशी नदी में बाढ़, 12 नेपाली, 6 चीनी लापता

**नई दिल्ली । एजेंसी**



नेपाल-चीन बॉर्डर पर भोटेकोशी नदी में मंगलवार सुबह करीब 3 बजे अचानक बाढ़ आ गई। इसमें 18 लोग लापता हैं, जिसमें 12 नेपाली और 6 चीनी नागरिक हैं। 12 नेपालियों में 3 पुलिसकर्मी, 9 नागरिक हैं। सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। घटना चीनी सीमा पर नेपाल के रसुवा जिले में रसुवागढ़ी बॉर्डर पॉइंट की है। बाढ़ में नेपाल को चीन से जोड़ने वाला मेन पुल 'मिटेरी ब्रिज' ढह गया। मिटेरी ब्रिज से चीन-नेपाल के बीच रोजाना लाखों रुपए का व्यापार होता था। रसुवा में कस्टम्स ऑफिस का यार्ड भी क्षतिग्रस्त हो गया। कस्टम यार्ड में खड़े कई कार्गो कंटेनर भी बह गए। सभी कंटेनर सामान से भरे हुए थे। कस्टम यार्ड के अंदर फंसे कुछ लोगों को बचा लिया गया है, लेकिन सभी तरफ बाढ़ के पानी के कारण चल रहे ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। पुल बहने से चीन-नेपाल के बीच व्यापार रुका भोटेकोशी नदी में बाढ़ से नेपाल को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। पुल बहने से इस रूट से चीन और नेपाल के बीच होने वाला व्यापार रुक गया है।

# वर्षा ऋतु में काली मिर्च व तुलसी की पत्ती का काढ़ा लाभदायक

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** वैसे तो बारिश के मौसम में फुहार व पानी का बौछार गर्मी से राहत देते हुए ठंडक लेकर आता है, लेकिन तमाम बीमारी होने के का खतरे को भी बढ़ा देता है।इस मौसम शरीर के लिए संक्रमण व बीमारियों का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। बारिश के मौसम में सर्दी, खांसी, वायरल फीवर, फ्लू, स्किन इंफेक्शन व पाचन संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ जाती हैं। ऐसे में शरीर की इम्यूनिटी का मजबूत रहना बहुत जरूरी है। कई वैद्यों का कहना है कि मानसून के मौसम में काली मिर्च व तुलसी का काढ़ा पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है।तुलसी व काली मिर्च का काढ़ा एक ऐसा ही शक्तिशाली मिश्रण है, जो मानसून के हर संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। इसके साथ ही कई बीमारियों से भी बचाव करता है।क्योंकि दोनों स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होती हैं। तुलसी और काली मिर्च शरीर की प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को बूस्ट करने व शरीर को अंदर से मजबूत बनाते हैं, जिससे वायरल या बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा कम हो जाता है और कई बीमारियां दूर रहती हैं।वर्षा के मौसम में सर्दी-जुकाम होना बहुत आम बात है। बारिश में भीगने या ठंडी हवा लगने से सर्दी-जुकाम, गले में खराश व बुखार हो सकता है। ऐसे में तुलसी व काली मिर्च का काढ़ा बहुत फायदेमंद हो सकता है।बारिश के दिनों में मच्छर से होने वाली बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। तुलसी का नियमित सेवन प्लेटलेट्स बढ़ाने में मदद करता है। काढ़ा मच्छरों से फैलने वाले संक्रमण के खिलाफ सुरक्षा देता है। काली मिर्च और तुलसी पाचन रसों को सक्रिय करते हैं, जिससे गैस, अपच और पेट दर्द जैसी समस्याएं दूर होती हैं।

**कहानी फिल्म जगत की**

# धुरंधर फर्स्ट लुक में दिखा रणवीर सिंह का गुस्सा...

## लोगों को खूब पसंद आ रहा है नया खिलजी...

रणवीर सिंह ने आदित्य धर द्वारा निर्देशित अपनी आगामी फिल्म के पहले लुक में अपना गुस्सा दिखाया है। प्रोमो के साथ ही धुरंधर की रिलीज डेट की भी घोषणा की गई। वैसे तो रणवीर ने अपने पूरे करियर में अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन यह फिल्म अब तक की उनकी किसी भी फिल्म से अलग है। बॉलीवुड कलाकार रणवीर सिंह-अभिनीत फिल्म 'धुरंधर' पांच दिसंबर को रिलीज होगी।

द सर्जिकल स्ट्राइक से प्रसिद्धि पाने वाले आदित्य धर के निर्देशन में बनी यह आगामी फिल्म जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत की गई है। निर्देशक आदित्य के साथ ज्योति देशपांडे और लोकेश धर भी इसके निर्माताओं में शामिल हैं।अभिनेता रणवीर सिंह के 40वें जन्मदिन पर फिल्म निर्माताओं ने इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म की पहली झलक सोशल मीडिया मंचों पर साझा की। इसमें रणवीर को गंभीर अवतार में दिखाया गया ।

### 'धुरंधर' में नया रणवीर प्रोमो में दिखा गुस्सा

*रणवीर सिंह ने आदित्य धर द्वारा निर्देशित अपनी आगामी फिल्म के पहले लुक में अपना गुस्सा दिखाया है। प्रोमो के साथ ही धुरंधर की रिलीज डेट की भी घोषणा की गई। वैसे तो रणवीर ने अपने पूरे करियर में अलग-अलग तरह की भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन यह फिल्म अब तक की उनकी किसी भी फिल्म से अलग है। बॉलीवुड कलाकार रणवीर सिंह-अभिनीत फिल्म 'धुरंधर' पांच दिसंबर को रिलीज होगी। निर्माताओं ने रविवार को इसकी जानाकरी दी।*






# पूर्णिया हत्याकांड पर सीएम व मंत्री इरफान ने जताई चिंता

नवीन मेल संवाददाता



● सीएम ने कहा, घटना को अंजाम देने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिले

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिहार के पूर्णिया में हुए जघन्य हत्याकांड मामले पर चिंता जताई है। कैबिनेट मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने भी इस घटना को मानवता पर कलंक बताया है। सीएम सोरेन ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया है कि इस कृत्य को जिसने भी अंजाम दिया है, उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। ज्ञात हो कि बिहार के पूर्णिया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रजीगंज पंचायत अंतर्गत टेटगमा गांव में 6 जुलाई की रात गांव के कुछ लोगों एक परिवार के पांच लोगों को डायन होने के शक में पीट-पीटकर जिंदा जला दिया गया था। इसमें घर का मुखिया, उसकी पत्नी, बेटा-बहू और उसकी वृद्ध मां की मौत हुई थी।

इधर, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने इस हृदयविदारक घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता पर कलंक और आदिवासी अस्मिता पर गहरा हमला करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित बिहार में आदिवासी समाज पूरी तरह असुरक्षित हो गया है और उनके जीवन की कोई गारंटी नहीं बची है। इस घटना को उन्होंने आदिवासी समाज की सुरक्षा, सम्मान और अस्तित्व के लिए एक सीधा खतरा बताया।

डॉ अंसारी ने राज्य के मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि झारखंड सरकार की ओर से एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल गठित किया जाए, जिसमें उन्हें भी शामिल किया जाए, ताकि वे मौके पर जाकर स्थिति का जायजा ले सकें और पीड़ित समुदाय की आवाज को प्रभावी रूप से उठा सकें। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कठोरतम सजा दिलवाने के लिए बिहार और केंद्र सरकार पर दबाव बनाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मुद्दे को शीर्ष प्राथमिकता पर लेते हुए संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ तत्काल कार्रवाई की अपील की है।

# केंद्र सरकार ने झारखंड को पूरी मदद की : प्रतुल

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झामुमो अपनी 6 वर्षों की सबसे असफल सरकार की विफलताओं को छुपाने के लिए केंद्र सरकार पर अनर्गल आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि केंद्र सरकार ने झारखंड को पूरी मदद की है। केंद्र ने झारखंड को 2024-25 के केंद्रीय बजट में रेलवे परियोजनाओं के लिए 9,853 करोड़ आवंटित किए हैं। जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और डीएमएफटी योजना के तहत भी झारखंड को केंद्र से मदद मिली है। झामुमो को केंद्र पर आरोप लगाने से पहले अपनी सरकार की विफलताओं पर ध्यान देना चाहिए। वित्त मंत्री ने खुद स्वीकार किया है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष के 3 महीने बीत जाने के बाद भी अनेक विभागों में खर्च शून्य है। प्रतुल ने कहा कि पूर्णिया की घटना अत्यंत दुखद है। बिहार सरकार ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की है और दोषियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। कहा कि झारखंड में अपराध दर बढ़ रही है, जिसमें आदिवासी बेटियां शिकार हो रही हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**रांची सदर अस्पताल में...**

रेडियोलॉजिस्ट एक्स-रे, सीटी स्कैन और एमआरआई की रिपोर्टों का मूल्यांकन कर संबंधित क्षेत्र और रोगियों को इमेज सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि यह योजना दो चरणों में कार्यान्वित की जाएगी। पहले चरण में राज्य के सभी सदर अस्पताल इस रेडियोलॉजी हब से जोड़े जाएंगे। इससे उन क्षेत्रों में जहां रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध नहीं हैं, वहां के मरीजों को समय पर रिपोर्ट मिल पाएगी और इलाज में देरी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर 1,21,27,100 रुपए का व्यय अनुमानित है, जिसे स्वीकृति मिल चुकी है। हब के माध्यम से टेक्नीशियनों को उन्नत प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे एक्स-रे, एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी तकनीकी प्रक्रियाएं बेहतर ढंग से संचालित कर सकें। यह हब 24 गुणा 7 टेलीरेडियोलॉजी रिपोर्टिंग केंद्र के रूप में काम करेगा।

**बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के...**

मख्यमंत्री सोरेन स्वास्थ्य योजना और कार्यक्रमों की समय-समय पर समीक्षा भी करते हैं और इसकी बेहतरी के लिए अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं।

**पीएम मोदी को मिलेगा एक और देश...**

वहीं, अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में भी प्रधानमंत्री मोदी को एक विशेष सम्मान से नवाजा गया था। उन्हें शहर की 'की टू द सिटी' भेंट की गई, जो भारत और अर्जेंटीना के बीच गहरी दोस्ती और विश्वास का प्रतीक है। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण और वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा पर पूरी दुनिया को एक खास संदेश दिया था। उन्होंने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पर्यावरण और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे अहम विषयों को प्राथमिकता देने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि पृथ्वी और मनुष्य का स्वास्थ्य एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। साझा चुनौतियों का हल सिर्फ साझे प्रयासों से ही संभव है। इस दौरान पीएम मोदी ने कोविड महामारी का उदाहरण दिया। पीएम मोदी ने कहा, ब्रिक्स में पर्यावरण पर चर्चा प्रासंगिक और समयानुकूल है। भारत के लिए क्लाइमेट चेंज और पर्यावरण सुरक्षा हमेशा से प्राथमिकता का विषय रहे हैं। क्लाइमेट चेंज सिर्फ ऊर्जा का विषय नहीं है। ये जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन का विषय है। उन्होंने कहा, जहां कुछ लोग इसे आंकड़ों में मापते हैं, भारत इसे संस्कारों में जीता है। भारतीय सभ्यता और संस्कृति में पृथ्वी को मां का दर्जा दिया गया है। इसीलिए जब पृथ्वी मां पुकारती है तो हम चुप नहीं रहते। हम अपनी सोच, अपने व्यवहार और अपनी जीवनशैली में बदलाव करते हैं।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**(लापता मुकेश कुमार उम्र- 21 वर्ष)**



गढ़वा थाना सनहा सं0–30/2025, दिनांक–06.03.2025 में लापता मुकेश कुमार, उम्र–21 वर्ष, पिता– अमृत रजवार, सा0–नारायणपुर, थाना+जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के रहने वाले हैं। उक्त लापता लड़का के भाई एवं आवेदक छोटू कुमार रजवार के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है इनका भाई मुकेश कुमार दिनांक– 29.02.2025 को कुम्भ मेला प्रयागराज जाने एवं वहाँ से वापसी के क्रम गलत ट्रेन पकड़ कर बरौनी चले जाने एवं वहाँ से गुम हो जाने के संबंध में थाना में आवेदन दिया गया है। उक्त लापता मुकेश कुमार का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता मुकेश कुमार किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया :– रंग–गोरा, भाषा–हिन्दी एवं स्थानीय,
पहनावा– जींस तथा टी शर्ट एवं जुता।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 356818 Police (25-26)_D


# राहुल से कांग्रेस के विधायक व मंत्री 14 को करेंगे मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** प्रदेश कांग्रेस भवन में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता रांची जिले से आने वाले कार्यकारी अध्यक्ष महासचिवों की बैठक में हुई। बैठक के बाद जानकारी देते हुए केशव कुमार कमलेश ने कहा कि आज की बैठक का उद्देश्य प्रदेश स्तर पर संगठन को व्यवस्थित करने और रखने के लिए आपसी समन्वय बनाने को लेकर था। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन में निचले स्तर तक समन्वय रखने, उनसे मिली सूचनाओं को साझा करने, समय समय पर विभिन्न वैधानिक निकायों की बैठकों में जाने, सरकार तथा अन्य स्रोतों से सूचनाओं मिलने, पत्राचार करने सहित अनेक कार्य होते हैं, सभी कार्यों को व्यवस्थित करने के लिए पांच सेक्शन का गठन किया जाएगा। एआईसीसी से पत्राचार करने, विधायक मंत्रियों से पत्राचार और संवाद के लिए एक सेक्शन, संगठन सृजन के तहत चल रहे कार्यक्रमों के लिए प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर तक के लिए एक सेक्शन, 20 सूत्री बोर्ड निगम सहित जितनी कमिटियां बनी हैं, उसका डाटा और कांग्रेसजनों के डाटा के लिए एक सेक्शन, ग्रामीण नगर निकाय के चुनाव के लिए एक सेक्शन बनाया जाएगा, ताकि सभी से संबंधित डाटा का संधारण तरीके से किया जा सके। ऐसे पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी जाएगी, जो संगठन में और कार्यालय में समय दे सकते हैं। केशव महतो कमलेश ने कहा कि 10 जुलाई 2025 को प्रदेश प्रभारी के. राजू की उपस्थिति में कांग्रेस विधायकों और पॉलीटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक होगी।

विधायकों की बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी और चर्चा के बाद उभरी राय को पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के समक्ष रखा जाएगा। इसके बाद आगामी 14 जुलाई 2025 को नेता राहुल गांधी से सभी विधायक और मंत्रीगण मुलाकात कर संगठन के कार्यों, कार्यक्रमों तथा झारखंड में कांग्रेस मंत्रियों द्वारा किए जा रहे कार्यों, झारखंड सरकार के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करेंगे और आवश्यकता अनुसार निर्देश प्राप्त करेंगे। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, विधायक सुरेश बैठा, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, संजय पांडे, अमूल्य नीरज खलको, सुरेंद्र सिंह, विनय सिन्हा दीपू, राजेश गुप्ता छोटू, सूर्यकांत शुक्ला, सोनाल शांति उपस्थित थे।


## जिला परिवहन कार्यालय, गढ़वा।

सूची में अंकित सभी वाहनों के वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि आपके वाहन का पथकर एवं दंड की राशि काफी समय से बकाया है जिसके कारण सरकार को राजस्व की हानी हो रही है।

अतः इस सूचना के माध्यम से आपको निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर आप अपने वाहन का बकाया पथकर एं दंड की राशि जमा कर पथकर का चालान कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा आपके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होगें।

| Sr. No | Registration No | Vehicle Cat. | Owner Name | Father Name | Complete Present Address | Arrear from | Arrear upto | Tax Amount | Tax Fine | Total Tax Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH14H8178 | HGV | MS ASHOK KUMAR | N/A | PL TA NO 1/97 PIPRA KALA,GARHWA,GAHRWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 23-Mar-2023 | 22-Sep-2025 | 50000 | 0 | 50000 |
| 2 | JH14C5790 | MGV | SANJEET KUMAR | S/O NOT AVILABLE | AT- HNO-86 MUKHYA TOLA NAGAR UNTARI,PS-DIST- GARHWA | 23-May-2018 | 22-May-2026 | 47940 | 2218 | 50158 |
| 3 | JH14B7424 | MGV | RAVI RANJAN PANDEY | S/O SRI GANGADHAR PANDEY | AT- H.NO- 69, VILL+PO- CHITVISHRAM,,PS-NAGAR UNTARI, DIST- GARHWA | 09-Sep-2016 | 08-Sep-2025 | 46146 | 7714 | 53860 |
| 4 | JH14A5736 | HGV | ANAND PRAKASHDDU BEY | S/O- SHRI UDAY SHANKAR DUBEY | AT+PO-GARHWA,PS-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 25-Oct-2021 | 24-Oct-2025 | 54400 | 0 | 54400 |
| 5 | OR14N1385 | HGV | UDAY PRAKASH YADAV | S/O SADHU YADAV | AT- MAHUDAND , PO- RATNAG,PS-HUSSAINABAD, DIST- PALAMU | 17-Aug-2021 | 16-Aug-2025 | 54400 | 0 | 54400 |
| 6 | OR14N9985 | HGV | VIJAY PD. YADAV | S/O SADHU YADAV | AT- MAHUDAND , PO- RATNAG,PS-HUSSAINABAD, DIST- PALAMAU | 17-Aug-2021 | 16-Aug-2025 | 54400 | 0 | 54400 |
| 7 | OR14Q6376 | HGV | AJAY KUMAR YADAV | S/O SHIV PUJAN YADAV | AT+PO+PS- BHAWANATHPUR,DIST-GARHWA | 17-Aug-2021 | 16-Aug-2025 | 54400 | 0 | 54400 |
| 8 | JH14D4058 | MGV | CHATURGUN CHOUDHARI | S/O VIFAN CHOUDHARI | AT HNO 127 DANDA PO DANDA,NEAR DURGA MANDIR DIST GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 24-Mar-2017 | 23-Mar-2026 | 48731 | 5968 | 54699 |
| 9 | JH14A7402 | HGV | SHIVNATH SINGH | S/O SUDARSHAN SINGH | C/O SANDIP KUMAR,WARD NO-6, JATPURA PO- BHOJPUR,PS- NAGAR UNTARI,GARHWA ,JHARKHAND,822121 | 24-Oct-2022 | 23-Jul-2025 | 55000 | 0 | 55000 |
| 10 | JH14A9966 | HGV | PUSHPOJIT MANDAL | BABULAL MANDAL | C/O PRAVIN KR SINGH S/O LT JAGDISH,NARAYAN SINGH SARKONI,KANDI,GARHWA ,JHARKHAND,822120 | 22-Dec-2022 | 21-Sep-2025 | 55000 | 0 | 55000 |
| 11 | JH14D1919 | HGV | NARAYAN YADAV | KANHAI YADAV | C/O MURLI SHYAM YADAV,KAILASH YADAV,WARD NO 8 BAURAHA OKHARGARA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 20-Oct-2022 | 19-Jul-2025 | 55000 | 0 | 55000 |
| 12 | JH14D8453 | HGV | MD ABDULAH | HABIB MIYAN | C/O MD KAUSAR S/O ATIKUR RAHMAN,RAMKANDA,,GARHWA ,JHARKHAND,822125 | 01-Jan-2023 | 30-Sep-2025 | 55000 | 0 | 55000 |
| 13 | JH14D7787 | MGV | MS SUNAINA DEVI | I/C NAVNEET KUMAR MEHTA | AT-PO- SUNDIPUR PS- KANDI,DIST-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 21-May-2016 | 20-Aug-2025 | 46342 | 8684 | 55026 |
| 14 | JH14A3717 | MGV | SANTOSH KUMAR GUPTA | RAM LAL GUPTA | WARD NO 20,IN FRONT RELIANCE PETROL PUMP,TANDWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 21-Feb-2019 | 20-Aug-2025 | 57200 | 0 | 57200 |
| 15 | BHH9947 | HGV | SHRI SUNIL KUMAR SHARMA | S/O SHRI JAY KUMAR SHARMA | AT-SONPURWA,PO-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 07-Feb-2021 | 06-Aug-2025 | 57600 | 0 | 57600 |
| 16 | JH14A3807 | MGV | BHANU PRATAP SAHI | LAL HEMANDRA PRATAP DEHATI | KADHWAN,PARSODIH,BHAWNATHPUR,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 23-Mar-2020 | 22-Mar-2026 | 57600 | 0 | 57600 |
| 17 | JH14E4656 | HGV | SANT KUMAR SINGH | S/O MAHENDRA SINGH | AT BODRA PO HARIGAWA,MANJHIAON DIST GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 15-Apr-2020 | 14-Jul-2025 | 58800 | 0 | 58800 |
| 18 | JH14A4473 | MGV | UPENDRA SINGH | S/O SANJAY KUMAR SINGH | AT-SONPURWA STATION ROAD,PO-PS-DIST- GARHWA | 08-Dec-2018 | 07-Sep-2025 | 58583 | 920 | 59503 |
| 19 | JH14A3737 | MGV | MR. ANDRES TIGGA | S/O MR. BILIM TIGGA | AT- BISHRAMPUR,,PS- RANKA, DIST-GARHWA | 28-May-2019 | 27-Aug-2025 | 60000 | 0 | 60000 |
| 20 | JH14B3251 | HGV | KESHAV KUMAR SINGH | AMBIKA DUTT SINGH | C/O AJAY KR SINGH S/O MUGESHWAR PD,SINGH RANKA HP PETROL PUMP,RANKA,GARHWA ,JHARKHAND,822125 | 27-Sep-2022 | 26-Sep-2025 | 60000 | 0 | 60000 |
| 21 | JH14B9717 | HGV | SURENDRA VISHWAKARMA | S/O BIKRAMA VISHWAKARMA | AT- 716 TANDWA NR PURAN CHAND,CHOWK, GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 11-Jan-2021 | 10-Jul-2025 | 61200 | 0 | 61200 |
| 22 | JH14B1557 | HGV | SATYA NARAYAN GUPTA | S/O- BHULE SAW | AT+PO+PS- GARHWA,DIST-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 29-Dec-2020 | 28-Sep-2025 | 64600 | 0 | 64600 |
| 23 | JH14C1532 | MGV | RAKESH KUMAR SINGH | S/O LATE BADRI NATH SINGH | AT- SARKONI, PO- SEMOURA,,PS- KANDI, DIST- GARHWA | 01-Dec-2018 | 31-Aug-2025 | 63860 | 1262 | 65122 |
| 24 | JH14A4103 | MGV | SMT SAROJ DEVI | W/ORAM BINAY TIWARI | AT-SAHIJNA,PO+PS-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 27-Oct-2018 | 26-Oct-2025 | 65752 | 2006 | 67758 |
| 25 | JH14D7559 | HGV | DHANJAY PRAJAPATI | SHAMBHU PRAJAPATI | GAURGARA,TAMGE KALAN RANKA,,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 16-Feb-2022 | 15-Aug-2025 | 70000 | 0 | 70000 |
| 26 | JH14F6655 | HGV | ASHOK KUMAR SINGH | RAJESHWAR SINGH | W.N0-11 RANKI MUHALLA,GARHWA,,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 17-Mar-2022 | 16-Sep-2025 | 70000 | 0 | 70000 |
| 27 | CG15ZC0283 | HGV | RAJESH KUMAR AGRAWAL | S/O BRIJBHUSHAN PD AGRAWAL | AT- JAILHATA, DALTONGAJ,WARD NO 20, PALAMAU,DALTONGANJ,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 30-Jun-2020 | 29-Sep-2025 | 71400 | 0 | 71400 |
| 28 | BRO1512 | HGV | SHRI BASANT KUMAR KESHARI | S/O-GAURI SHANKAR GUPTA | AT-CHOUDHRANA BAZAR GARHWA,PO+PS-GARHWA | 03-Sep-2019 | 02-Sep-2025 | 72000 | 0 | 72000 |
| 29 | JH14A4138 | MGV | MR. BINOD KUMAR SINGH | S/OLATE KAMLA SINGH | AT-SAHIJNA,PO+PS-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 06-Feb-2018 | 05-Aug-2025 | 66358 | 7572 | 73930 |
| 30 | JH14A3924 | MGV | PARSURAM PRASAD | S/O DHANU MAHTO | AT-CHIRAUNJIYA,PO-NAWADA PS-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 01-Aug-2017 | 31-Jul-2025 | 68188 | 11524 | 79712 |
| 31 | UP63E9379 | MGV | SANJAY KUMAR YADAV | S/O SH. NAGESHWAR YADAV | AT- REJO PO- BANA,PS- MERAL DIST-GARHWA | 12-Aug-2016 | 11-Aug-2025 | 64988 | 14946 | 79934 |
| 32 | JH14E6114 | HGV | AJAY SAH | RAMJIT SAH | BIRBAL,DHURKI,,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 13-Aug-2021 | 12-Aug-2025 | 80000 | 0 | 80000 |
| 33 | JH14A2067 | HGV | RAJESH KUMAR AGRAWAL | S/O BRAJ BHUSHAN PRASAD | AT+PO+PS- MANTU,DIST- PALAMAU, JHARKHAND,DALTONGANJ,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 04-Aug-2019 | 03-Aug-2025 | 81600 | 0 | 81600 |
| 34 | JH14A2068 | HGV | BASANT CHOUBEY | S/O LT. ISHWAR CHOUBEY | VILL- HOOR MADHEYA, PO- MADHEYA,PS-GARHWA, DIST-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 01-Oct-2019 | 30-Sep-2025 | 81600 | 0 | 81600 |
| 35 | JH14A3852 | MGV | DILIP PD. KAMLAPURI BHPC | S/O SHRI LT. KASHINATH | AT-H.NO.98,,PO-SONPURWA PS-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 15-Apr-2016 | 14-Jul-2025 | 65365 | 16916 | 82281 |
| 36 | JH14B8292 | HGV | SATYA PRAKASH | MUNNU KUMAR | BANSHIDHAR ROAD SABJI BAZAR,NAGAR UNTARI,NAGAR UNTARI,GARHWA ,JHARKHAND,822121 | 03-Sep-2022 | 02-Sep-2025 | 84000 | 0 | 84000 |
| 37 | JH14E2442 | HGV | JAIPAL YADAV | RAMJEE YADAV | BANAI,ASEHAR,PANKI,PALAMU,JHARKHAND,822118 | 21-Apr-2021 | 20-Jul-2025 | 85000 | 0 | 85000 |
| 38 | UP77A2948 | HGV | BASANT KESHRI | S/O-GOURI SANKAR GUPTA | AT-CHOUDHRANA BAZAR,PO+PS-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 13-Jun-2019 | 12-Sep-2025 | 85000 | 0 | 85000 |
| 39 | JH12B6290 | HGV | SANJAY KUMAR PANDEY | MAHABIR PRASAD PANDEY | SORDIHA,BISHRAMPUR,BISHRAMPUR,PALAMU,JHARKHAND,822132 | 01-Apr-2019 | 30-Sep-2025 | 88400 | 0 | 88400 |
| 40 | JH14A5318 | HGV | MR. SURENDRA RAUT | S/O | AT-BUKKA,PO+PS-BHAWNATHPUR,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 22-Mar-2019 | 21-Sep-2025 | 88400 | 0 | 88400 |
| 41 | JH14B5457 | HGV | SATYANARAYAN PRASAD GUPTA | S/O BHULETHAN SAH | AT- MAIN ROAD, NEAR SHIV MANDIR,CHUTIYA, RANCHI,RANCHI,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 06-Feb-2019 | 05-Aug-2025 | 88400 | 0 | 88400 |
| 42 | UP63C9510 | HGV | RAJESH KUMAR AGRAWAL | S/O BRAJBHUSHAN AGRAWAL | AT+PO+PS- MANATU,,DIST-PALAMAU,DALTONGANJ,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 26-Mar-2019 | 25-Sep-2025 | 88400 | 0 | 88400 |
| 43 | JH14E6710 | HGV | OMKARAN VEENARANJAN TIWARI | S/O KRISHNA KUMAR TIWARI | AT-WARD NO - 07 BAKOIA,DIST-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 30-Aug-2017 | 29-Aug-2025 | 80610 | 13632 | 94242 |
| 44 | JH14B9051 | HGV | SHIV PUJAN SAW | BAIDHNATH SAW | CHIRAUNJIYA,NAWADA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 18-Aug-2018 | 17-Aug-2025 | 91915 | 5572 | 97487 |
| 45 | JH14E8100 | HGV | ARUN YADAV | RAGHUPAT YADAV | C/O FIDA HUSAIN ANSARI S/O AHMAD,ALA ANSARI WARD NO 3 CHHAPARDAGA,BHIKHAHI,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 06-Apr-2022 | 05-Oct-2025 | 98000 | 0 | 98000 |
| 46 | JH14B9086 | HGV | PAPPU KHAN | EKRAR KHAN | MADARSHA ROAD,UNCHARI,,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 18-Aug-2021 | 17-Aug-2025 | 99200 | 0 | 99200 |
| 47 | JH14E8873 | HGV | SANDIP KUMAR TIWARI | S/O SURENDRA TIWARI | AT SALAUTA PS CHAINPUR,KMNI DIST PALAMAU,DALTONGAJ,PALAMU,JHARKHAND,0 | 30-Jul-2021 | 29-Jul-2025 | 99200 | 0 | 99200 |
| 48 | JH14G9785 | HGV | SANJAY KUMAR | LATE AMBIKA RAM | AT/PO- BELCHAMPA,PS-GARHWA,,GARHWA ,JHARKHAND,822124 | 03-Jul-2021 | 02-Jul-2026 | 100000 | 0 | 100000 |
| 49 | JH14E9839 | HGV | GIRIJA SHANKAR PANDEY | S/O LT BANARSI PANDEY | AT- DANDAI PO- DANDAI,PS- DANDI DIST-GARHWA,GAHRWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 15-Feb-2017 | 14-Aug-2025 | 82715 | 18828 | 101543 |
| 50 | JH14A4269 | MGV | ANIL TOPPO | S/O-JAGSAHAI TOPPO | AT-H.NO-53 JAMAULI,PS-KANJIYA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 05-Oct-2015 | 04-Oct-2025 | 76989 | 25550 | 102539 |
| 51 | MH361029 | HGV | MR SUBHASH UPADHYAY | MR KOUSHAL UPADHYAY | CHECHARIYA,SHIVPUR,KANDI,GARHWA ,JHARKHAND,822120 | 29-Apr-2020 | 28-Jul-2025 | 105000 | 0 | 105000 |
| 52 | JH14B4486 | HGV | RAJEEV RANJAN PRASAD | S/O VIJA PRASAD | AT- REHLA KALA,PO PS REHLA DIST PALAMAU,DALTONGANJ,PALAMU,JHARKHAND,0 | 28-Apr-2021 | 27-Jul-2025 | 105400 | 0 | 105400 |
| 53 | JH14E2304 | HGV | BASANT KUMAR APAT | SURENDRA APAT | C/O VIKASH KUMAR PANDEY,S/O AMRESH PANDEY BANSDOHAR,LESLIGANJ,PALAMU,JHARKHAND,822124 | 18-Sep-2022 | 17-Sep-2025 | 105600 | 0 | 105600 |
| 54 | UP75A8094 | HGV | MD. ALIM | S/O- MD MUSTAFA | AT - RANKI MUHALLA,PO+PS+DIST-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 01-Jan-2018 | 30-Sep-2025 | 97479 | 13332 | 110811 |
| 55 | JH14B1303 | HGV | VIKESH KUMAR SINGH | SOMENDRA SINGH | CHINYA ROAD,GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 20-Dec-2017 | 19-Sep-2025 | 97130 | 13730 | 110860 |
| 56 | JH06C5996 | HGV | CHANDRASHEKHAR SINGH | S/O- BADRI NARAYAN SINGH | AT- SARKONI, PO- SEMOURA,,PS-MANJHIAON, DIST-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 04-Dec-2017 | 03-Sep-2025 | 96810 | 14260 | 111070 |
| 57 | JH03A4616 | HGV | M/S MALIKARJUN NIRMARN | I/C MITHLESH KR PANDEY AND PT. | AT- REHLA KALA,PO,PS- REHLA , DIST-PALAMU,PALAMU,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 18-Sep-2017 | 17-Sep-2025 | 98632 | 16880 | 115512 |
| 58 | JH03A4636 | HGV | M/S MALIKARJUN NIRMAN | I/C MITHLESH KR PANDEY AND PT | AT- REHLA KAL , PO+PS- RHLA,DIST-PALAMU,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 18-Sep-2017 | 17-Sep-2025 | 98632 | 16880 | 115512 |
| 59 | CG12C1602 | HGV | SMT. URVASHI SHARMA | W/O DILIP KUMAR SHARMA | AT- SONPURWA, PO- GARHWA,,PS+DIST-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 01-Sep-2017 | 31-Aug-2025 | 98296 | 17444 | 115740 |
| 60 | JH14A4692 | HGV | SATYA PRAKASH | S/O SHRI BASANT KUMAR | AT- SABZI BAZAR,PO+PS-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 25-Aug-2017 | 24-Aug-2025 | 98250 | 17676 | 115926 |
| 61 | JH14B4686 | HGV | SAHID AKHTAR | ABDUL RAHMAN WARSI | IFTEKHAR AHMAD S/O KYAMUDDIN KHAN,KHARGARA HAIDARNAGAR,,PALAMU,JHARKHAND,822124 | 25-Nov-2020 | 24-Aug-2025 | 117800 | 0 | 117800 |
| 62 | JH14A5625 | HGV | SMT. POONAM SINGH | W/O MR. GIRINATH SINGH | AT-COURT ROAD GARHWA,PO+PS-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 12-Mar-2017 | 11-Sep-2025 | 101596 | 23246 | 124842 |
| 63 | JH14A4725 | HGV | SMT. PUNAM SINGH | W/O GIRINATH SINGH | AT- ARGERA HOUSING COLONY,PO+PS-ARGERA,RANCHI,GARHWA ,JHARKHAND,829124 | 09-Mar-2017 | 08-Sep-2025 | 101536 | 23346 | 124882 |
| 64 | JH14A7574 | HGV | DILIP KUMAR AGRAWAL | S/O-RAMLAKHAN PRASAD AGRAWAL | AT- RANKA ROAD, RANKI MOHALLA,PO+ PS - GARHWA, DIST-GARHWA,GARWHA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 24-May-2019 | 23-Aug-2025 | 125000 | 0 | 125000 |
| 65 | OR14L4740 | HGV | MR. SANJAY SINGH | S/O-RAJENDRA PRASAD SINGH | AT- MADHGARI (CH) , PO- PARSWAR,PS-BHANDARIYA, DIST-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 22-Jan-2017 | 21-Jul-2025 | 100698 | 24972 | 125670 |
| 66 | JH14B7787 | HGV | MANOJ KUMAR SINGH | BRAMHADEO SINGH | C/O KAUSHAL KR PANDEY,PANDIT TOLA,DUMRIYA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 18-Jan-2021 | 17-Jul-2025 | 126000 | 0 | 126000 |
| 67 | JH14A5837 | HGV | CHARITRA PRASAD | S/O RAM EQUBAL SAW | AT SINDURIYA PO PS BHAWNATHPUR,DIST GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 28-Nov-2016 | 27-Aug-2025 | 102948 | 26828 | 129776 |
| 68 | JH14A8682 | HGV | CHARITRA PRASAD | S/O- RAM GOPAL SAH | AT- SINDURIA PO-BHAWNATHPUR,PS-BHAWANTH PUR DIST-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 25-Oct-2016 | 24-Jul-2025 | 102303 | 27956 | 130259 |
| 69 | JH14A5717 | HGV | SMT NIRMALA SINGH | W/O - YASRAJ SINGH | AT KUCHERY ROAD GARHWA,PO+PS-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 23-Oct-2018 | 22-Jul-2025 | 132751 | 5946 | 138697 |
| 70 | MP20G5801 | HGV | SANJAY KUMAR | S/O AMBIKA RAM | AT+PO-BELCHAMPA ,,PS+DIST-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 02-Jun-2016 | 01-Sep-2025 | 106022 | 32830 | 138852 |
| 71 | UP75B9479 | HGV | MOZIBUR RAHMAN | S/O - | AT - UNCHARI,PO - GARHWA, PS+DIST-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 01-Apr-2016 | 30-Sep-2025 | 108273 | 34920 | 143193 |
| 72 | BR15A3616 | HGV | SMT RAKHI DUBEY | W/O-SHRI ANAND KR. DUBEY | AT+PO-CHINIYA ROAD,GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 18-Mar-2016 | 17-Sep-2025 | 107884 | 35384 | 143268 |
| 73 | JH14A0934 | HGV | RAJU URANV | LAKHAN URANV | AT- KUTKI , PO- BAHERA ,,DIST- CHATARA , JHARKHAND,CHATARA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 10-Feb-2016 | 09-Aug-2025 | 107143 | 36676 | 143819 |
| 74 | WB03B0361 | HGV | SUJIT KUMAR | S/O UPENDRA PRASAD KHATARI | AT- SAHIJANA, PO- GARHWA,PS+DIST-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 23-Sep-2018 | 22-Sep-2025 | 136789 | 7770 | 144559 |
| 75 | JH14E2867 | HGV | NAVDEEP KUMAR | S/O RAMKESAR PD | AT- MAIN ROAD TANDWA GARHWA,PO-PS-DIST- GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 28-Jun-2020 | 27-Sep-2025 | 147000 | 0 | 147000 |
| 76 | BRO7500 | HGV | AMRENDRA KUMAR AGRAWAL | S/O SITA RAM LAL AGRAWAL | AT- G.T ROAD SASARAM (ROHTAS),SASARAM (ROHTAS),SASARAM (ROHTAS),GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 01-Jan-2016 | 30-Sep-2025 | 109815 | 38004 | 147819 |
| 77 | UP636558 | HGV | DILIP KUMAR SHARMA | S/O-LATE KAMTA PRASAD | AT-VIKASH NAGAR,PO-RENUKOT,SONBHADRA (UP),GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 01-Jan-2016 | 30-Sep-2025 | 109815 | 38004 | 147819 |
| 78 | JH14C7868 | HGV | ABHINAV PRAKASH | S/O VIJAY PRAKASH | AT- H.NO-142, PURAND CHOWK TANDWA,PO+PS+DIST-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 22-Oct-2015 | 21-Jul-2025 | 108408 | 40392 | 148800 |
| 79 | JH14B5722 | HGV | FARID SHEKH | USMAN SHEKH | WARD NO2,JATRO BANJARI,DEVANKARA MANJHIAON,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 28-May-2019 | 27-Aug-2025 | 155000 | 0 | 155000 |
| 80 | JH14E1524 | HGV | IMAM KHAN | ALAHI KHAN | W.NO.2 NEAR KARBALA,SHARIF NAGAR UNCHRI,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 28-May-2019 | 27-Aug-2025 | 155000 | 0 | 155000 |
| 81 | JH14E6524 | HGV | SARFRAJ ALAM KHAN | MD SHAMIM KHAN | WARD NO 13 KHONHAR,BELHARA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 28-May-2019 | 27-Aug-2025 | 155000 | 0 | 155000 |
| 82 | MP18GA0804 | HGV | ELAHI BUX KHAN | S/O KHUDA BUX KHAN | AT- UNCHARI PO PS GARHWA,DIST GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 28-Feb-2018 | 27-Aug-2025 | 141791 | 20248 | 162039 |
| 83 | JH14A6108 | HGV | GHANSHYAM SINGH | LATE RAMDEO SINGH | AT- HARIHARPUR, PO- JAIHIND,TENDUA, PS- MALI, DIST-AURANGABAD,BIHAR,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 25-Jul-2017 | 24-Jul-2025 | 146488 | 33198 | 179686 |
| 84 | JH14D0963 | HGV | ASHISH RANJAN | S/O CHANDESHWAR KUMAR MEHTA | AT WARD NO 4 VILL PANDRIYA,CHAPRI PS BHAWNATHPUR DIST GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 18-Jun-2019 | 17-Sep-2025 | 185000 | 0 | 185000 |
| 85 | JH14A7024 | HGV | SHRI ABHISHEKH KUMAR | S/O-SHRI GIRJA SINGH | AT-RAMNAGAR,PO+PS-GUMLA,GUMLA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 14-May-2017 | 13-Aug-2025 | 149581 | 37494 | 187075 |
| 86 | JH14A7025 | HGV | SMT POONAM SINGH | W/O-GAJENDRA PRASAD SINGH | AT-LANJI G.N.SINGH,AT+PO+PS-GUMLA,GUMLA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 14-May-2017 | 13-Aug-2025 | 149581 | 37494 | 187075 |
| 87 | JH14A5715 | HGV | SMT. POONAM SINGH | W/O- GIRINATH SINGH | AT-COURT ROAD GARHWA,PO+PS-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 23-Apr-2017 | 22-Jul-2025 | 149173 | 38790 | 187963 |
| 88 | JH14A5718 | HGV | SMT. POONAM SINGH | W/O- GIRINATH SINGH | AT-COURT ROAD GARHWA,PO+PS-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 23-Apr-2017 | 22-Jul-2025 | 149173 | 38790 | 187963 |
| 89 | JH14C6900 | HGV | ARVIND KUMAR VISHWAKARMA | S/O SARYU VISHWAKARMA | AT- LAKA BARDIHA, PO+PS-GARHWA,DIST-GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 22-Apr-2017 | 21-Jul-2025 | 149147 | 38848 | 187995 |
| 90 | JH14D0899 | HGV | DEEPAK VISHWAKARMA | S/O RAM CHANDRA VISHWAKARMA | AT AUKHARGARA MERAL,DIST GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 12-Dec-2016 | 11-Sep-2025 | 155680 | 46736 | 202416 |
| 91 | JH14C6786 | HGV | SHAMBHU SINGH | KRISHNA SINGH | C/O FIROJ AKHTAR S/O SULEMAN AKHTAR,UNCHARI,UNCHARI,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 07-Oct-2018 | 06-Oct-2025 | 203660 | 11008 | 214668 |
| 92 | JH14E0348 | HGV | AMRESH KUMAR SINGH | S/O AWADHESH KUMAR SINGH | AT SEWADH PO SEWADIH,PS RANKA DIST GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 30-Oct-2017 | 29-Jul-2025 | 179157 | 35638 | 214795 |
| 93 | JH14D8107 | HGV | UDAY KUMAR SINGH | S/O RAJESHWAR SINGH | AT 180 RANKI MUHALLA GARHWA,DIST GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,822114 | 26-Dec-2015 | 25-Sep-2025 | 166969 | 67808 | 234777 |
| 94 | JH14D7670 | HGV | MANOJ YADAV | S/O LT KESHRI YADAV | AT- SUKHNADI PO- ADAR,PS- MANJHIAON DIST- GARHWA,GARHWA,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 29-Mar-2017 | 28-Sep-2025 | 191554 | 52308 | 243862 |
| 95 | JH14C2329 | HGV | ANAND SHANKAR | S/O LATE JYOTIN PRAKASH | AT- HOTEL JYOTILOK, PO-DALTONGANJ,PS- DALTONGANJ, DIST-PALAMAU,DALTONGANJ,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 05-Sep-2016 | 04-Sep-2025 | 197783 | 68366 | 266149 |
| 96 | JH14C2330 | HGV | ANAND SHANKAR | S/O LATE JYOTIN PRAKASH | AT- HOTEL JYOTILOK, PO-DALTONGANJ,PS- DALTONGANJ, DIST-PALAMAU,DALTONGANJ,GARHWA ,JHARKHAND,999999 | 05-Sep-2016 | 04-Sep-2025 | 197783 | 68366 | 266149 |

निर्धारित समय सीमा के अंदर बकाया राशि जमा नहीं करने की स्थिति में आपके वाहन को जब्त कर मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए राशि की वसूली की जायेगी।

ह0/–
जिला परिवहन पदाधिकारी,गढ़वा।

PR 356805 Transport(25-26)D

## जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज कुंदाई माटिगिमु पर आईसीसी की कार्रवाई



**बुलावायो।** जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज कुंदाई माटिगिमु को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। इसके चलते माटिगिमु पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दोनों टीमों के बीच क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में यह मुकाबला खेला जा रहा है। यह घटना दक्षिण अफ्रीकी पारी के 72वें ओवर की है। मुकाबले के पहले दिन माटिगिमु ने अपने फॉलो-थ्रू में गेंद को फील्ड किया और बल्लेबाज लुआन-डी प्रीटोरियस की ओर फेंका, जो करीब से उनकी कलाई पर लगी। इस घटना के बाद, माटिगिमु को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अनुचित/खतरनाक तरीके से किसी खिलाड़ी पर या उसके पास गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान) फेंकने' से संबंधित है। यह आरोप मैदानी अंपायर्स के साथ थर्ड और फोर्थ अंपायर ने लगाया।

## डिमिट्रोव के रिटायर होने से क्वार्टरफाइनल में पहुंचे जैनिक सिनर

**लंदन।** विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में सोमवार को खेले गए मुकाबले में विश्व नंबर एक जैनिक सिनर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए, जब बुल्गारिया के अनुभवी खिलाड़ी ग्रिगोर डिमिट्रोव चोट के चलते मैच से रिटायर हो गए। डिमिट्रोव ने शुरुआती दो सेटों में शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबले में 6-3, 7-5, 2-2 की बढ़त बना ली थी, लेकिन फिर उन्हें पेक्टोरल (सीने की मांसपेशियों) में चोट के कारण खेल बीच में ही छोड़ना पड़ा। सिनर, जिन्होंने सेंटर कोर्ट पर खेले गए इस मैच से पहले लगातार 36 गेम्स में अपनी सर्व नहीं गंवाई थी, उन्हें डिमिट्रोव ने पहले ही गेम में ब्रेक करते हुए 2-0 की बढ़त बना ली। 34 वर्षीय डिमिट्रोव ने पहला सेट आसानी से जीतकर दर्शकों को चौंका दिया। दूसरे सेट के दौरान एक गिरावट में सिनर की दाहिनी कोहनी में चोट लग गई, जिसके चलते उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया। हालांकि, डिमिट्रोव ने भी इस दौरान अपना एक सर्व गंवाया लेकिन फिर भी उन्होंने दूसरा सेट जीत लिया और मुकाबले में बढ़त बरकरार रखी। तीसरे सेट में स्कोर जब 2-2 पर था, तभी डिमिट्रोव सर्व करने के बाद अचानक गिर पड़े और दर्द में कराहते हुए कोर्ट पर लेट गए। वे अपने आंसू रोक नहीं पाए और अंततः उन्हें मैच छोड़ने का फैसला करना पड़ा। इस अप्रत्याशित मोड़ से सिनर को राहत मिली और वह विंबलडन 2025 के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर गए।

## मैक्सवेल-स्टोइनिस के संन्यास के बावजूद वनडे में वापसी को तैयार नहीं टिम डेविड



**पर्थ।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर टिम डेविड ने वनडे क्रिकेट से ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस के संन्यास के बाद इस प्रारूप में वापसी की संभावना से इनकार किया है। ऑस्ट्रेलिया ने वनडे विश्व कप-2027 के लिए अपनी टीम में बदलाव किया है, ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं को लगता है कि टी20 में अपने आक्रामक खेल के लिए मशहूर डेविड के पास टीम में वापसी का मौका है। टिम डेविड ने 'बीबीएल' में होबार्ट हरिकेंस के साथ अपना करार दो सीजन के लिए बढ़ा दिया है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में उनके पास कोई डोमेस्टिक कॉन्ट्रैक्ट नहीं है। टिम डेविड ने नवंबर 2021 में तस्मानिया के लिए डोमेस्टिक वनडे-कप के सिर्फ एक मैच में हिस्सा लिया और सिंगापुर का प्रतिनिधित्व करने से पहले 2017-18 में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के साथ अपने 'रूकी कॉन्ट्रैक्ट' के बाद से कोई डोमेस्टिक डील नहीं की है। साल 2023 में अपने आखिरी वनडे के बाद से उन्होंने कोई भी 50 ओवर का लिस्ट-ए मैच नहीं खेला है।

# तीन बल्लेबाजों ने अभी तक इस सीरीज में बना चुके हैं 300 प्लस रन










**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है, जिसके शुरुआती दो मुकाबलों ने फैंस का जमकर मनोरंजन किया है। इस दौरान रनों की बरसात देखने को मिली है। आइए, उन तीन खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं, जो इस सीरीज में 300 से ज्यादा रन जोड़ चुके हैं। **शुभमन गिल (585 रन):** गिल ने चार पारियों में अब तक 146.25 की औसत के साथ कुल 585 रन बनाए हैं। इस दौरान गिल के बल्ले से 12 छक्के और 63 चौके निकले हैं। गिल ने लीड्स में खेले गए टेस्ट की पहली पारी में 147 रन बनाए थे। अगली इनिंग में उनके बल्ले से महज आठ रन निकले। इसके बाद एजबेस्टन टेस्ट में गिल ने 269 रन जड़े। अगली पारी में उन्होंने 161 रन बना दिए। इसी मैच में उन्होंने बतौर कप्तान भारत को एजबेस्टन में पहली जीत दिलाई। **जेमी स्मिथ:** इंग्लैंड के इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने सीरीज के शुरुआती दो मुकाबलों में 356 रन बना लिए हैं। इस दौरान उनका औसत 178 रहा। स्मिथ सीरीज में 11 छक्के और 39 चौके जड़ चुके हैं। जेमी ने लीड्स टेस्ट की पहली पारी में 40 रन बनाए। इसके बाद अगली पारी में वह 44 रन बनाकर नाबाद रहे। दूसरे टेस्ट में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। स्मिथ ने पहली पारी में नाबाद 184 रन जड़ते हुए हैरी ब्रूक (158) के साथ छठे विकेट के लिए 303 रन जोड़े। दोनों बल्लेबाजों ने टीम को उस वक्त संभाला, जब इंग्लैंड 84 रन तक अपने पांच विकेट गंवा चुकी थी। अगली पारी में स्मिथ ने 88 रन जड़े, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके। **ऋषभ पंत:** भारत के इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने चार पारियों में 85.50 की औसत के साथ 342 रन बना लिए हैं, जिसमें 13 छक्के और 36 चौके शामिल हैं। पंत ने लीड्स टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाए। उन्होंने पहली पारी में 134, जबकि दूसरी पारी में 118 रन जड़े। पंत इंग्लैंड में टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले पहले भारतीय भी बन गए। इसके बाद एजबेस्टन टेस्ट की पहली पारी में पंत महज 25 रन पर आउट हो गए थे, जिसके बाद अगली पारी में उन्होंने अर्धशतक लगाते हुए 65 रन बनाए।

## तीसरे टेस्ट में जोफ्रा आर्चर को शामिल करने का चांस लेना होगा : जेम्स एंडरसन



**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच जीतने के बाद दूसरा मुकाबला 336 रनों के बड़े अंतर से हार गई है। सीरीज के तीसरे मैच से पहले इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने मेजबान टीम को अपने पेस अटैक में जोफ्रा आर्चर को शामिल करने की सलाह दी है। एंडरसन के अनुसार, मेजबान टीम को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को शामिल करके एक चांस लेना चाहिए। बेन स्टोक्स की अगुआई में इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में यह मुकाबला खेलेगी। भारत ने सीरीज का पहला मैच पांच विकेट से गंवाया था, जिसके बाद उसने एजबेस्टन में 336 रन से जीत दर्ज की। यह टेस्ट इतिहास में भारत की इस मैदान पर पहली जीत रही। फिलहाल पांच मुकाबलों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर है।

## एंजेल दी मारिया की घर वापसी, दो दशक बाद रोसारियो सेंट्रल से जुड़े

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर एंजेल दी मारिया ने लगभग दो दशकों बाद अपने घरेलू क्लब रोसारियो सेंट्रल में वापसी कर अपने सपने को साकार किया है। 37 वर्षीय दी मारिया को सोमवार को रोसारियो शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आधिकारिक रूप से क्लब के नए खिलाड़ी के रूप में पेश किया गया। भावुक दी मारिया ने कहा, "यह मेरे लिए बेहद खूबसूरत पल है। यह वो सपना है जो मैं लंबे समय से देख रहा था। मैं पहले आना चाहता था, लेकिन संभव नहीं हो पाया। आज मैं यहां हूं, अपने परिवार के साथ, खुश हूं।"दी मारिया ने पुर्तगाली क्लब बेनफिका के साथ अपना अनुबंध समाप्त होने के बाद फ्री ट्रांसफर के तहत रोसारियो सेंट्रल से एक साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें विस्तार का विकल्प भी शामिल है। गौरतलब है कि दी मारिया ने अपने पेशेवर करियर की शुरुआत 2005 में रोसारियो सेंट्रल से की थी। इसके बाद उन्होंने बेनफिका, रियल मैड्रिड, मैनचेस्टर यूनाइटेड, पेरिस सेंट जर्मेन और जुवेंटस जैसे दिग्गज यूरोपीय क्लबों के लिए खेला।

## बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तानी टीम का ऐलान



**एजेंसी। लाहौर**

पाकिस्तानी ऑलराउंडर शादाब खान और तेज गेंदबाज हारिस रऊफ को चोटिल होने के चलते बांग्लादेश के खिलाफ टी20 दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को टीम का ऐलान किया, जिसमें सलमान अली आगा को टीम की कमान सौंपी गई। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज 20-24 जुलाई के बीच खेली जाएगी। सभी मैच ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेल जाएंगे। उप कप्तान शादाब ने हाल ही में यूके में अपने दाएं कंधे की सफल सर्जरी करवाई थी। वह इससे रिकवरी कर रहे हैं। ारिस रऊफ सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स की ओर से मेजर क्रिकेट लीग खेल रहे थे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## सोने की कीमत में उछाल, चांदी के दाम भी 900 रुपए से ज्यादा बढ़े

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली। 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर फिर से 97,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब आ गई है और चांदी की कीमत में भी 900 रुपए से ज्यादा का उछाल दर्ज किया गया।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के अनुसार, 24 कैरेट के सोने की कीमत 96,972 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि सोमवार शाम को जारी कीमत, 96,596 रुपए प्रति 10 ग्राम से 376 रुपए अधिक है।

22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 88,871 रुपए हो गई है, जो कि पहले 88,482 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 72,766 रुपए हो गया है, जो कि पहले 72,447 रुपए प्रति 10 ग्राम था।



आईबीजेए की ऑफिशियल वेबसाइट पर सोने और चांदी की कीमतों को दिन में सुबह और शाम दो बार अपडेट किया जाता है।

सोने के साथ चांदी की कीमत में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। चांदी की कीमत 969 रुपए बढ़कर 1,07,500 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि इससे पहले के कारोबारी दिन शाम को 1,06,531 रुपए प्रति किलोग्राम थी।

## भारत की जीडीपी लंबे समय तक अच्छा प्रदर्शन करेगी : कुलकर्णी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत है और लंबे समय तक अन्य अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करेगी। यह बयान एचएसबीसी म्यूचुअल फंड के सीईओ कैलाश कुलकर्णी की ओर से मंगलवार को दिया गया।

समाचार एजेंसी आईएएनएस से एक्सक्लूसिव बातचीत करते हुए कैलाश कुलकर्णी ने कहा, "हमारा मानना है कि लंबी अवधि में भारत की अर्थव्यवस्था काफी अच्छा प्रदर्शन करेगी। मौजूदा समय में भी भारत लगातार अन्य अर्थव्यवस्थाओं से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और यह ट्रेड लंबे समय तक जारी रहेगा।"

उन्होंने आगे कहा कि सरकार की ओर से कई सारी चीजों विशेषकर मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटाइजेशन को समर्थन दिया जा रहा है, जिससे देश की विकास दर को बढ़ने में मदद मिल रही है।

> "लोग समझ गए हैं कि अगर लंबी अवधि के नजरिए से छोटी राशि से अनुशासन के साथ निवेश किया जाए, तो वह आगे बढ़ सकते हैं।"



एचएसबीसी म्यूचुअल फंड के सीईओ ने आगे कहा, "देश में प्रति व्यक्ति आय तेजी से ऊपर जा रही है। वहीं, सरकार द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया जा रहा है। इस कारण आने वाले वर्षों में कंज्यूमर, फाइनेंशियल, कैपिटल गुड्स और इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर तेज वृद्धि दिखा सकते हैं।" म्यूचुअल फंड एसआईपी के ऑल-टाइम हाई होने पर कुलकर्णी ने कहा, "आठ से दस साल पहले एसआईपी लोगों को बेचनी पड़ती थी, लेकिन अब समय बदल गया है लोग एसआईपी (सिस्टमैटिक इंवेस्टमेंट प्लान) के जरिए स्वयं निवेश करना चाहते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "लोग समझ गए हैं कि अगर लंबी अवधि के नजरिए से छोटी राशि से अनुशासन के साथ निवेश किया जाए, तो वह आगे बढ़ सकते हैं।"

कुलकर्णी के अनुसार, एसआईपी का ट्रेंड आने वाले समय में और बढ़ेगा, क्योंकि टियर 3 और टियर 4 शहरों में एसआईपी की ग्रोथ रेट टियर 1 और 2 शहरों की अपेक्षा काफी अधिक है।

एम्फी के डेटा के मुताबिक,एसआईपी इनफ्लो मई में 26,688 करोड़ रुपए पर था, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

वैश्विक अस्थिरता के लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कुलकर्णी ने कहा, "यह पहली बार नहीं है जब हमने अस्थिरता देखी है। हमारे पास पहले भी भू-राजनीतिक मुद्दे रहे हैं। 2008 में हमें वैश्विक वित्तीय संकट का सामना करना पड़ा था। उससे पहले, 2000 में आईटी संकट आया था। इस सभी संकटों के दौरान भी बाजार में तनाव देखा गया।"

आगे कहा, "लेकिन जो व्यक्ति इस पूरी अस्थिरता के दौर में बाजार में टिका रहा और निवेशित रहा है, उसे वास्तव में बाजार से लाभ हुआ है।

## निष्क्रिय जनधन खातों को बंद करने की रिपोर्ट्स का सरकार ने खंडन किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) और वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को निष्क्रिय पीएम जन धन योजना खातों को बंद करने की रिपोर्ट्स का खंडन किया।

वित्तीय सेवा विभाग ने बयान जारी कर कहा, "उसने बैंकों से निष्क्रिय प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने के लिए नहीं कहा है।" कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि सरकार ने प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत आने वाले ऐसे खातों को बंद करने का निर्देश दिया है, जिसमें पिछले 24 महीनों में कोई लेनदेन नहीं हुआ है।






रिपोर्ट्स में बताया गया कि सरकार की ओर से यह कदम इन खातों के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए किया जा रहा है।

इसके अलावा सरकार ने बताया कि डीएफएस द्वारा 1 जुलाई से पूरे देश में जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना को अपनाने के लिए तीन महीने का एक अभियान शुरू किया गया है। बैंक इस अभियान के दौरान सभी देय खातों का पुनः केवाईसी भी करेंगे।

## यूएई अधिकारियों ने किया स्पष्ट, सरकारी नियमों और जांच प्रक्रिया के अधीन है गोल्डन वीजा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि गोल्डन वीजा एक सरकारी योजना है, जिसे तय नियमों और जांच प्रक्रिया के तहत ही मंजूरी दी जाती है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि चाहे आवेदन सीधे किया गया हो या किसी अधिकृत एजेंट के जरिए, अंतिम फैसला यूएई सरकार ही लेती है।

बयान के अनुसार, "यूएई सरकार कई आधारों पर गोल्डन वीजा दे सकती है, जिसमें 2 मिलियन दिरहम तक के रियल एस्टेट निवेश, व्यवसाय स्वामित्व और विज्ञान, चिकित्सा, कला, संस्कृति, मीडिया और खेल जैसे क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान शामिल हैं। हालांकि यह सिर्फ लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।"हाल ही में कुछ रियल एस्टेट कंपनियों ने यह भ्रम फैला



दिया था कि कोई भी भारतीय नागरिक सिर्फ एक बार की फीस देकर प्रॉपर्टी खरीदने पर गोल्डन वीजा पा सकता है। सरकार ने अब यह स्पष्ट कर दिया है कि यह पात्रता स्वचालित नहीं है। इसके लिए सरकारी जांच और मंजूरी जरूरी है। इंडिया सोथबी इंटरनेशनल रियल्टी के अंतरराष्ट्रीय निदेशक आकाश पुरी के अनुसार, इस बदलाव का भारतीय रियल एस्टेट निवेशकों पर दोहरा असर होगा। पहले लोग केवल लंबी अवधि की रेजीडेंसी के लिए प्रॉपर्टी में निवेश करते थे।

## शेयर बाजार हरे निशान में बंद, सेंसेक्स 270 अंक उछला

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 270.01 अंक या 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 83,712.51 और निफ्टी 61.20 अंक या 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,522.50 पर बंद हुआ। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 100.30 अंक या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,415.45 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 54.95 अंक या 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,895.20 पर बंद हुआ। सेक्टोरल आधार पर आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा और कमोडिटी हरे निशान में बंद हुए, जबकि ऑटो, पीएसयू बैंक, फार्मा, एफएमसीजी और मेटल इंडेक्स पर दबाव देखा गया। सेंसेक्स पैक में कोटक महिंद्रा बैंक, इटरनल, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स थे।